# हरिभूमि

नई दिल्ली

नई दिल्ली, शुक्रवार 22 नवंबर 2019

मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष,
दशमी+एकादशी वर्ष : 23, अंक : 246
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00 *

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 26.2
न्यूून. 10.6



11 भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 5-0 से हराया

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू होगा ऐतिहासिक डे-नाइट टेस्ट मैच




**कोलकाता।** भारत और बांग्लादेश के बीच सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स स्टेडियम में आज से शुरू होगा। यह मैच शुक्रवार यानी 22 नवंबर से खेला जाएगा जो कई मायनों में खास है। विराट कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया ने पहला टेस्ट 3 दिन में ही जीत लिया था और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली थी। भारत और बांग्लादेश के बीच यह मुकाबला डे-नाइट फॉर्मेट में खेला जाएगा।

### गूगल ने दुरुपयोग रोकने के लिए राजनीतिक विज्ञापन नीति कड़ी की



**सान फ्रांसिस्को।** गूगल ने राजनीतिक विज्ञापनों के संबंध में अपनी नीति को सख्त बना दिया है। दरअसल अंदेशा है कि मतदाताओं को प्रभावित करने के इरादे से और गलत जानकारी फैलाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का गलत इस्तेमाल हो सकता है, जिसके चलते इस तरह के प्लेटफॉर्म पहले से दबाव में हैं। इंटरनेट कंपनी का कहना है कि उसके नियम किसी भी विज्ञापनदाता को गलत जानकारी देने से रोकते हैं।

### संसद में चुनावी बॉण्ड और पीएसयू में विनिवेश पर हंगामा



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** संसद के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने दोनों सदनों में चुनावी बॉण्ड के मुद्दे पर केंद्र सरकार को जमकर हंगामा किया। इस हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही के स्थगित करने से शून्यकाल नहीं हो सका। वहीं इस मुद्दे पर केंद्र सरकार पर सवाल खड़े कर हंगामा करते कांग्रेस के सदस्यों ने सदन से वाकआउट कर दिया।

## नजरिया



## महाराष्ट्र में सरकार गठन का रास्ता लगभग साफ

# कांग्रेस-एनसीपी हुई सहमत शिवसेना से फाइनल चर्चा आज

- राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर कांग्रेस नेताओं की हुई बैठक
- सीएम शिवसेना से, बड़े मंत्रालयों पर एनसीपी और कांग्रेस की नजर
- सब कुछ ठीक ठाक रहा तो तीनों दल कल राज्यपाल से करेंगे मुलाकात

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर गुरुवार को कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चह्वाण ने कहा कि राकांपा-कांग्रेस के बीच सभी मुद्दों पर चर्चा के बाद आम सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मुंबई में एक बार चुनाव पूर्व गठबंधन के सहयोगियों से चर्चा की जाएगी। इसके बाद राकांपा और कांग्रेस मिलकर शिवसेना से बातचीत करेगी और सहमति बनने पर हम गठबंधन के स्वरूप के बारे में बताएंगे।

सूत्रों का कहना है कि शुक्रवार को ही मुंबई में सरकार गठन तथा इसकी पूरी रूपरेखा के बारे में घोषणा की जा सकती है। गुरुवार को हुई बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल, जयराम रमेश और मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल थे। राकांपा की तरफ से प्रफुल्ल पटेल, सुप्रिया सुले, अजीत पवार, जयंत पाटिल और नवाब मलिक शामिल हुए। इससे पहले कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारण इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ सरकार गठन के लिए आगे बढ़ने को लेकर गुरुवार को स्वीकृति प्रदान कर दी। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शिवसेना के साथ सरकार बनाने की मंजूरी दे दी है। तीनों दलों के विधायकों के समर्थन की चिट्ठी शनिवार को राज्यपाल को सौंपेंगे। फिलहाल उनसे मुलाकात का समय मांगा जाएगा। कांग्रेस और राकांपा के वरिष्ठ नेताओं ने बुधवार को भी मैराथन बैठक की थी और इसके बाद ऐलान किया था कि वे जल्द ही राज्य में शिवसेना के साथ मिलकर नयी सरकार का गठन करेंगे।

> महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर एनसीपी और कांग्रेस में गुरुवार को चर्चा हुई। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि सबकुछ ट्रैक पर है और आज शुक्रवार को मुंबई में इस मसले पर फिर से चर्चा होगी। इसके बाद राकांपा और कांग्रेस मिलकर शिवसेना से बातचीत करेगी और सहमति बनने पर हम गठबंधन के स्वरूप के बारे में बताएंगे।



### राकांपा-कांग्रेस नेताओं के बीच 3 घंटे तक चली बैठक

दिल्ली में महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर बुधवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार के आवास पर कांग्रेस और राकांपा नेताओं के बीच करीब 3 घंटे बैठक चली। इसके बाद कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चह्वाण ने कहा, "कांग्रेस-राकांपा के बीच लंबी और सकारात्मक बातचीत हुई। मुझे उम्मीद है कि हम लोग जल्द ही राज्य में एक स्थिर सरकार बनाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राकांपा नेता गुरुवार को फिर से अपने-अपने नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद हम दोपहर में मिलेंगे।

**1 दिसंबर से पहले महाराष्ट्र में सरकार के गठन पर अंतिम निर्णय होगा: राउत**



शिवसेना नेता संजय राउत ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिसंबर से पहले महाराष्ट्र में एक स्थायी सरकार बनेगी और इस पर अंतिम निर्णय एक या दो दिन में हो जाएगा। शिवसेना और कांग्रेस-राकांपा के बीच लगातार बातचीत का दौर जारी है। राउत ने कहा कि वह राकांपा अध्यक्ष शरद पवार से आज मिलेंगे।

## फीस बढ़ोतरी को लेकर निकाला मार्च

# अब जेएनयू छात्रों को मिला डूसू का साथ



**नई दिल्ली।** जेएनयू छात्रों द्वारा फीस बढ़ोतरी को लेकर किये जा रहे आंदोलन में अब दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) का छात्र संघ भी साथ देने के लिए आ गया है। बृहस्पतिवार को जेएनयू और डीयू के छात्र संगठन डूसू ने एक साथ मार्च करते हुए इस सहयोग की शुरूआत की। मंडी हाउस से शुरू हुआ छात्रों का मार्च जब एचआरडी मंत्रालय के सामने धरना देने के लिए निकला तो संसद मार्ग पर रोक लिया गया। इन सभी की ओर से मांग की गई कि फीस वृद्धि को तुरंत वापस लिया जाए। हाथ में पोस्टर बैनर के साथ छात्रों ने कहा कि यूनिवर्सिटी के 40 फीसदी छात्र ऐसे हैं जो इस बढ़ी हुई फीस को वहन नहीं कर सकते हैं। जेएनयू के छात्रों की फीस वृद्धि की वापसी के साथ-साथ, वाइस चांसलर को हटाने और दिल्ली पुलिस के खिलाफ एक्शन की मांग भी करते रहे हैं। हालांकि एबीवीपी के छात्रों ने कहा कि उनकी मांग सिर्फ बढ़ी हुई फीस को वापस लेने की है।

### यह उच्च शिक्षा की लड़ाई

*दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया, 'डूसू ने जेएनयू को समर्थन करने का फैसला किया है। यह लड़ाई उच्च शिक्षा के लिए है। सस्ती शिक्षा अधिकार है और ये विशेषाधिकार नहीं है। जेएनयू और डीयू के छात्र एचआरडी मंत्रालय तक एक साथ मार्च निकालेंगे। यह मार्च मंडी हाउस से निकाला जाएगा।*

### मूवमेंट को गलत दिशा: एबीवीपी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्टेट सेक्रेटरी सिद्धार्थ ने कहा कि परिषद हमेशा से ही जेएनयू के साथ फीस वृद्धि के खिलाफ खड़ा रहा है, लेकिन जिस तरीके से इस मूवमेंट को गलत दिशा में ले जाया गया और उस पर राजनीतिक रोटियां सेंकी गईं, इसको ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को एबीवीपी और जेएनयूएसयू से हटकर अपना अलग प्रोटेस्ट कर रही है, जो एमएचआरडी ने हाई पावर कमेटी बनाई है हम उसे रिजेक्ट करते हैं। जेएनयू के वीसी और नेता इसे सीधे डील करें। जेएनयूएसयू ने हाई पावर कमेटी के सामने अपने घुटने टेक दिए हैं।

## व्यापमं घोटाला मालमा: सीबीआई कोर्ट ने सुनाया फैसला

# सभी 31 आरोपी दोषी करार 25 को होगा सजा का ऐलान

**भोपाल।** 2013 में व्यापमं पुलिस भर्ती मामले में हुए घोटाले में स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने सभी 31 आरोपियों को दोषी करार दिया है। अब इस संबंध में 25 नवंबर को फैसला सुनाया जाएगा। सीबीआई की ओर से 31 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। सभी आरोपी जमानत पर थे जिन्हें फैसला आने के बाद हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में दो हजार से अधिक लोग जेल जा चुके हैं, और चार सौ से अधिक अब भी फरार हैं। वहीं 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

### सात जुलाई 2013 को पहली बार हुआ था खुलासा



व्यापमं में गड़बड़ी का बड़ा खुलासा सात जुलाई, 2013 को पहली बार पीएमटी परीक्षा के दौरान तब हुआ, जब एक गिरोह इंदौर की अपराध शाखा की गिरफ्त में आया। यह गिरोह पीएमटी परीक्षा में फर्जी विद्यार्थियों को बैठाने का काम करता था। मुख्यमंत्री चौहान ने इस मामले को अगस्त 2013 में एसटीएफ को सौंप दिया। हाई कोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया और उसने हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज चंद्रेश भूषण की अध्यक्षता में अप्रैल 2014 में एसआईटी गठित की, जिसकी देखरेख में एसटीएफ जांच करती रही। नौ जुलाई, 2015 को मामला सीबीआई को सौंपने का फैसला हुआ और 15 जुलाई से सीबीआई ने जांच शुरू की।

### 'नहीं रद होगी संस्कृत विभाग में फिरोज खान की नियुक्ति'



वाराणसी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर फिरोज खान की नियुक्ति पर घमासान मचा हुआ है। विश्वविद्यालय के छात्र फिरोज की नियुक्ति के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। इस बीच बीएचयू के चांसलर जस्टिस गिरधर माल्वीय ने कहा कि छात्रों का कदम गलत है। महामना की सोच व्यापक थी। यदि वह जीवित होते, तो निश्चित रूप से नियुक्ति का समर्थन करते। वहीं बीएचयू फिरोज खान की नियुक्ति के फैसले को वापस नहीं लेगा। चीफ प्रॉक्टर ओपी राय ने कहा कि विश्वविद्यालय ने नियमों का पालन किया। फैसला वापस लेने का कोई सवाल नहीं है। छात्रों ने जो किया वो करने का उन्हें अधिकार है।

## संसदीय समिति में नामित किए जाने पर कांग्रेस-भाजपा में तकरार

# रक्षा समिति में प्रज्ञा, कांग्रेस का तंज- मोदी है तो मुमकिन है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने रक्षा मामले की संसदीय समिति में भोपाल से सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को शामिल किए जाने पर आपत्ति जताई है। कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा, यह देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आतंक फैलाने का आरोप झेल रही सांसद को रक्षा संबंधी समिति का सदस्य बना दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा, मोदी जी इन्हें 'मन से माफ नहीं कर पाए। लेकिन देश की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जिम्मेदारी दे दी। इसीलिए तो मोदी है तो मुमकिन है।

### राजनाथ समिति के अध्यक्ष



रक्षा मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति में कुल 21 सदस्य हैं। अब साध्वी प्रज्ञा का नाम भी जुड़ गया है। इस समिति के प्रमुख रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। इस समिति में सरकार ने विपक्ष के कई नेताओं को शामिल किया है। जिसमें शरद पवार और फारूख अब्दुल्ला प्रमुख हैं।

### भाजपा बोली- ठाकुर संसद की निर्वाचित सदस्य

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा की लोकसभा सदस्य मीनाक्षी लेखी ने कहा कि ऐसा लगता है कि इस पार्टी का लोकतंत्र से विश्वास समाप्त हो गया है। वह इस बात को भूल गई है कि ठाकुर संसद की निर्वाचित सदस्य हैं। लोगों को यह भी पता है कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार ने उन्हें गलत तरीके से फंसाया।

### प्रज्ञा बोलीं-धमकी भरे फोन आ रहे

इधर, सांसद साध्वी प्रज्ञा ने अपनी पार्टी के नेताओं को धमकी भरे फोन के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने अपने पार्टी के सदस्यों को बताया कि उन्हें एक अज्ञात नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस फोन की जानकारी उन्होंने पुलिस को भी दी, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि प्राइवेट नंबर से आए कॉल को ट्रेस नहीं किया जा सकता है।

### नजरबंद फारूक भी रक्षा मामलों की समिति में शामिल



जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को वापस लिये जाने के बाद से श्रीनगर में कड़े जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत हिरासत में रखे गये राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को रक्षा पर 21 सदस्यीय परामर्श समिति में शामिल किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली समिति के सदस्यों की सूची में नेशनल कान्फ्रेंस के 81 वर्षीय नेता का नाम शीर्ष पर है। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व रक्षा मंत्री तथा राकांपा अध्यक्ष शरद पवार का नाम भी शामिल है। इस सूची में भोपाल से भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर का भी नाम है जिस पर कांग्रेस ने आलोचना की है। अब्दुल्ला को पांच अगस्त को हिरासत में लिया गया था जिस दिन सरकार ने जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने तथा उसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने का निर्णय लिया था।




## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी-पूर्वी जिले के कालका जी थाना क्षेत्र में एक स्कूटी सवार की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात करीब 11:51 बजे की है। मृतक का नाम वर्मा कुमार (32) पता चला है। वह इंदिरा कल्याण विहार, ओखला में रहता था। परिजनों ने बताया कि वह पार्टी में जाने की बात कहकर घर से निकला था। डीसीपी चिन्मय बिश्वाल के अनुसार मृतक पेशे से कैब चालक था। परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। बुधवार शाम को वह स्कूटी से किसी पार्टी में जाने की बात कहकर निकला था। ओखला एस्टेट से क्राउन प्लाजा की ओर जाने वाली सड़क पर डिवाइडर के पास उसकी स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त मिली थी। पुलिस को मौके पर कोई घायल और प्रत्यक्षदशी नहीं मिला था। बाद में पता चला कि घायल को अपोलो अस्पताल में किसी राहगीर ने भर्ती करवाया था। लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। पुलिस शुरूआती छानबीन में आशंका जता रही है कि स्कूटी की रफ्तार तेज के कारण सवार डिवाइडर से टकराया होगा। सिर में गभीर चोट लगने से उसकी मौत हुई है।

### इनकम टैक्स बिल्डिंग के 13वें फ्लोर पर लगी आग

**नई दिल्ली।** आईटीओ स्थित इनकम टैक्स बिल्डिंग की 13वीं मंजिल पर गुरुवार सुबह आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की ब्रांटो स्काई लिफ्ट समेत छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और कुछ ही देर में आग को बुझा लिया गया। घटना के समय दफ्तर में कोई मौजूद नहीं था। आग से दफ्तरों में रखा फर्नीचर और कुछ फाइलें जल गया। शुरूआती जांच में शार्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक सुबह 8.36 बजे दमकल विभाग को सूचना मिली कि बिल्डिंग की 13वीं मंजिल के कमरा नंबर-113 में आग लग गई है। सुबह करीब 8.55 बजे आग को बुझा लिया गया। जिस समय आग लगी उस वक्त तक ऑफिस नहीं खुला था। इसलिये बड़ा हादसा टल गया।

### सामूहिक विवाह : 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**नई दिल्ली।** बुराड़ी स्थित निरंकारी कॉम्पलेक्स में निरंकारी सन्त निरंकारी मिशन के समाज कल्याण विभाग के माध्यम से गुरुवार को सामूहिक विवाह समारोह में 45 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे। नव-विवाहित जोड़ों को निरंकारी सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान मिशन के श्रद्धालु भक्त, वर-वधू के माता-पिता एवं सगे-संबंधी भी उपस्थित थे। इस साधारण रीति में पारंपरिक जयमाला के साथ निरंकारी शादी का विशेष चिह्न सांझा-हार भी प्रत्येक जोड़े को मिशन के प्रतिनिधियों ने पहनाया। सद्गुरु माता ने वर-वधू को पुष्प-वर्षा कर के आर्शीवाद प्रदान किया।

## बदमाशों ने द्वारका में दिनदहाड़े दिया वारदात को अंजाम

# कैश वैन के ड्राइवर-गनमैन को अगवा कर 80 लाख रुपये लूटे

**सेक्टर-6 में मणिपाल अस्पताल के परिसर में स्थित यस बैंक के एटीएम में रुपये डालने गई थी वैन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका उपनगरी में गुरुवार को दिनदहाड़े कैश वैन के ड्राइवर और गनमैन को अगवा कर करीब 80 की रकम लूटने का मामला सामने आया। बदमाशों ने इस वारदात को उस समय अंजाम दिया जब एटीएम में कैश भरा जा रहा था। अगवा ड्राइवर और गनमैन घायल हालत में घटनास्थल से काफी दूर मिलें। दोनों घायलों को सेक्टर-11 के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-6 में मणिपाल अस्पताल के परिसर में यस बैंक का एटीएम है। दोपहर करीब 12.30 से एक बजे के बीच एसआईपीएल नाम की कंपनी के दो कर्मचारी एटीएम में पैसे डालने आये थे। सर्विस रोड के दूसरी तरफ उन्होंने ईको कैश वैन खड़ी की थी। वैन में ड्राइवर और गनमैन मौजूद था। लेकिन जब वापस आये तो वैन मौके से नदारद थी। कर्मचारियों



द्वारा पुलिस और ऑफिस को सूचना दी गई। पूरे इलाके में घेराबंदी शुरू कर वैन और उसमें सवार ड्राइवर व गनमैन की तलाश शुरू हुई। कुछ देर बाद वैन सेक्टर-11 द्वारका इलाके में मिली। उसमें ड्राइवर और हेल्पर घायल अवस्था में थे। शुरुआती तौर पर पता चला कि वैन में करीब 80 लाख कैश था जो गायब मिला। पुलिस रूट के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के शक के दायरे में ड्राइवर और गनमैन भी है। उनसे भी पूछताछ की जा रही है।

## व्यवसायी पिता-पुत्र को अगवा कर लूटने वाले चार दबोचे

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की स्टार-2 टीम ने हासिम उर्फ सोनू गैंग के चार हाईवे लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके निशाने पर कैब ड्राइवर और पैसेंजर होते थे। इस गिरफ्तारी से पुलिस ने दो एप के माध्यम से हुई किडनैपिंग और लूट के मामले सुलझाये हैं। इनमें एक कैब ड्राइवर और बिजनेसमैन व उसके बेटे को अगवा कर लूटा गया था। पुलिस ने बदमाशों के पास से कुछ नशीली दवाईयां, चार मोबाइल फोन, एक कैब, तीन देशी कट्टे और आठ कारतूस बरामद किये हैं। डीसीपी डॉ. जी राम गोपाल नाइक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये बदमाशों के नाम हासिम उर्फ सोनू, सत्यवीर पांडेय उर्फ बिहारी, सचिन पासवान और माजिद सलमानी है। सभी गाजियाबाद के लोनी के रहने वाले हैं। नाइक ने बताया कि 1 नवंबर शाम करीब साढ़े सात बजे लुटेरों ने एप के जरिये आईएसबीटी आनंद विहार से नोएडा सेक्टर-126 के लिये कैब बुक की थी। तीन लोग कैब में



- एक ही रात में कैब चालक को भी अगवा कर लूटा था
- हासिम गैंग के सरगना समेत चारों क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े

सवार हुये थे। नोएडा पहुंचते ही उन्होंने ड्राइवर को बंधक बना लिया और जमकर पीटा। इसके बाद उसका मोबाइल और कुछ नगदी लूट लिया था। आरोपियों ने ड्राइवर को कैब में ही अगवा कर लोनी के टीला गांव ले गये थे। इसी बीच एक लुटेरे ने कैब ड्राइवर बनकर कंपनी से आई बुकिंग भी स्वीकार कर ली जो नई दिल्ली स्टेशन से आईजीआई एयरपोर्ट की थी। इसके बाद लुटेरे स्टेशन पहुंचे। एक कैब में सिर्फ एक लुटेरा था जबकि एक अन्य एप आधारित कैब में तीन लुटेरे उसका पीछे थे। स्टेशन से पूणे का व्यवसायी अपने बेटे के साथ सवार हुआ। दोनों एयरपोर्ट से फ्लाईट पकड़ने जा रहे थे। सुनसान रास्ते में लुटेरों ने दोनों व्यवसायी पिता-पुत्र की पिटाई की और उनसे 11 हजार कैश, मोबाइल और क्रेडिट/डेबिट कार्ड्स लूट लिये। इसके बाद उन्हें भी लोनी ले जाया गया। दोनों से बंदूक की नोंक पर पिन नंबर पूछकर एक लाख 60 रुपये फिर एटीएम के जरिये निकाले। इसके बाद उन्हें कश्मीरी गेट आईएसबीटी के पास फेंक दिया गया था। दोनों नई दिल्ली रेलवे स्टेशन शिकायत करने पहुंचे। वहीं पहले अगवा किया गया कैब ड्राइवर अगली सुबह गाजियाबाद में मेरठ रोड पर बेहोशी की हालत में पाया गया था। उसकी शिकायत पर पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाने में केस दर्ज हुआ था। 20 नवंबर को क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि लुटेरों का गैंग किसी अन्य वारदात को अंजाम देने आनंद विहार इलाके में आने वाला है। पुलिस ने एक ट्रैप लगाकर हसनपुर डिपो के पास चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। चारों कैब से ही वहां पर पहुंचे थे।

### एप से बने विदेशी दोस्त ने महिला को लगाया साढ़े 12 लाख रुपये का चूना

**नई दिल्ली।** एक महिला को एप के विदेशी दोस्त बनाना महंगा पड़ा। दोस्त ने महंगे गिफ्ट भेजने के नाम पर लक्ष्मी नगर इलाके में ऑनलाइन कारोबार करने वाली महिला को 12.47 लाख का चूना लगा दिया। लक्ष्मी नगर थाने की पुलिस अब खुद को बेल्जियम का नागरिक बताने वाले ठग की तलाश में जुटी है। 36 वर्षीय महिला परिवार के साथ लक्ष्मी नगर इलाके में रहती है। वह ऑनलाइन इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती है। 10 अक्तूबर को एक एप के जरिये उसकी दोस्ती जेम्स एंथनी से हुई थी। आरोपी ने खुद को बेल्जियम का नागरिक बताया था। दोनों एक दूसरे से मोबाइल नंबर एक्सचेंज कर बातचीत करने लगे। कुछ ही दिनों बाद विदेशी दोस्त ने कुछ गिफ्ट भेजने की बात महिला को बताई। आरोपी ने गिफ्ट में 22 हजार यूरो के अलावा भी महंगा सामान होने की बात कहीं थी। 16 अक्तूबर को पीड़ति के मोबाइल पर एक महिला का कॉल आया। उसने खुद को कस्टम डिपार्टमेंट से बताया। गिफ्ट को छुड़ाने के लिए महिला ने कुछ रकम पीएनबी के अकाउंट में ट्रांसफर करवाई गई। इसके बाद कभी प्रोसेसिंग, इनकम टैक्स, सिक्योरिटी की बात कर महिला से लाखों की रकम हड़प ली गई।

## शादीशुदा महिला के चक्कर में जीजा को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले के नजफगढ़ में एक 19 साल के युवक पर शादीशुदा महिला से इश्क का भूत इस कदर हावी हुआ कि उसने अपने सगे जीजा की ही चाकू घोंपकर हत्या कर दी। जीजा का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने समाज में हो रही बदनामी का हवाला देकर साले का दो-तीन थप्पड़ मार दिये थे। बताया जाता है कि आरोपी जिस महिला के चक्कर में था वह एक बच्चे की मां है। उसका पति भी उसे छोड़कर बहादुरगढ़ में रह रहा है। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारदात बुधवार देर रात करीब 10 बजे सामने आई। पुलिस के अनुसार नौशाद नामक युवक अपने परिवार के साथ नजफगढ़ थाना इलाके में आने वाले नंगली डेरी के प्रेम विहार की गली नंबर-4 में रह रहा था। बुधवार को अलीगढ़ से नौशाद का जीजा रियाज (27) अपनी पत्नी को लेने नंगली आया था। जब रियाज को पता चला कि घर के लोग उसके साले नौशाद की हरकतों से परेशान हो चुके हैं तो उसने कई और लोगों के साथ मिलकर उसे समझाने की कोशिश की। नौशाद अपनी बात पर अड़ा था जबकि रियाज का कहना था कि



- जीजा ने समझाने के लिए मार दिए थे थप्पड़

इस वजह से समाज में उनकी बदनामी हो रही है। उसने समझाया कि लड़की शादीशुदा है इसलिए उसका चक्कर छोड़ दें तो सबके लिये अच्छा होगा। लेकिन वह नहीं मान रहा था। इस पर रियाज ने उसे थप्पड़ जड़ दिये। गुस्से में नौशाद ने चाकू से रियाज पर कई वार किये। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घायल को हरिनगर के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल ले गई जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के सीने पर गहरे जख्म आये थे। डीसीपी अन्टो अल्फोंस के अनुसार वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था। एसीपी नजफगढ़ विजय सिंह यादव की देखरेख में एसएचओ नजफगढ़ सुनील कुमार, इंस्पेक्टर प्रदीप की टीम ने उसे तलाशा और गिरफ्तार कर लिया।

### गड्ढों और सफाई व्यवस्था पर नाराज दिखे महापौर

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर अवतार सिंह ने गुरुवार को सिविल लाइंस जोन के अंतर्गत आने वाले संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर के निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर अवतार सिंह ने अधिकारियों को क्षेत्र के सभी गड्ढों को भरने व सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को आवागमन में कोई असुविधा ना हो।

## मामूली गलती पर किशोर की आंख फोड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मोबाइल गिर जाने पर तीन नाबालिगों ने दिया वारदात को अंजाम

स्वरूप नगर इलाके में महज मोबाइल गिर जाने पर तीन नाबालिग लड़कों ने एक 13 साल के किशोर की पत्थर मारकर आंख फोड़ दी। परिजनों ने बुधवार को इस संबंध में स्वरूप नगर थाने में शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस तीनों नाबालिगों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है। समीर (बदला नाम) स्वरूप नगर इलाके में रहता है। परिवार में माता-पिता के अलावा तीन भाई व दो बहनें हैं। समीर सबसे छोटा है। वह पास के सरकारी स्कूल की सातवीं कक्षा में पढ़ता है। पिता ऑटो चालक हैं। कुछ दिन पहले समीर घर के पास ही तीन लड़कों के साथ बैठा हुआ था। इस दौरान वह एक लड़के के मोबाइल से गेम खेल रहा था। खेलने के दौरान समीर के हाथ से लड़के का मोबाइल गिर गया। इसी बात पर तीनों से समीर का झगड़ा हो गया। आरोप है कि मारपीट के दौरान एक लड़के ने पत्थर उठाकर समीर की आंख पर मार दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। समीर वहीं बेहोश हो गया। शोर-शराबा होने पर परिजन वहां पहुंचे। समीर को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया। बाद में गुरु नानक आई हॉस्पिटल भेजा गया। वहां समीर की आंख का इलाज हुआ। ऑपरेशन करने के बाद भी डॉक्टर उसकी आंख की रोशनी नहीं बचा पाए। बुधवार को परिवार ने तीनों किशोरों के खिलाफ स्वरूप नगर थाने में शिकायत दी।

## दिल्ली पुलिस ने किया यूपी में हथियार बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी-पूर्वी जिले की पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करते हुये यूपी में हथियार बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इनके पास से एक देशी कट्टा, दो कारतूस, दो आधे बने कट्टे और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाला बड़ी मात्रा में कच्चा सामान और उपकरण जब्त हुये हैं। गिरफ्तार किये गये लोगों में हथियार बनाने वाला और सप्लायर शामिल है। इनके नाम आसिफ अली और इस्तकार बताये गये हैं। डीसीपी चिन्मय बिश्वाल ने बताया कि यह गिरफ्तारी जिले की एसटीएफ टीम को मिली है। 22 सितंबर को टीम ने मुरादाबाद निवासी मसरुर को जसोला इलाके से पकड़ा था। उसके पास से पांच देशी

### बड़ी मात्रा में कच्चा सामान और उपकरण बरामद





कट्टे और आठ कारतूस मिले थे। जब्त किये गये सभी कट्टे 315 बोर के थे। इस संबंध में सरिता विहार थाने में केस दर्ज किया गया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि आसिफ अली से हथियार खरीदे थे। वह दो कट्टे और दो कारतूस सीलमपुर निवासी फहीम को बेच भी चुका था। 23 सितंबर को पुलिस ने फहीम को दबोचा था। उसके पास से खरीदे दोनों कट्टे भी बरामद हुये थे। पुलिस लगातार मररुर की निशानदेही पर आसिफ की तलाश कर रही थी। 19 नवंबर को एसआई रामकुमार और अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने सराय काले खां आईएसबीटी से आसिफ को दबोचा। उसने इस्तकार का नाम बताया। आसिफ की निशानदेही पर ही अमरोहा के हसनपुर पिपलोटी खुर्द गांव से एक कट्टा और दो कातूस बरामद हुये थे। पुलिस को अब इस्तकार की तलाश थी। एक टीम मेरठ के राधना गांव भेजी गई जहां से इस्तकार को गिरफ्तार कर हथियारों की फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान बरामद हुआ। बरामद सामान में 40 बैरल, 50 ट्रिगर स्प्रिंग, तीन ड्रिल मशीन, एक एयर ब्लोवर, तीन ग्रिपर मशीन, एक पंचिंग डाई, लोहे की रॉड और अन्य उपकरण बरामद किये गये। पूछताछ में पता चला कि आसिफ 2500 रुपये में इस्तकार से कट्टा खरीदता था। इसके बाद उसे मसरुर को चार हजार में बेच देता था। मसरुर आगे उन्हें बदमाशों तक पहुंचाता था। इस्तकार ने बताया कि वह एक दिन में 500 रुपये की लागत से दो कट्टे तैयार कर लेता था।

## सीसीटीवी फुटेज से मिली कामयाबी

# कारोबारी के ऑटो में छूटे साढ़े चार लाख रुपये पुलिस ने ढूंढे

### लुधियाना से दिल्ली आया था कारोबारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लुधियाना से दिल्ली आये एक कारोबारी के गांधी नगर मार्केट में जाते समय साढ़े चार लाख ऑटो में छूट गये। कारोबारी विकास कुमार (40) परेशान होकर गांधी नगर थाने पहुंचा और आपबीती बयां की। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से ऑटो चालक को ढूंढ निकाला। बुद्धविहार इलाके के रहने वाले ऑटो चालक के घर से रुपये बरामद हो गये। ऑटो चालक ने बताया कि उसने बैग मालिक की काफी तलाश की थी। अपने रुपये पाकर कारोबारी दिल्ली पुलिस का धन्यवाद करता नहीं थक रहा। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने बताया कि विकास कुमार परिवार के साथ रघुबीर पार्क जैस्सेन रोड, लुधियाना में रहते हैं। उनका लुधियाना में गारमेंट्स का कारोबार है। विकास दिल्ली से कपड़े ले जाकर लुधियाना में सप्लाई करता है। मंगलवार सुबह वह दिल्ली पहुंचा था। करोलबाग के टैंक रोड पर उसने कुछ पकड़े खरीदे थे। बाद में वह ऑटो में सवार होकर गांधी नगर मार्केट पहुंचा। उसके पास दो बैग थे। एक बैग को उसने पीछे




रख दिया जबकि दूसरा बैग गोद में था। उतरते समय पीछे रखा बैग वह ऑटो में भूल गये थे। विकास की शिकायत पर एसएचओ गांधी नगर अनिल मलिक के नेतृत्व में एएसआइ संजीव त्यागी, सिपाही कुलदीप, राहुल व संदीप की टीम बनाई गई। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की तो ऑटो का अधूरा नंबर मिला। उस नंबर के आधार पर पुलिस जांच करती हुई न्यू उस्मानपुर, गोविंदपुरी, तिलक नगर समेत अन्य स्थान पर पहुंची। इस दौरान पीड़ित भी पुलिस के साथ मौजूद रहा। बुधवार रात को पुलिस की टीम रिठाला के पास बुद्धविहार पहुंची तो विकास ने देखते ही ऑटो को पहचान लिया। ऑटो चालक ने भी तुरंत पीड़ित का बैग लौटा दिया। विकास अपना बैग व पैसे पाकर बेहद खुश हुआ।

## बच्चे की हत्या, नाले से बोरे में शव बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खजूरी खास इलाके में सात-आठ साल के मासूम बच्चे की हत्या कर दी गई। गुरुवार दोपहर को मासूम का शव खजूरी के पास नाले से बोरे में बरामद हुआ। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया। पुलिस ने इस संबंध में हत्या और सबूत मिटाने का मामला दर्ज कर लिया है। मासूम की मौत कैसे हुई, इसका खुलासा नही हो पाया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे एक राहगीर ने नाले में मासूम का शव देखकर पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरे में मासूम का शव बरामद हुआ। सात या आठ साल के लड़के का शव पुराना होने के कारण उसके शरीर पर चोट लगी है या नही इसका पता नही चल पा रहा था। पुलिस नजदीकी थानों से पता कर मासूम की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

## पत्नी के ऊपर उड़ेल दी खोलते चावलों की कढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पीड़ित महिला जीटीबी अस्पताल में भर्ती
- पुलिस ने आरोपी पति को किया गिरफ्तार

जीटीबी एंक्लेव में पति-पत्नी के बीच कुछ दिनों से मनमुटाव चल रहा था। दोनों अपना अलग-अलग खाना बनाते थे। लेकिन दिक्कत एक थी। खाना एक ही चूल्हे पर बनाया जाता था। बुधवार रात पत्नी खाना तैयार कर रही थी। इसी दौरान पति चाय बनाने लगा। पत्नी ने कुछ देर रूकने के लिये कहा लेकिन पति को गुस्सा आ गया। उसने पत्नी के ऊपर खौलते हुए चावल की कढ़ाई उलट दी। कढ़ाई में चावलों का पानी अभी सूखा नही था। ऐसे में पत्नी बुरी तरह जल गई। बुरी तरह जली हुई हालत में 42 साल की महिला को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक पीड़ति सपना (बदला हुआ नाम) अपने बच्चों व पति के साथ डीडीए फ्लैट, जीटीबी एंक्लेव में रहती है। सपना और उसके पति दोनों प्राइवेट नौकरी करते हैं।



### पति-पत्नी के बीच आये दिन होते थे झगड़े

पति-पत्नी के बीच आये दिन झगड़े होते थे। झगड़े के कारण आरोपी पति अपना खाना खुद ही बनाता है। बुधवार सुबह सपना रसोई में खाना बना रही थी। उसी दौरान उसका पति वहां पहुंचा और उसने चावल की कढ़ाई उतारकर अपनी चाय चढ़ा दी। इसके बाद वह जबरन चूल्हे पर अपना खाना बनाने की तैयारी करने लगा। पत्नी ने बच्चों को लिए खाना बनाने की बात की तो आरोपी आग बबूला हो गया। उसने चूल्हे से खौलते चावलों की कढ़ाई उठाई और सपना पर पलट दी। गर्म पानी से सपना का दाहिना हाथ बुरी तरह जल गया। शोर मचाने पर पड़ोसी आए तो आरोपी वहां से भाग गया। सपना को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज हुआ। सपना का बयान लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर किया लेकिन वह जमानत पर छूट गया है।


## गुमशुदा लड़की की तलाश



रंजना देवी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की नाम रंजना देवी, पुत्री श्री नरेश कुमार, निवासी ए–348, मीरा बाग, पश्चिम विहार, दिल्ली, जिसकी आयु 16 वर्ष, कद 5', रंग सांवला, लम्बा चेहरा, जो लाल रंग की सूट व सलवार तथा पैरों में काले रंग की प्लास्टिक की चप्पल पहने हुए दिनांक 02.11.19 को थाना क्षेत्र पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक केस प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 548/19 दिनांक 03.11.19 को धारा 363 भा.द.सं. के तहत थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली में दर्ज है।

इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी सूचना मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना : पश्चिम विहार वेस्ट
दिल्ली
फोन : 25268394, 25280980

ई–मेल आईडी: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638, 24368641
फैक्स: 011–24368639

DP/2864/OD/19

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **चेतन**, पुत्र श्री राम चंद्र, **निवासी:** टी–55/51, यू एण्ड वी ब्लॉक, शालीमार बाग दिल्ली है, जो कि दिनांक 21.10.2019 से लापता है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र:** 24 वर्ष, **कद:** 5'2", **रंग:** सांवला, **चेहरा:** अण्डाकार, **शरीर:** सामान्य, जिसने नीले रंग की कमीज और सफेद रंग की पैंट पहनी है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 50–ए, दिनांक 22.10.2019 को थाना शालीमार बाग, दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना शालीमार बाग,
दिल्ली
फोन: 011-27495198, 27497179

DP/9503/NW/19

## पासवान का रवैया गैर-जिम्मेदाराना, संसद में झूठी रिपोर्ट पेश की : दिनेश

# जहरीले पानी पर वाकयुद्ध तेज

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष दिनेश मोहनिया ने गुरुवार को आरोप लगाया कि केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान का रवैया गैर-जिम्मेदाराना है और उन्होंने राजधानी के जल की गुणवत्ता को लेकर झूठी रिपोर्ट संसद में पेश की। मोहनिया ने मीडिया में आईं खबरों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली में पानी के नमूने इकट्ठा करने की प्रक्रिया में ₹घोर अनियमितताएं₹ सामने आई हैं। मोहनिया ने कहा, ₹हमें पता चला है कि बीआईएस नहीं बल्कि लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक घर से पानी के नमूने एकत्रित किये हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने 16 नवंबर को एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें कहा गया कि दिल्ली के 11 स्थानों से इकट्ठा किये गए पानी के नमूने गुणवत्ता जांच में खरे नहीं उतर पाए। इस रिपोर्ट को लेकर केन्द्र सरकार और दिल्ली




सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। मोहनिया ने कहा कि मीडिया में आईं खबरों के अनुसार दो जगहों के लोगों ने इस बात से इनकार किया कि उनके घर से जल के नमूने इकट्ठा किये गए। उन्होंने आरोप लगाया कि जल के नमूने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के उपाध्यक्ष के घर से इकट्ठा किये गए। यह दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर की जा रही ओछी राजनीति है। मोहनिया ने कहा कि संसद में एक झूठी रिपोर्ट पेश की गई और पासवानजी ने गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार किया।दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष ने कहा कि एक स्वतंत्र एजेंसी ने दोबारा उन 11 जगहों से नमूने एकत्रित किये और 48 घंटे के भीतर उसके नतीजे सार्वजनिक कर दिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रहे हैं। दूसरी ओर बीआईएस की रिपोर्ट है। इसमें मापदंडों और निर्धारित नियमों के बारे में विवरण का अभाव है।₹ मोहनिया ने कहा कि पासवान ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने नमूने एकत्रित नहीं किये बल्कि बीआईएस के अधिकारियों ने किये हैं। उन्होंने कहा कि पासवान को बताना चाहिये कि क्या बीआईएस के अधिकारियों ने इस मुद्दे पर उन्हें गुमराह किया। उन्हें उनकी जिम्मेदारी तय करनी चाहिये। मोहनिया के मुताबिक दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने से पहले 23,00 इलाके जल-संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे थे। अब यह संख्या घटकर 117 रह गई है। इससे पहले गुरुवार को ही आम आदमी पार्टी ने झूठ रिपोर्ट पेश करने के लिये पासवान से इस्तीफा देने की मांग की।

### पासवान को इस्तीफा देना चाहिए : संजय सिंह

दिल्ली के पानी की गुणवत्ता के संबंध में गलत रिपोर्ट देने के मामले में आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान का इस्तीफा मांगा। गौरतलब है कि दावा किया गया था कि दिल्ली भारत के उन 21 शहरों में शामिल है, जहां का पानी पीने लायक नहीं है। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने पत्रकारों से कहा कि पासवान से पूछे कि किसके भड़काने पर उन्होंने झूठ बोला और अपने आरोपों के जरिए दिल्ली को बदनाम किया।

## पोस्टरों में किए केजरीवाल से डायरिया, हैजा पर सवाल




**नई दिल्ली।** दिल्ली में पेयजल की गुणवत्ता पर सवालों से उठे विवादों के बीच आईटीओ पर पोस्टर लगाए गए हैं जिनमें आप सरकार को बीते चार साल में शहर में सामने आए डायरिया और हैजा के अधिक मामलों पर घेरा गया है। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान की ओर से 16 नवंबर को जारी भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की रिपोर्ट में बताया गया था कि दिल्ली से लिये गए पानी के सभी 11 नमूने जल की गुणवत्ता मापने वाले 19 मापदंडों पर खरे नहीं उतर पाए और दिल्ली का पानी 21 राज्यों की राजधानियों में से सबसे असुरक्षित है। मामले ने धीरे-धीरे इतना तूल पकड़ लिया कि केन्द्र और दिल्ली सरकार के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया। आईटीओ पर लगाए गए पोस्टरों में से एक पर लिखा था कि दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष को जवाब देना चाहिए कि अगर दिल्ली का पानी साफ है तो बीते चार साल में यहां डायरिया के 21,88,253 मामले कैसे हुए। इसमें कहा गया कि इस अवधि में अस्पतालों (दिल्ली के) में हैजा के 19,283 मामले और वर्ष 2018 में जल से संबंधित 36,426 शिकायतें दर्ज की गई। इससे कुछ दिन पहले, दिल्ली के कई हिस्सों में लगाए गए पोस्टरों में दिखाया गया था कि आम आदमी पार्टी की सरकार लोगों को जहरीला पानी पीने को मजबूर कर रही है।

## मैंने नहीं बीआईएस ने की नमूनों की जांच : पासवान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य व उपभोक्ता मामलों के मंत्री राम विलास पासवान ने झूठ फैलाने के सीएम अरविंद केजरीवाल के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि पानी के गुणवत्ता की जांच उन्होंने नहीं की, बल्कि यह बीआईएस ने की है। उन्होंने कहा, 'मैं क्वॉलिटी चेक नहीं की है। यह देश के प्रतिष्ठित संस्थान ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) ने किया है। इसने यह बताया है कि दिल्ली का पानी मानकों पर खरा नहीं उतरा है।'उल्लेखनीय है कि 23 राज्यों की राजधानियों में दिल्ली का पानी गुणवत्ता के मानकों पर सबसे खराब पाया गया। यह 11 मानकों पर खरा नहीं उतर पाया। रिपोर्ट सामने आने के बाद से ही केंद्र और दिल्ली सरकार एक दूसरे पर हमलावर है। पासवान ने कहा कि बीआईएस और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के तकनीकी अधिकारियों वाली एक समिति का जल्द गठन किया जाना चाहिए और इस महीने के अंत तक उसे राष्ट्रीय राजधानी के 70 जिलों और 140 वार्ड से पानी



के नमूने लेने चाहिए। राजनीति से जुड़े किसी शख्स के समिति में ना होने की बात दोहराते हुए उन्होंने कहा कि पानी के नमूनों की जांच सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में की जानी चाहिए और इसकी रिपोर्ट भी सार्वजनिक होनी चाहिए। केजरीवाल द्वारा घोषित की गई 32 समितियों का अब तक गठन ना किए जाने पर पासवान ने हैरानी जतायी और अपनी ओर से इन समितियों के लिए बीआईएस के 32 अधिकारियों के नाम की एक सूची जारी की। पासवान ने पत्रकारों से कहा कि केजरीवाल एक गलती को छुपाने के लिए और कई गलतियां कर रहे हैं। वह मेरे खिलाफ निराधार आरोप लगा रहे हैं।' दिल्ली के

- **पूछा-दिल्ली जल बोर्ड का पानी शुद्ध है तो दिल्ली में लोग आरओ क्यों लगवा रहे**

मुख्यमंत्री को उनकी गलती स्वीकार करने और पूरी दिल्ली से पानी के नमूने लेने की बात पर जोर देते हुए पासवान ने कहा कि उपभोक्ता मामलों का मंत्री होने के नाते लोगों के हित की रक्षा करना उनका कर्तव्य है। आरोपों से नाराज पासवान ने कहा कि मैं दूसरों के मामले में दखल नहीं देता। लेकिन अगर कोई मेरे मामलों में दखल देगा तो मैं चुप नहीं रहूंगा। पानी का नमूना एलजेपी के सदस्य के घर से लिए जाने के आरोप पर पासवान ने पूछा कि क्या शुद्ध पानी की आपूर्ति केवल आप आदमी पार्टी के सदस्यों के घर की जाती है। केन्द्रीय मंत्री ने केजरीवाल को आधिकारिक बैठकों में दिल्ली जल बोर्ड के नल का पानी देने की चुनौती भी दी। उन्होंने पूछा कि दिल्ली जल बोर्ड का पानी शुद्ध है तो दिल्ली में लोग आरओ (विपरीत परासरण) क्यों लगा रह हैं।

### जल प्रदूषण याचिका पर एनजीटी में सुनवाई

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने गुरुवार को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को बताया कि उत्तम नगर में दो जगहों पर साफ-सुथरे ढंग से सुअरों को काटा जाता है और उनका खून नालियों में नहीं बहता। एनजीटी में एक याचिका दायर की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था सुअरों को काटे जाने के बाद उनका खून नालियों में बहने से जल प्रदूषण होता है। इसपर एनजीटी ने सितंबर में एसडीएमसी को नालियों में खून बहने से रोकने के लिये कदम उठाने का निर्देश दिया था। एसडीएमसी ने एनजीटी को बताया कि उसके अधिकारियों ने इसके दायरे में आने वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया और उन लोगों की सूची तैयार की जो अपने-अपने परिसरों में सुअरों को काट रहे हैं। एसडीएमसी को पता चला कि पश्चिमी जोन में 11 लोग अवैध तरीके से सुअरों को काट रहे हैं और उन्हें इसे बंद करने का नोटिस दिया गया। निगम ने अपनी कार्य योजना रिपोर्ट में कहा कि वे नोटिस के खिलाफ अदालत पहुंच गए और अदालत ने नोटिस पर रोक लगा दी।

## पानी के नमूने लेकर भाजपा का केजरीवाल के निवास पर प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वर्ष 2015 से दिल्ली को साफ पानी देने के वादे पर वादा कर रहे हैं, लेकिन दिल्ली के लोगों को जहरीला पानी दिया जा रहा है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने उक्त आरोप मुख्यमंत्री केजरीवाल के निवास पर गुरूवार को प्रदर्शन के दौरान कहें। तिवारी ने ट्वीट कर कहा कि सीएम ने 2014 में कहा कि 5 साल में हर घर के अंदर पानी पहुंचेगा। 2015 में कहा कि 5 साल के अंदर पूरी दिल्ली मे पानी पहुंचाएंगे। 2016 में कहा कि दिसम्बर 2017 तक हर घर के अंदर पानी पहुंचेगा और अब 2019 में बोल रहे हैं कि वर्ष 2024 तक हर घर तक पानी पहुंच जाएगा। यहां दिल्ली भर के 500 स्थानों से भाजपा के विधायक एवं पदाधिकारी जल लेकर आये थे और वह मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को देना चाहते थे, लेकिन न तो मुख्यमंत्री ने दूषित जल को लिया और न ही उनका कोई प्रतिनिधि जल लेने के लिए आया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी कर रहे थे। यहां नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि यह कैसा राज है, यह कैसी सरकार है जो राजधानी के लोगों को मरने के लिए छोड़ दिया है। वहीं, पूर्व अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि पानी जीवन का आधार है और जो स्वच्छ पानी न दे पाये वो सरकार बेकार है। वहीं प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि मुख्यमंत्री को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रविन्द्र गुप्ता, विधायक ओम प्रकाश शर्मा, जगदीश प्रधान सहित पूर्व विधायक उपस्थित थे।

### उत्तरी निगम के 104 वार्डों से लेंगे पानी के नमूने : जय प्रकाश

उत्तरी निगम के स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश ने बताया कि उत्तरी निगम ने दिल्ली में बढ़ती हुई पानी की समस्या को देखते हुए यह निर्णय किया है की निगम के सभी 104 वार्डों से पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने लिए जाएंगे और जहा पर भी गुणवत्ता तय मापदंडों से कम होगी उसकी रिपोर्ट दिल्ली सरकार व दिल्ली जल बोर्ड को भोजी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### धान के वाजिब दाम न मिलने से किसानों में रोष

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के नरेला क्षेत्र स्थित नई अनाज मंडी में इन दिनों बड़ी मात्रा में चारों तरफ धान ही धान फैला है। लेकिन बाजिब दाम नहीं मिलने के कारण किसानों में केंद्र व दिल्ली सरकार में भारी रोष है। गुरुवार को किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष धान की कीमते 3300 से 3500 रुपये प्रति क्विंटल रही थी लेकिन इस वर्ष यहां मंडी में करीब 2500 रुपये प्रति क्विंटल बोले जा रहे हैं। मंडी आढ़तियों का कहना है कि बंपर फसल है और सरकारें धान को खरीदने में पीछे है। वहीं, किसानों को बारिश का डर भी सता रहा है। उनका कहना है कि हालांकि यहां बड़े चार बड़े शेल्टरों की व्यवस्था है लेकिन यदि बारिश हो गई तो यहां खुले में पड़े लाखों क्विंटल धान की कीमतें और कम हो जाएगी। ऐसे में उनको लागत भी नहीं मिल पाएगी।

### डबास ने बसों की कमी पर सीएम को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के गांव की महिलाओं, छात्र-छात्राओं व अन्य यात्रियों को तीन कि.मी. पैदल चलकर बसें पकड़नी पड़ती है। उत्तरी दिल्ली नगर निगम के पूर्व नेता सदन और निगम पार्षद जयेन्द्र डबास ने उक्त बाते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को लिखे हुए पत्र में बताई हैं। पार्षद डबास ने बताया कि एस तरफ तो दिल्ली सरकार महिलाओं को बसों में फ्री यात्रा की बात करती है। वहीं, दूसरी तरफ मुंडका विधान सभी के अंतर्गत गांव रसूलपुर की महिलाओं को पैसों में भी बसें उपलब्ध नहीं हो रही है। रसूलपुर की परिवहन व अन्य समस्याओं से अवगत कराते हुए डबास ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से चलने वाली एकमात्र रूट सं 914 (रसूलपुर से कर्मपुरा) की बसें बंद पड़ी हैं।

## शिक्षकों का एक धड़ा जेएनयू शिक्षक संघ से हुआ अलग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में शिक्षकों के एक धड़े ने खुद को जेएनयू शिक्षक संघ से अलग करते हुए संघ पर प्रदर्शनकारियों के साथ मिले होने का आरोप लगाया। शिक्षकों ने प्रदर्शनकारियों द्वारा शिक्षकों पर हमले के प्रति उनकी उदासीनता को भी अलग होने का एक कारण बताया है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि जेएनयू शिक्षक संघ प्रदर्शनकारियों के साथ मिला हुआ है। गौरतलब है कि करीब तीन सप्ताह से छात्र जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की छात्रावास नियमावली के मसौदे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं । वहीं जेएनयू के लापता छात्र नजीब अहमद की मां ने विश्वविद्यालय पहुंचकर दृष्टिबाधित छात्र शशि भूषण पांडे से मुलाकात की।

### कांग्रेस उतरी जेएनयू छात्रों के समर्थन में , फीस वापसी का प्रस्ताव पास

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्रों के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस उतरी है। प्रदेश कांग्रेस ने घोषणा की है कि छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी। इस मुद्दे पर गुरूवार को प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने पूर्व छात्र नेताओं के साथ एक बैठक की। बैठक में जेएनयू छात्रों के समर्थन एक प्रस्ताव भी पारित हुआ। जिसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार मानव संसाधन मंत्रालय जेएनयू की बढ़ाई फीस तुरंत वापस ले। आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज का कांग्रेस कड़ा विरोध करती है। इस मौके पर चोपड़ा के अलावा प्रवक्ता मुकेश शर्मा, पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ, अलका लांबा, रागिनी नायक, अमृता धवन व अन्य छात्र नेता मौजूद थे।

### दक्षिणी निगम कराएगा 14 हजार कर्मियों का बीमा

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत अनुबंधित और दैनिक वेतन कर्मियों का जीवन बीमा कराने के लिए भारतीय स्टेट बैंक और इलाहबाद बैंक के साथ सिविक सेंटर में गुरूवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महापौर सुनीता कांगड़ा, स्थायी समिति अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता, नेता सदन कमलजीत सहरावत, आयुक्त ज्ञानेश भारती, अति.आयुक्त रंधीर सहाय और निगम व बैंकों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे। महापौर ने बताया कि वर्तमान में अनुबंधित व दैनिक वेतन कर्मियों को किसी भी बीमा योजना की सुविधा नहीं है जिस कारण निगम मृतक के परिवार को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता देने में असक्षम होता है। निगम के करीब 14 हजार उक्त श्रेणी के कर्मियों जोकि सफाई कर्मचारी, माली, अनुचर, चौकीदार, बेलदार के पद पर कार्य कर रहे हैं, इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित होंगे। योजना के तहत 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कराया जाएगा और मरणोपरांत यह राशि मृतक के परिवार को दी जाएगी।

## फिर बढ़ा दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हवा की गति कम होने और आर्द्रता का स्तर अधिक होने के कारण दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई। अगले 24 घंटे में प्रदूषण से हालात और बिगड़ सकते हैं हालांकि शनिवार तक कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार दोपहर डेढ़ बजे एक्यूआई 361 था। रोहिणी में एक्यूआई 410, आनंद विहार में 413, नेहरू नगर में 403 और बवाना में 404 था। यहां प्रदूषण गंभीर श्रेणी में रहा। एनसीआर क्षेत्रों में भी एक्यूआई गंभीर और बहुत खराब श्रेणी में रहा। गाजियाबाद में यह 412, ग्रेटर नोएडा में 395, नोएडा में 394 दर्ज किया गया। 201 से लेकर 300 के बीच एक्यूआई को 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी का माना जाता है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की गति धीमी रहने और आर्द्रता के उच्च स्तर के कारण सुबह के वक्त प्रदूषकों के बिखराव में कमी आई, यही प्रदूषण का कारण बना। मौसम विभाग के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि वायु गुणवत्ता गुरुवार और शुक्रवार को बेहद खराब



श्रेणी में बनी रह सकती है। निजी मौसम विज्ञान संस्था स्काईमेट वेदर ने कहा कि 23 नवंबर से हल्की हवा चल सकती है जिससे कुछ राहत मिलेगी लेकिन यह भी अस्थायी होगी क्योंकि 25 नवंबर से एक और पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है जिससे हवा की गति फिर मंदी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि 25 और 26 नवंबर को अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। ऐसा होता है तो प्रदूषक तत्व हट जाएंगे। सरकारी वायु गुणवत्ता निगरानी संस्था सफर ने बताया कि शनिवार को हवा की गति बढ़ने की उम्मीद है जिससे प्रदूषक तत्व छितरा जाएंगे और प्रदूषण से राहत मिल सकती है। इस बीच न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के लिए सामान्य है। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 89 फीसदी था।

### गोयल साइकिल पर पहुंचे संसद

**नई दिल्ली।** भाजपा के राज्यसभा सांसद विजय गोयल वायु प्रदूषण के चलते साइकिल से संसद भवन गए। उन्होंने अपनी साईकिल पर बकादा बोर्ड लगाकर केजरीवाल सरकार से पूछा कि ₹दिल्ली सरकार दे जवाब, हवा पानी क्यों खराब₹। संसद के बाहर गोयल ने कहा कि दिल्ली के लोगों को आज साफ हवा और



साफ पानी दोनों ही नसीब नहीं हो रहे है। इस मुद्दे को संसद के अंदर व बाहर उठाया है। उन्होंने केजरीवाल सरकार को प्रदूषण पर कोई काम न करने पर आड़े हाथों लेते हुए पूछा कि प्रदूषण के 90 प्रतिशत कामों पर केजरीवाल सरकार ने कोई काम किया है तो बताए।

## मार्शल ने बच्ची का अपहरण होने से बचाया

# दिल्ली की बसों को मार्शलों ने सुरक्षित किया है: केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के बस मार्शलों को बधाई देता हूं कि दिल्ली की बसों को उन्होंने सुरक्षित किया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उक्त बाते गुरुवार को बताई। सीएम केजरीवाल ने बताया कि बुधवार को बस मार्शल अरुण कुमार की तत्परता की वजह से दिल्ली से एक बच्ची का अपहरण होने से बच गया। बच्ची को अपने पास पाकर परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं था। बहादुरी दिखाने वाले मार्शल अरुण कुमार और कंडक्टर विरेंद्र पर मुझे गर्व है। अरुण से मैंने बृहस्पतिवार को मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। साथ ही उन्हें बधाई दी। दिल्ली सरकार दोनों बहादुरों को सम्मानित




करेगी। वहीं, दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने गुरुवार को सचिवालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की ओर से महिलाओं की सुरक्षा के लिए लांच की गई बस मार्शल योजना ने चार साल की बच्ची का अपहरण होने से बचा लिया। जिसको निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से एक युवक ले भागा था। वह बच्ची को कलस्टर बस संख्या 728 में लेकर जा रहा था। बच्ची के रोने पर मार्शल को शक हुआ। उसने युवक से बच्ची के संबंध में पूछा। जिसमें अपहरण की बात सामने आई। मार्शल ने कंडक्टर के सहयोग से भाग रहे बदमाश को पकड़ा व उसे नजदीकी पुलिस चौकी लेकर गए। जहां से बच्ची को घर वालों के पास पहुंचाया गया। बसों में मार्शलों को नियुक्त करने के पीछे का हमारा मकसद यही था। मार्शल ने जिस तरह से जान की परवाह किए बगैर बच्ची को अपहरणकर्ता के चंगुल से बचाया और बदमाश को सलाखों के पीछे पहुंचाया, वह काबिले तारीफ है। सिर्फ तीन सप्ताह में दिल्ली की बसों में तैनात मार्शलों ने कलस्टर बसों में दस पॉकेटमारों को भी पकड़ा है। इससे उन क्षेत्रों में होने वाले अपराध में कमी आई है। मार्शलों की बहादुरी से अब अपराधी भी डरें हैं।


### मार्शल अरुण कुमार और कंडक्टर विरेंद्र को सम्मानित करेंगी दिल्ली सरकार: गहलोत

## 'कैदियों की मजदूरी से कटौती गलत नहीं, बशर्तें कानून में इसकी इजाजत हो'

### पीड़ित कल्याण कोष के लिए शासकीय आदेश मान्य नहीं: हाईकोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि पीड़ित कल्याण कोष के लिए कैदियों की मजदूरी से कटौती करने में कुछ भी गलत नहीं है, बशर्ते इसकी कानून के तहत अनुमति हो लेकिन ऐसा शासकीय आदेश के तहत नहीं किया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की एक पीठ ने कहा कि ऐसी कटौतियां किसी शासकीय आदेश के जरिये नहीं की जा सकती, दिल्ली में ऐसा दिल्ली जेल नियमावली 2018 के तहत किया जा रहा है, जिसकी अनुमति है। पीठ ने दिल्ली सरकार से पूछा कि यहां जेल प्राधिकारियों ने कटौतियां करना क्यों रोक दिया। दिल्ली सरकार का प्रतिनिधित्व उसके स्थायी अधिवक्ता (फौजदारी) राहुल मेहरा कर रहे थे।



मेहरा ने अदालत से कहा कि यह गत वर्ष दिसम्बर में रोक दिया गया था जब हाईकोर्ट ने निर्देश दिया था कि इस पर रोक लगा दी जाए। उन्होंने पीठ से यह भी कहा कि दिल्ली जेल नियमावली 2018, नियम 96 (8) के तहत ऐसी कटौती का प्रावधान है। याचिकाकर्ता कात्यायनी के लिए पेश हुए अधिवक्ता अजय वर्मा ने कटौती का विरोध किया कि देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों ने इसे समाप्त कर दिया है। उन्होंने पीठ से यह भी कहा कि 2006 से इस तरीके से एकत्रित 15 करोड़ रुपये में से 14 करोड़ रुपये बिना उपयोग के पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जो राशि बिना इस्तेमाल पड़ी हुई है उसका इस्तेमाल उन बच्चों के कल्याण के लिए हो सकता है जिनके अभिभावक बंदी हैं, जैसा सुझाव दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएसएलएसए) ने दिया है क्योंकि दिल्ली सरकार विभिन्न अपराधों के पीड़ितों के मुआवजे के लिए पहले ही एक पीड़ित मुआवजा निधि स्थापित कर चुकी है। पीठ ने कहा कि वह मामले पर 26 नवम्बर को दलीलें सुनना जारी रखेगी। पेशे से वकील कात्यायनी ने अपनी अर्जी में दिल्ली जेल नियमावली 1988 में किया गया संशोधन रद्द करने की मांग की थी जिसमें नियम 39ए जोड़ा गया था जो कटौती की बात करता है।

## खबर संक्षेप



### नम आंखों से दी ओझा को भावभीनी श्रद्धांजलि

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. बी.आर.ओझा की श्रद्धांजलि सभा में गुरुवार को अनेकों राजनैतिक व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित भारी संख्या में लोगों ने शोकाकुल परिवार व उनके पुत्र राजन ओझा को ढांढस बंधाते हुए उन्हें भी स्व. ओझा की तरह सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करने का आशीर्वाद दिया।

### राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर किया उपचार

**गुरुग्राम।** आयुष विभाग की ओर से दूसरा राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस सेक्टर-4 स्थित राजकीय होम्योपैथिक औषधालय हुडा डिस्पेंसरी बिल्डिंग में मनाया गया। जिसमें आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा मरीजों का इलाज किया गया। प्रातः योगाभ्यास के बाद मरीजों को मिट्टी पट्टी का प्रायोगिक लाभ दिया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू ने बताया कि शिविर में योग विशेषज्ञ भूदेव द्वारा रोगियों के साथ-साथ चिकित्सों को भी योग करवाया गया। इस शिविर में 78 मरीजों को मिट्टी चिकित्सा की गई व उन्हें प्राकृतिक चिकित्सा पंचतत्व से चिकित्सा के बारे में व इसके लाभ के बारे में बताया गया।

### पंचायती राज उपचुनाव की तैयारी जोरों पर

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अतुल कुमार ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनावों के दृष्टिगत 31 जनवरी 2019 को प्रकाशित विधानसभा सूचियों को आधार मानकर पंचायती राज संस्थाओं की मतदाता सूचियों का मतदाता सूचियां तैयार की जा रही है। यह कार्य 22 नवम्बर से शुरू हो कर आगामी 5 दिसम्बर तक किया जाएगा। इसके बाद पंचायती राज संस्थाओं की मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन 6 दिसम्बर को होगा। मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित बनाने के लिए 12 दिसम्बर दोपहर बाद 3 बजे तक दावे तथा आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे।

### आउटसोसिंग कर्मी होंगे नियमित

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम में आउटसोर्स पर लगे कर्मी नियमित होंगे। ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों, फायरमैनों तथा फायर ड्राइवरों को निगम रोल पर करने बारे तेजी से कार्रवाई की जा रही है। सरकार के आदेशों की पालना में 131 फायरमैनों/फायर ड्राइवरों को निगम रोल पर किया जा चुका हैं। हरियाणा सरकार द्वारा जारी निर्देशों की पालना करते हुये नगर निगम आयुक्त अमित खत्री ने बताया कि सरकार की तरफ से आदेश मिलते ही नगर निगम द्वारा 131 फायरमैनों/फायर ड्राइवरों को निगम रोल पर कर दिया गया है। अब कर्मचारियों को निगम रोल पर करने के लिए सूची तैयार करके नगर निगम गुरुग्राम की वेबसाइट पर आपत्तियों हेतु अपलोड की गई है। सफाई कर्मचारियों बारे आपत्तियों का निपटान 30 नवम्बर तक, सीवरमैनों बारे आपत्तियों का निपटान 26 तक संबंधित संयुक्त आयुक्तों द्वारा किया जाना है।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत एक घायल

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 50 मेट्रो स्टेशन के पास बृहस्पतिवार सुबह सड़क हादसे में युवती सहित दो लोगों की मौत हो गई व एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना सेक्टर 49 के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया, होशियारपुर गांव में रहने वाले अवध सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि उनका साला सोनू, साली प्रिया फर्रुखाबाद से आए थे व सुबह छह बजे के करीब किसी अन्य व्यक्ति के साथ कहीं जा रहे थे। सेक्टर 50 मेट्रो स्टेशन के पास अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रक चालक फरार है उसकी तलाश की जा रही है।

## गुरुवार को 390 तक पहुंचा एक्यूआई

# औद्योगिक नगरी में बढ़ा प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद




एक बार फिर हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा है। ऐसा हवा की रफ्तार कम होने के कारण हो रहा है। हवा में प्रदूषक तत्व पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 का स्तर मंगलवार के मुकाबले बुधवार को बढ़कर 275 माइक्रोग्राम तथा अब वीरवार को 390 प्रतिघन मीटर तक पहुंच गया जबकि मंगलवार को यह 195 माइक्रोग्राम प्रतिघन मीटर था। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिन में बरसात होने की संभावना है। बरसात होती है तो प्रदूषण का स्तर घटकर सामान्य हो जाएगा।

रविवार को चली तेज हवा के कारण वायु प्रदूषण कुछ कम हो गया था और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर 200 माइक्रोग्राम प्रतिघन मीटर से भी नीचे आ गया था। एक बार फिर हवा थमने और बरसात न होने के कारण फिर से आसमान में धूल कण जमा होने के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ना शुरू हो गया था। वीरवार को एक बार फिर एक्यूआई का स्तर बढ़कर 390 माइक्रोग्रोम प्रतिघन मीटर तक पहुंच गया, जोकि सेहत के लिए खराब है। मंगलवार को एक्यूआई का स्तर 192, बुधवार को 273 माइक्रोग्राम प्रतिघन मीटर था। हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को बीमारियां घेरने लगी हैं। लोगो को आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ होने लगी है।

### दो-तीन दिन में हो सकती है वर्षा

हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी जयभगवान शर्मा के अनुसार यदि एक-दो दिन में बरसात नहीं हुई तो प्रदूषण का स्तर दोबारा खतरनाक स्तर पर पहुंच जाएगा। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार अगले दो-तीन दिन में बरसात की संभावना है।

### आग लगाने की घटनाओं पर नहीं लग रही रोक

नगर निगम की आयुक्त सोनल गोयल के आदेशों को अधिकारी धत्ता बता रहे है। निगमायुक्त ने अपने आदेशों में साफ-साफ कहा है कि दमकल विभाग अपनी गाड़ियों से रोजाना शहर की सड़कों पर लगे पेड़ों को पानी की बौछार मारकर साफ करें।

निगम के सभी टैंकर बड़ी व छोटी सड़कों पर पानी का निरन्तर सुबह और शाम के समय छिड़काव करें, लेकिन मात्र कुछ प्रदूषण के कम होते ही सभी छिड़काव कार्य बंद हो गया।

### गुरुवार को भी कई स्थानों पर कूड़ा जलाया गया

नगर निगम के लाख प्रयासों के बावजूद कूड़े में आग लगाने की घटनाओं पर रोक नहीं लग रही है। वीरवार को भी कई स्थानों पर कूड़े में आग लगाने की घटनाएं सामने आई। निगम द्वारा जारी शिकायती नम्बर पर शिकायत करने के बावजूद अधिकारी कूड़ा जलाने वाले लोगों का चालान नहीं काट रहे है। बुधवार को निगम के एमओएच के नम्बर पर शिव हरिजन कालोनी तिगांव रोड़ पर शौचालय वाली गली में एक व्यक्ति के कूड़ा जलाने की शिकायत की गई थी। एमओएच ने शिकायत को संबंधित टीम को फारवर्ड भी कर दिया लेकिन उसका चालान अभी तक नहीं हो सका। गुरुवार को भी बल्लभगढ़ मैट्रो स्टेशन के नीचे फल विक्रेताओं ने कूड़ा में आग लगा दी थी। जिसकी फोटो वायरल होने के बाद कुछ भी कार्रवाई नहीं की गई।

## मेयर, नगर आयुक्त साथ आए, शहर को कचरा मुक्त करने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



मेयर आशा शर्मा व नगर आयुक्त दिनेश चंद्र के बीच चल रहे विवाद का गुरुवार को उस समय पटाक्षेप होता नजर आया जब दोनों ने नगर निगम सभागार में संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया।

दोनों ने संयुक्त रूप से कहा कि गाजियाबाद को स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 में देश में नंबर वन पर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया। इसके लिए दोनों ने आगामी कुछ समय के लिए स्वच्छता को लेकर की तैयार की गई रणनीति का भी खुलासा किया। जिसमें सभी कर्मचारियों अधिकारियों का दायित्व निर्धारित किया कि वे खुद अपना दायित्व निर्धारित कार्य करेंगे।

उन्होंने सभी कर्मचारी व अधिकारियों के अवकाश निरस्त करने का निर्णय भी लिया है। मेयर ने कहा कि सब लोग सामूहिक रूप से मेहनत करके इस मिशन को आगे बढ़ाएंगे व सफलता हासिल करेंगे।

### मदभेद हुए दूर मिलकर करेंगे कार्यः आशा

खास बात यह है कि मेयर आशा शर्मा ने कहा कि नागरिक व उनके बीच कोई मतभेद कोई मतभेद ना था ना है और ना रहेगा। मेयर आशा शर्मा ने कहा कि कुछ कम्युनिकेशन के कारण दिक्कतें थे उनको दूर कर दिया गया है और अब शहर हित में सामूहिक रूप से सभी काम करेंगे।

### खोड़ा में प्रदूषण फैलाने पर 18 हजार का जुर्माना वसूला

**गाजियाबाद।** खोड़ा नगर पालिका परिषद इलाके में पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले लोगों के खिलाफ जुर्माना लगाने का अभियान गुरुवार को भी जारी रहा। आज आधा दर्जन से भी अधिक लोगों पर लगभग 18हजार रुपये का जुर्माना आरोपित किया गया। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी केके भड़ाना ने बताया कि परिषद इलाके में आने वाले करण विहार आदर्श नगर प्रगति विहार राजीव विहार वंदना एनक्लेव दीपक विहार संगम बाग पार्क और नरेश विहार में पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले लोगों पर 18हजार का जुर्माना लगाया गया। इन सभी लोगों का नाम सरकार के पर्यावरण शत्रु वेबसाइट पर डाल दिया गया है। खोड़ा इलाके में कूड़ा जलाने के मामले में भी कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

## एनसीसी नेवल के कैडेट्स ने निकाली पराली जलाने के खिलाफ रैली




**फरीदाबाद।** पराली जलाने से होने वाले नुकसान को लेकर एनसीसी की हरियाणा नेवल यूनिट के कैडेट्स द्वारा गुरुवार को एक जागरूकता रैली निकाली गई।

इस पराली जलाओ विरोधी रैली को आज पाईनवुड इंटरनेशनल बोर्डिंग स्कूल के प्रिंसीपल नरेन्द्र परमार ने अपने पावटा स्थित स्कूल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली के माध्यम से एनसीसी नेवल के कैडेट्स ने पाली और आसपास के गांवों के लोगों को पोस्टर, पम्पलेट्स और तख्ती के माध्यम से पराली जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से ग्रामीणों को अवगत कराया।

एनसीसी नेवल के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर अजय राजपुरोहित ने इस काम के लिए सभी कैडेट्स को बधाई भी दी।

## 'सकारात्मक सोच विकसित करने का मंच है राहगीरी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम





■ आम जनता को राहगीरी कार्यक्रम से जोड़ने के लिए तालमेल बनाकर कार्य करें अधिकारी

राहगीरी कार्यक्रम मनोरंजन के साथ-साथ लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करने का भी मंच है।

जिला व पुलिस प्रशासन एक अच्छी थीम के साथ अधिक से अधिक लोगों की भागीदारिता सुनिश्चित कर इस कार्यक्रम का आयोजन करे तो निश्चित रूप इसका फायदा बड़े स्तर पर लोगों को मिलेगा। मुख्यमंत्री के विशेष अधिकारी एवं एडीजीपी ओपी सिंह ने राहगीरी कार्यक्रम के आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राहगीरी कार्यक्रम को हर बार नया रूप देने का प्रयास किया जाए। शारीरिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरुकता लाने जैसे कार्यक्रम भी इसमें शामिल किए जाएं। जिला में नई प्रतिभाओं को आगे आने के अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि राहगीरी मंच के माध्यम से उनकी प्रतिभा में और निखार आए। इस कार्यक्रम के आयोजन से समुदाय निर्माण संभव होगा। उन्होंने कहा कि राहगीरी कार्यक्रम में राहगीरी महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके माध्यम से लोगों को आपस में मिलने-जुलने के लिए एक प्लेटफार्म मिलता है तथा समाज में सहयोग की भावना विकसित होती है। जिससे सामाजिक ताना-बाना और अधिक मजबूत बनता है।

यह केवल बड़ों के लिए ही नहीं बल्कि बच्चों के लिए महत्व रखती है। यह लोगों को स्ट्रैसफ्री लाइफ देने के साथ साथ उन्हें शारीरिक तौर पर तंदुरूस्त रहने के लिए प्रेरित करता है। आम जनता को राहगीरी कार्यक्रम से जोड़ने हेतु अधिकारी, कर्मचारी आपस में अच्छा तालमेल बनाते हुए काम करें।

### कार्यक्रम के लिए करेंगे खास तैयारी

इस दौरान एसीपी उषा कुंडु ने बताया कि गुरुग्राम में इस बार की राहगीरी के लिए खास तैयारी की जाएगी। गुरुग्राम जिला जल्द ही राहगीरी को लेकर प्रदेश के अन्य जिलों के लिए उदाहरण बनेगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग में एसीपी हैडक्वार्टर उषा कुंडु, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सारवन, उप जिला शिक्षा अधिकारी संगीता सहित कई अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जीएसटी को लेकर विभाग हुआ गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



केंद्र व प्रदेश सरकार गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) को लेकर गंभीर होती दिखाई दे रही है। जो कारोबारी जीएसटी के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके ऊपर सरकार ने कार्रवाई करने का मन बना लिया है। इस कार्रवाई के तहत उनके जीएसटी पंजीकरण को निरस्त तक भी किया जा सकता है। कर सलाहकार पंकज वर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएसटी को लेकर सरकार बड़ी गंभीर है। विभाग के भरोसेमंद सूत्रों का कहना कि विभाग उन कारोबारियों पर कार्रवाई करने जा रहा है, जिन्होंने पिछले 6 माह से जीएसटी रिटर्न नहीं भरी है व जिन व्यापारियों ने जीएसटीआर-3बी व जीएसटीआर-1 पिछले 6 माह से नहीं भरी है तथा टैक्स का भुगतान भी नहीं किया है, उनका जीएसटी पंजीकरण आगामी 25 नवम्बर से निरस्त हो सकता है। विभाग की पूरी हिदायत है कि वे कारोबारी जिनका जीएसटी पंजीकरण निरस्त हो जाएगा, वे यह न समझें कि जीएसटी से उनका पीछा छूट गया है। उनकी रिटर्न इन लेट फीस, बकाया टैक्स बनता है, उसका उन्हें भुगतान ही करना ही पड़ेगा। अधिकारी पर निर्भर है कि वह पंजीकरण निरस्त करते समय या उसके बाद टैक्स की क्या असेसमेंट करता है।

## 'अधूरे कार्य जल्द पूरा कराएं अधिकारी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



अतिरिक्त उपायुक्त एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव मोहम्मद इमरान रजा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी के तहत एजेंडे में शामिल 25 बिंदुओं के संबंध में संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो कार्य अभी अधूरे हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाए तथा जो कार्य पूरे हो चुके हैं, उनकी एटीआर जल्द भेजी जाए।

आरटीए इमरान रजा ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए जाएं कि वे अपनी बसों में सुरक्षा के सभी इंतजाम पूरे कर लें। सर्दी में धुंध जैसी परिस्थिति से बचने के लिए सभी वाहनों व अन्य मुख्य स्थानों पर रिफलेक्टर टैप चस्पा किए जाएं। इस बैठक में उन्होंने पिछली बैठक में की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा महत्वपूर्ण विषय है जिसके लिए हम सभी को जागरूक होना होगा। उन्होंने बैठक में आए विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कों पर लोगों की सुविधानुसार आवश्यक कार्रवाई करवाना सुनिश्चित करें।

सड़क सुरक्षा एक गंभीर विषय है जिस पर सभी अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। ऐसे में किसी भी प्रकार के ढुल-मुल रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों को सरहौल टोल पर हाई मास्ट लाइट लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनएचएआई इस बारे में आवश्यक कार्रवाई करते हुए इसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट दो दिन में रोड सेफ्टी कमेटी को सौंपे।

इसके अलावा उन्होंने सदर बाजार के पास पैदल यात्रियों के चलने के लिए क्रॉसिंग संबंधी व्यवस्था करवाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक संबंधित सूचना बोर्ड लगवाने के निर्देश नगर निगम अधिकारियों को दिए।

### स्कूली बसों में होने चाहिए सुरक्षा के जरूरी इंतजाम

एडीसी ने शिक्षा विभाग के अफसरों को निर्देश देते हुए कहा कि वे स्कूल संचालकों से बैठक करे और उन्हें स्कूल बसों में सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दें।

## नौकरी बचाने को खुले आसमान के नीचे डटे हैं होण्डा के श्रमिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

होण्डा के अस्थायी श्रमिकों का नौकरी बचाने को लेकर धरना 17वें दिन भी जारी रहा। सैकड़ों की संख्या में श्रमिक कंपनी गेट के बाहर डटे हैं।

रोजी-रोटी को लेकर सर्दी के इस मौसम में खुले आसमान के नीचे श्रमिकों ने अपना आशियाना बनाया हुआ है। बदलते मौसम व प्रदूषण के चलते कई श्रमिक बीमार भी हो गए हैं, लेकिन कंपनी प्रबंधन का दिल पसीजता दिखाई नहीं दे रहा है। आंदोलनरत श्रमिकों की हौंसला अफजाई करने के लिए श्रमिक नेताओं का धरना स्थल पर पहुंचना जारी है। श्रमिक नेता अनिल पंवार व कुलदीप जांघू का कहना है कि श्रम विभाग के अधिकारियों ने आंदोलनरत श्रमिकों को आश्वस्त किया था कि कंपनी प्रबंधन व उनके बीच समझौता करा दिया जाएगा, लेकिन यह समझौता आज तक भी नहीं हुआ है।

इसी को ध्यान में रखते हुए आंदोलनरत श्रमिकों ने कंपनी परिसर भी खाली कर दिया था। श्रमिक खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि हालांकि श्रम विभाग ने आज फिर बैठक बुलाई हुई है, लेकिन नहीं लगता कि इसमें भी समझौता हो जाएगा।

## होमगार्ड घोटालाः पांच अधिकारी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में होमगार्ड वेतन घोटाला मामले में गिरफ्तार होमगार्ड विभाग के पांच अधिकारियों को अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

गौतमबुद्ध नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि होमगार्ड वेतन घोटाले में गिरफ्तार मंडलीय कमांडेंट राम नारायण चौरसिया, सहायक जिला कमांडेंट सतीश चंद, अवैतनिक प्लाटून कमांडर सतवीर यादव, शैलेंद्र कुमार व मिंटू कुमार को बुधवार की शाम अदालत में पेश किया गया, जहां से इनको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले में कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। एसएसपी ने बताया कि नोएडा में होमगार्ड वेतन घोटाले का खुलासा होने के बाद, इस मामले में लखनऊ में भी मुकदमा दर्ज हुआ है व लखनऊ पुलिस ने गुरुवार को वहां के होमगार्ड विभाग के जिला कमांडेंट जय प्रकाश पांडे को गिरफ्तार किया है। नोएडा पुलिस भी जय प्रकाश पांडे से पूछताछ करेगी, ताकि घोटाले की एक-एक कड़ी को जोड़ा जा सके। जांच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई है, जिसके आधार पर कुछ अन्य लोगों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। गौरतलब है कि फर्जी मस्टररोल तैयार करके होम गार्डों के वेतन के करोड़ों रुपए डकारने का मामला 11 नवंबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

## सेठ ने सेमीनार में उपग्रह के बारे में विस्तार से बताया

# एशिया प्रशांत के देशों के प्रतिनिधि भारत की सैटेलाइट संचार प्रणाली से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



भारत संचार निगम लिमिटेड गाजियाबाद में 'सैटेलाइट संचार प्रणाली' पर एशिया प्रशांत देशों का अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार बुधवार को यहां ऑल्ट सेंटर के सभागार में सम्पन्न हुआ। सम्मलेन में एशिया प्रशांत क्षेत्र से, भारत सहित श्रीलंका, अफगानिस्तान, म्यांमार, नेपाल, भूटान, थाइलैंड, इंडोनेशिया, मंगोलिया और सिंगापुर देशों के 15 प्रतिनिधि शामिल हुए। सेमिनार का आयोजन प्रशांत टेलीकम्यूनिटी' नामक अंतर्राष्ट्रीय संस्था एवं अल्ट सेंटर ने संयुक्त रूप से किया। सेमीनार में सभी विदेशी एवं भारत के प्रतिनिधियों का भारतीय संस्कृति के अनुरूप परंपरागत तरीके से तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। इस अवसर पर अल्ट सेंटर के मुख्य महाप्रबंधक एमके सेठ ने सेमीनार के विषय को विस्तार से बताते हुए कहा कि पृथ्वी के चारों तरफ कक्षा में स्थित किसी उपग्रह की सहायता से एक जगह से दूसरी जगह तक सूचना को पहुंचाना उपग्रह संचार कहलाता है।

इसी संचार के कारण हम दुनिया के किसी भी कोने में हो रहे मैच का लाइव टेलीकास्ट भी देख सकते हैं। आप यकीन नहीं करेंगे इस वक्त हमारे सर के ऊपर 2000 से भी अधिक मानव निर्मित उपग्रह घूम रहे हैं जो विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए पृथ्वी की कक्षाओं में छोड़े गए हैं ताकि विभिन्न प्रकार का संचार अधिक अच्छा बनाया जा सके।

## जिले में टीबी से ग्रस्त 20 बच्चों को चिकित्सकों ने लिया गोद



**गाजियाबाद।** जिला क्षय रोग अधिकारी डा. जेपी श्रीवास्तव ने गुरुवार को जनपद में कार्यरत समस्त 16 यूनिटों के साथ बैठक की। बैठक में 9 इंडिकेटर्स (संकेतक) के आधार पर समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया जनपद में अब तक 18 वर्ष से कम आयु वाले टीबी पीड़ति 20 बच्चों को गोद लिया गया है। उन्होंने बताया ड्रग इंस्पेक्टर पूरन सिंह ने 10 बच्चों को गोद लेने का निर्णय लिया है। इसके अलावा जनपद की ड्रग एंड केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष हृदेश कंसल ने 10 बच्चों को गोद लेने की घोषणा की है। इसके साथ ही एसोसिएशन टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के अलावा 18 साल से छोटे टीबी से ग्रसित बच्चों के मामले में आगे भी सहयोग करने का आश्वासन दिया है। जिला क्षय रोग अधिकारी की अध्यक्षता में 'जीत' प्रोजेक्ट के अंतर्गत टीबी नियंत्रण कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए जिला एमएमजी अस्पताल के सभागार में ड्रग एंड केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक बुलाई गई थी।

**खबर संक्षेप**



## गृहमंत्री को बधाई देने पहुंचे भानी राम मंगला

**चंडीगढ़।** हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन भानी राम मंगला अपने स्टाफ के साथ सूबे के गृह मंत्री अनिल विज से मिले और उन्हें बधाई दी। इसके अलावा हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एमडी केके मिश्रा और मुख्य अभियंता संजय महाजन भी मंत्री अनिल विज को बधाई देने पहुंचे। हरियाणा सचिवालय के आठवें तल पर स्थित गृह मंत्री के ऑफिस में कई अन्य प्रशासनिक अफसरों ने भी मुलाकात की।

## मेवात और नूंह में बच्चों का टीकाकरण होगा

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा सघन मिशन इन्द्रधनुष 2.0 के तहत देशभर में 25 दिसम्बर से मार्च 2020 तक चलाए जाने वाले युनिवर्सल टीकाकरण अभियान के तहत हरियाणा के पलवल एवं नूंह जिलों में सभी गर्भवती महिलाओं तथा 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने बृहस्पतिवार हरियाणा सहित अन्य राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ वीडियों कांफ्रेसिंग का आयोजन किया गया। इसमें भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं मिशन के अतिरिक्त सचिव सुश्री वंदना गुरनानी, हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अमित झा एवं मिशन निदेशक सुश्री एमनीत पी कुमार प्रमुख तौर पर उपस्थित थे।

## निर्वाचक नामावलियों का सत्यापन होगाः अग्रवाल


**चंडीगढ़।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष सार पुनरीक्षण और निर्वाचक सत्यापन हेतु कार्यक्रम जारी किया है। प्रदेश मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि 22 नवंबर को हरियाणा में निर्वाचक सत्यापन कार्यक्रम का शुभारभ करनाल से किया जाएगा। स्वीप की सहायता से अभियान के रूप में निर्वाचक सत्यापन कार्यक्रम (ईवीपी) 20 दिसंबर 2019 तक चलाई जाएंगी।उन्होंने बताया कि नागरिक वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप, एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से या बीएलओ के माध्यम से ईआरओ को एक भरे हुए फार्म की हार्ड कॉपी भेजकर भी अपने निर्वाचक विवरण की जांच कर सकते है। यदि निर्वाचक विवरण में कोई त्रुटि पाई जाती है तो प्रविष्टियों के शोधन के लिए स्वतः फार्म 8 जरनेट हो जाएगा और इस फार्म के माध्यम से सही विवरण जमा हो जाएगा। किसी सदस्य की मृत्यु या स्थान बदलने के मामले में फार्म 7 के ऑटोमेटिक जनरेशन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। अग्रवाला ने कहा कि इससे मतदाताओं को सुविधा होगी।

# भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज से, संगठन चुनाव पर चर्चा होगी

## गुरुग्राम में जुटेंगे दिग्गज, बैठक में विधायकों को भी आमंत्रित किया गया

■ राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी शिरकत करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़





भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक का आयोजन गुरुग्राम में किया जा रहा है 22 नवम्बर से शुरू दो दिवसीय बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के सभी नेता अलग अलग सत्रों के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों और कार्यों पर चर्चा करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी एल संतोष विशेष रूप से बैठक में मौजूद रहेंगे, हरियाणा भाजपा के प्रभारी डॉ अनिल जैन, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला, प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश भट्ट समेत कई नेता बैठकों में शिरकत करेंगे। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### रोडमैप होगा तैयार

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि संगठनात्मक दृष्टि से संगठन के काम को और गति देने और आगे के रोडमैप के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति की बैठको का आयोजन करती है। विगत माह में हरियाणा में विधानसभा चुनाव हुए है उस दृष्टि से यह बैठक और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। शाम 4 बजे से बैठकों का दौर शुरू हो जाएगा, पहली बैठक गुरुग्राम के सिविल लाइन में स्थित जॉन हाल में होगी। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के सभी 40 नवनिर्वाचित विधायको को आमंत्रित किया गया है, उसके तुरंत बाद विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों व संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा की जाएग। 23 नवम्बर को बैठकों का दूसरा दौर गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम में रहेगा। प्रदेश में कार्यसमिति की बैठक के लिए प्रदेश कार्यसमिति के सभी सदस्य कार्यकर्ता, सभी विधायक, सभी सांसद, विधानसभा चुनाव के सभी प्रत्याशी बैठक में हिस्सा लेंगे।

### चुनाव परिणामों की समीक्षा रिपोर्ट पेश की जाएगीः भट्ट





भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा के संगठन महामंत्री सुरेश भट्ट ने विशेष जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव के परिणामों पर समीक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सभी विधानसभाओं पर हुई समीक्षा बैठकों की एक रिपोर्ट को भी प्रदेश कार्यसमिति में रखा जाएगा, उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनावों को लेकर हो रही समीक्षा बैठके 22 नवंबर तकसभी जिलों में हो चुकी होंगी। इसके साथ ही हरियाणा में भाजपा संगठन के नाते जो चुनाव होने है उनकी भी रुपरेखा तैयार की जाएगी।

## ओम बिरला से मिले ज्ञानचंद गुप्ता



**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने बृहस्पतिवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में गुप्ता ने हरियाणा में 26 को बुलाए गए एक दिन के विशेष सत्र की जानकारी भी दी।

## सकसं ने मांगों को लेकर सीएम को पत्र लिखा

**चंडीगढ़।** सर्व कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कर्मचारियों की लंबित मांगों एवं समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, महासचिव सतीश सेठी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश शास्त्री ने बताया कि प्रदेश का कर्मचारी पिछले पांच साल जन सेवाओं के निजीकरण व सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ और कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने, ठेका प्रथा समाप्त कर सभी प्रकार के पार्ट टाइम व अनुबंध कर्मियों को पक्का करने सहित अन्य मांगों को उल्लेख किया गया है।

## भारतीय उद्योग प्रसंघ के सदस्य मुख्यमंत्री से मिले

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल से यहां भारतीय उद्योग प्रसंघ (सीआईआई) के नॉर्थन रिजन के चेयरमैन समीर गुप्ता की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और उन्हें पुनः मुख्यमंत्री बनने के लिए बधाई दी।

# वित्त विभाग में रन-थ्रू-फाइल सिस्टम की तैयारी

## मुख्यमंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक, महत्वपूर्ण फाइलों को तुरंत निपटाया जाएगा

■ राजकोषीय स्थिति पर भी बैठक में चर्चा हुई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वित्त विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महत्वपूर्ण मामलों की फाइलों के त्वरित निपटान के लिए रन-थ्रू-फाइल (आरटीएफ) प्रणाली को विकसित करें ताकि ऐसे महत्वपूर्ण मुददों की फाइलों का जल्द से जल्द निपटान हो सके। मुख्यमंत्री यहां वित्त विभाग के संचालन से संबंधित विभिन्न कार्यप्रणाली व क्रियाकलापों के बारे में आयोजित की गई एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने वित्त विभाग के संचालन और राज्य की राजकोषीय स्थिति के संबंध में एक प्रस्तुति भी दी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को सुझाव देते हुए कहा कि संबंधित विभाग ऐसी महत्वपूर्ण फाइलों के त्वरित निपटान के लिए वित्त विभाग और मुख्यमंत्री कार्यालय हेतु विभिन्न प्रश्नों के लिए तैयार चेकलिस्ट की सुविधा भी प्रदान करें, ताकि महत्वपूर्ण मुददों की फाइलों को जल्द से जल्द से निपटाया जा सकें। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग के कार्य की प्रशंसा करते हुए सुझाव दिया कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि व इक्विटी के लिए विभाग को विभिन्न सुधारों को शुरू करना चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री प्रधान सचिव राजेश खुल्लर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**चंडीगढ़।** वित्त विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### ऑनलाइन स्थानांतरण नीति तैयार करेंः सीएम

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी विभागों के प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीन हर श्रेणी के कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन स्थानांतरण नीति तैयार करें, जहां स्वीकृत पदों की संख्या 500 से ज्यादा है। इसके साथ-साथ कर्मचारी संघों से चर्चा कर कर्मचारियों की डाटा एंट्री की तिथि 28 फरवरी, 2019 मानकर मुख्य सचिव कार्यालय से अनुमोदित करने उपरांत अपलोड करें। इसके अलावा, अधिकारी बोर्डों, निगमों व विश्वविद्यालयों तथा प्राधिकरण के कर्मचारियों के डाटा भी 25 दिसम्बर 2019 तक अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग की ऑनलाइन स्थानांतरण नीति की न केवल हरियाणा में प्रशंसा हो रही है बल्कि दूसरे राज्य भी इसका अनुसरण कर रहे हैं। यह अधिकारियों के लिए गर्व की बात है।

## जालंधरः आश्वासन पर डॉक्टरों ने हड़ताल का फैसला लिया वापस

**जालंधर।** जुआ लूट मामले में सिविल अस्पताल आए घायलों द्वारा डॉ. राज कुमार बद्धन से किए बुरे व्यवहार पर भड़के डाक्टर शांत हो गए। पुलिस प्रशासन के साथ बैठक के बाद डॉक्टरों ने वीरवार को हड़ताल करने का फैसला वापस ले लिया।अस्पताल के डॉ. राज कुमार बद्धन ने बताया कि डीसीपी गुरमीत सिंह के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान उन्होंने आरोपितों को गिरफ्तार करने की बात कही। इसके अलावा सिविल अस्पताल में इमरजेंसी में डॉक्टरों व स्टाफ की सुरक्षा के लिए हर समय दो पुलिस मुलाजिमों की तैनाती करने के आदेश दिए है। इसके अलावा बड़ा मामला होने पर थाना नंबर चार से भी पुलिस मुलाजिम मौके पर पहुंचेंगे। डॉ. बद्धन ने कहा कि मांगे पूरी होने के बाद वीरवार को हड़ताल करने का फैसला वापस ले लिया गया है। पीसीएमएस डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रधान डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि निजी अस्पताल ने आरोपितों को छुट्टी दे दी थी। उसके बाद पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी कर ली है। वहीं अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी करने का आश्वासन दिया है। इसके बाद एसोसिएशन ने वीरवार को हड़ताल न करने का फैसला किया है।

## पंजाबः शिक्षा मंत्री के हलके में रोष रैली करेंगे अध्यापक

**गुरदासपुर।** अध्यापकों की मांगों को लेकर डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट पंजाब 22 नवंबर को डीईओ (स) व डीईओ (ए) के माध्यम से शिक्षा मंत्री पंजाब को मांगपत्र भेजेगा। इस संबंध में दविदर सिंह पुनिया की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्री के विधानसभा हलके संगरूर में विशाल एकत्र कर रोष मार्च भी किया जाएगा। जिला गुरदासपुर के प्रधान हरजिदर सिंह वडाला बांगर व महासचिव प्रिसिपल अमरजीत सिंह मनी ने बताया कि पंजाब सरकार रेशनेलाइजेशन की आड़ में स्कूलों में हजारों पोस्टें खत्म कर सरकारी नौकरी की उम्मीद लगाकर संघर्ष कर रहे बेरोजगार अध्यापकों के सपनों को चकनूचार कर रही है। शिक्षा सचिव पंजाब द्वारा अध्यापकों की औचक छुट्टियों पर कटौती लगाकर अधिकारों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। संगठन ने वर्दियों की राशि 1500 रुपये करने, वरिष्ठता सूचि में संशोधन करके लेक्चरारों की स्कूल मुखियों व मास्टर कैडर की उन्नतियां करने व स्कूली खेलों के लिए फंड व योग्य प्रबंध करने की मांग करेगी।

### धुंध बढ़ने से पहले रेलवे ने रद की ये प्रमुख 16 ट्रेनें

**अमृतसर।** सर्दी और धुंध बढ़ने से पहले ही रेलवे ने दिसंबर से विभिन्न रूटों पर जाने वाली करीब 16 ट्रेनों को रद कर दिया है। इनमें कई मुख्य ट्रेनें शामिल हैं, जिनसे यात्री परेशान होंगे। उन्हें बसों में ज्यादा किराया खर्च कर यात्रा करनी पड़ेगी। नए आदेश के मुताबिक इनमें से 16 दिसंबर से अधिकतर ट्रेनें 3 फरवरी, 2020 तक रद रहेंगी।


## सीवरेज लाइन हादसाः ठेकेदार और इंजीनियर के खिलाफ केस दर्ज

■ अकाली दल ने उठाई मुआवजे की मांग

**खन्ना (पंजाब)।** शहर की जगत कॉलोनी में सीवरेज लाइन के गड्ढे में मिट्टी गिरने से हुई दो मजदूरों की मौत मामले में ठेकेदार प्रेम और इंजीनियर गुरविंदर सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 304-ए और 34 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह मामला हादसे में घायल हुए तीसरे मजदूर रमन कुमार यादव की शिकायत पर दर्ज किया है। इसके अलावा वीरवार को अकाली नेताओं ने भी स्थानीय एसडीएम और एसएचओ से मुलाकात कर सीवरेज ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज होने के साथ मजदूरों के परिवारों को मुआवजा भी दिया जाए। इस पर एसडीएम ने जांच का आश्वासन दिया है। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि ठेकेदार पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने के लिए तैयार हो गया है। दूसरी तरफ सीवरेज लाइन के लिए किए गए गड्ढे से बगल में एक घर में दरारें आ गईं। घर के मालिक ने भी इस नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। साथ ही स्थानीय लोगों ने इस गड्ढे को जल्द भरने की अपील भी की। इस पर ठेकेदार वीरवार शाम तक गड्ढा भरने की बात कही है।


## लावारिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्ची जिसका नामः पूजा, पत्नीः गेंदा लाल, पताः मथुरा, उ0प्र0, उम्रः 30 वर्ष, जो दिनांक 30.09.2019 से थानाक्षेत्र निहाल विहार, दिल्ली को दिमागी हालात कमजोर दिल्ली के निहाल विहार स्थित स्वर्ग वृद्ध आश्रम के सामने से लावारिस पायी गयी है। इस बाबत DD No. 88-B, दिनांक 30.09.2019 से थाना निहाल विहार, दिल्ली में दर्ज है। अनेक प्रयासों के बावजूद भी इस महिला के माता पिता के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। लावारिस महिला का ब्योरा इस प्रकार हैः रंगः सॉवला, कदः 5'2" फीट, चेहराः गोल, पहनावाः नीले रंग की कुर्ता–सलवार



पूजा


अगर इस लावारिस महिला के माता पिता के बारे में कोई जानकारी मिले तो इसकी सूचना थाना निहाल विहार, दिल्ली को ई–मेलः cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइटः http://cbi.nic.in फोन नम्बरः 011-24368638 or 24368641 पर दें।

थानाध्यक्ष
थाना निहाल विहार, दिल्ली
फोन नं0 011-25946700, 25946710

DP/2861/OD/19

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष जिसका नाम **सुभाष, पुत्र लक्ष्मी**, पता– सीएन–149, सोनिया कैंप, पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली। उक्त पुरुष दिनांक 01/10/2019 से पुलिस थाना पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली के क्षेत्र से गुमशुदा/अपहृत है। इस संबंध में डी डी नं 23–ए दिनांक 18/10/2019 पुलिस थाना पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा/अपहृत पुरुष की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा/अपहृत पुरुष का विवरण इस प्रकार हैः



सुभाष

**नामः** सुभाष, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** 40 वर्ष, **कदः** 5'8", **रंगः** गेहुआ, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** हरे रंग की टी–शर्ट, नील रंग की आधी पैंट ओर पैरो में नील रंग की हवाई चप्पल पहने हुआ है।

इस गुमशुदा/अपहृत पुरुष के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली को सूचित करे।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली
फोन न.: 011-25267286

DP/2871/OD/19



## उत्तर रेलवे

### खुली ई–निविदा सूचना

संख्याः128–W/280/ई–निविदा सूचना/40/2019–20/W–3 दिनांक 19.11.2019

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, नई दिल्ली मंडल के अंतर्गत अधिकार क्षेत्र में स्वस्थानी आरसीसी सीमा की दीवार में प्री कास्ट/कास्ट का निर्माण और उसके अनुभाग में विभिन्न स्थानों पर अन्य सभी संबद्ध कार्य। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु. 6,42,40,934.12 (छह करोड़ बयालिस लाख चालीस हजार नौ सौ चौंतीस रुपये और बारह पैसे केवल) |
| 3. | बयाना राशि | रु. 4,71,200.00 (चार लाख इकहत्तर हजार दो सौ रुपये केवल) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.11800/– |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 13.12.2019 को 15.00 बजे तक। |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा आईआरपीएस वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नही की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी

3733/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## बिक्री सूचना

(दिवालियापन एवं बैंकरप्सी कोड 2016 के प्रावधानो के अनुरूप परिसम्पतियों की बिक्री हेतु)

### कार्पोरेट कर्जदार का विवरण

कम्पनी का नाम : जे.वी. स्ट्रिप्स लिमिटेड (ऋणशोधन के तहत)
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नं. 1बी1, ट्विन डिस्ट्रिक्ट सेंटर, 8वां तल, किंग्स मॉल, सेक्टर-10, रोहिणी, दक्षिण दिल्ली

### ई-नीलामी का विवरण

ई नीलामी की तिथि : 27 नवम्बर 2019
ई-नीलामी का समय : पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 12.30 बजे (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार सहित)

### प्राधिकृत व्यक्ति

नाम : श्री रवि चौधरी सम्पर्क नं. +91-9711813299

यह सूचना आदेश दिनांक 18 फरवरी 2019 के तहत माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली पीठ न्यायालय II, नई दिल्ली द्वारा नियुक्त ऋणशोधक द्वारा निर्मित ऋणशोधन सम्पदा का भाग बनाते हुये जे.वी. स्ट्रिप्स लिमिटेड (ऋणशोधन के तहत) द्वारा मालिकाना प्राप्त परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों की बिक्री हेतु है। बिक्री ई–नीलामी प्लेटफार्म https://www.eauctions.co.in के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| परिसम्पत्ति | ब्लॉक | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि |
|---|---|---|---|
| प्लांट एंड मशीनरी (कार्पोरेट देनदार के 44 किमी माइल स्टोन, दिल्ली रोहतक कॉरिडोर, बहादुरगढ़, हरियाणा में फैक्टरी परिसर में स्थापित विशेष औद्योगिक शैड, वाहन, फर्नीचर इत्यादि) | ब्लॉक-1 | रु. 3,07,42,410 | रु. 30,74,241 |

टिप्पणी/यां : यह बिक्री सूचना परिसम्पत्तियों के विवरण, ऑनलाइन ई नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणा एवं आश्वासन प्रपत्र, ई नीलामी बिक्री के सामान्य नियम व शर्तो के विवरण निहित पूर्ण ई नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज जोकि वेबसाइट https://www.eauctions.co.in पर उपलब्ध है, के सम्बन्ध में पढ़ी जाएगी। आप कृपया किसी सहायता अथवा मदद, यदि अपेक्षित हो, हेतु श्री जिनेश जरीवाला @ 91-9337046315 ई-मेल आईडी admin@eauctions.co.in पर सम्पर्क कर सकते हैं।

1. ई-नीलामी अनुमोदित सेवाप्रदाता मै. लिंकस्टार इंफोसिस प्राईवेट लिमिटेड के माध्यम से "जैसा है जहां है", "जो है जैसा है" और "जो भी है यहां है" आधार पर आयोजित की जाएगी।
2. इच्छुक बोलीदाताओं को, अपनी बोली जमा करवाने से पूर्व, सम्पत्तियों के टाइटल, स्थानीय टैक्स, विद्युत एवं जल परिव्यय, रखरखाव परिव्यय, यदि कोई हो, के सम्बन्ध में अपनी स्वतंत्र इंक्वायरी करनी चाहिए और अपने स्वयं के व्यय पर सम्पत्ति का निरीक्षण कर स्वयं को संतुष्ट करना चाहिए। उपरोक्त सम्पत्ति का निरीक्षण स्थल पर संभाव्य बोलीदाताओं द्वारा श्री रवि चौधरी से सम्पर्क करते हुये पूर्व अनुमति सहित किया जा सकता है।
3. परिसम्पत्तियों का आरक्षित मूल्य दिवालियापन एवं बैंकरप्सी कोड 2016 और उसके तहत बनाये गये नियमों और प्रावधानों के अनुसार [illegible] मूल्यांकन करते हुये किया जाएगा।
4. इच्छुक बोलीदाताओं से अपनी बोली जमा करने से पूर्व उक्त प्लांट और मशीनरी तथा ई नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज पर पर्याप्त परिश्रम की अपेक्षा की जाती है। ऋणशोधक के पास प्रपत्र में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा किसी भी समय किसी भी स्तर पर अपूर्ण प्रपत्र को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
5. इच्छुक बोलीदाताओं को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) की राशि या तो ऋणशोधन में जे.वी. स्ट्रिप्स लिमिटेड के नाम किसी अनुसूचित बैंक में देय डीडी के माध्यम से अथवा नीचे वर्णित बैंक अकाउंट में नकद/बैंक के माध्यम से जमा अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से जमा करवाना अपेक्षित है।
   बैंक अकाउंट का विवरण : बैंक नाम और शाखा : यस बैंक, शकरपुर दिल्ली
   अकाउंट का नाम : ऋणशोधन में जेवी, स्ट्रिप्स लिमिटेड
   अकाउंट नम्बर : 010763300001328 आईएफएससी कोड : YESB0000107
6. इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी डिपॉजिट के लिए सबूत के साथ-साथ ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अनुरोध पत्र के साथ स्वयं की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना चाहिए। (1) बोली आवेदन प्रपत्र; (2) पहचान का प्रमाण; (3) (वर्तमान) पता-प्रमाण; (4) पैन कार्ड; (5) मान्य ई-मेल आईडी; (6) लैंडलाइन और मोबाइल नंबर; (7) शपथ-पत्र और वचन-पत्र; (8) बोलीदाता द्वारा घोषणा, इन अनुबंधों का प्रारूप पूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज से लिया जा सकता है।
   इन दस्तावेजों को ऋणशोधक के कार्यालय में भौतिक रूप से अथवा ई मेल द्वारा 26 नवम्बर, 2019 को अप. 4:00 बजे से पहले नीचे दिए गए पते पर पहुंच जाना चाहिए।
7. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये पात्र बोलीदाता के नाम की पहचान ऋणशोधक द्वारा पोर्टल (https://www.eauctions.co.in) पर की जाएगी। ई-नीलामी सेवा प्रदाता पात्र बोलीदाताओं को ई-मेल द्वारा यूजर आईडी और पासवर्ड प्रदान करेगा।
8. ई-नीलामी में भाग लेने वाले पात्र बोलीदाता को अपनी बोली कम से कम आरक्षित मूल्य और ब्लॉक 1 हेतु न्यूनतम रु. 5.00 लाख अथवा इस राशि के गुणजों से बढ़ानी होगी।
9. यदि किसी मामले में बोली ई-नीलामी की समाप्ति के समय के अन्तिम 5 मिनट में प्राप्त होती है तो अन्तिम समय स्वतः 5 मिनट के लिये असीमित विस्तार हेतु बढ़ जाएगा। ई-नीलामी प्रक्रिया के बंद होने पर सबसे अधिक बोली लगाने वाला (आरक्षित मूल्य से नीचे नहीं) सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा और इस आशय का एक संचार इलेक्ट्रॉनिक मोड से ई-नीलामी सेवाप्रदाता द्वारा जारी किया जाएगा। तथापि सफल बोलीदाता की घोषणा ऋणशोधक के अनुमोदन के अधीन होगी।
10. सफल बोलीदाता की ईएमडी को आंशिक बिक्री विचार के लिए रखा जाएगा और असफल बोलीदाताओं को ईएमडी वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
11. ऋणशोधक सफल बोलीदाता को एक प्रयोजन पत्र (एलओआई) जारी करेगा और सफल बोलीदाता को ऋणशोधक द्वारा एलओआई जारी करने पर 15 दिनों के भीतर शेष राशि (सफल बोली राशि घटा ईएमडी राशि) ऋणशोधक द्वारा प्रयोजन-पत्र जारी करने के 90 दिन के अंदर जमा करनी होगी। जबकि 30 दिन के पश्चात् जमा करवाये जाने वाले भुगतान पर 12% की दर से ब्याज दिया जाएगा।
12. सफल बोलीदाता द्वारा जमा एलओआई में नामित शेष राशि जमा करवाने में विफल रहने पर डिफाल्ट समय सीमा के अनुसार एलओआई में उल्लिखित समय सीमा समाप्त हो जाएगी और सफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई पूरी राशि (ईएमडी + कोई अन्य राशि) जब्त कर ली जाएगी।
13. सफल बोलीदाता को लागू स्टांप ड्यूटी/ट्रांसफर चार्ज, शुल्क इत्यादि तथा नीलामी के लिये रखी गई सम्पत्ति के सम्बन्ध में सभी वैधानिक/गैर वैधानिक बकाया, कर, दर, मूल्यांकन प्रभार, शुल्क इत्यादि एवं वहन करना होगा।
14. पूर्ण बिक्री राशि के भुगतान के पश्चात केवल सफल बोलीदाता के नाम से एक बिक्री प्रमाण पत्र/अनुबंध जारी किया जाएगा और किसी अन्य नाम से जारी नहीं किया जाएगा।
15. ऋणशोधक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर ई-नीलामी से उसके किसी भाग अथवा किसीभी सम्पत्ति को वापिस लेने अथवा ई-नीलामी को बढ़ाने/स्थगित करने/रद्द करने अथवा किसी अथवा सभी बोलियों को स्वीकार करने अथवा रद्द करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
16. बिक्री दिवालियापन एवं बैंकरप्सी कोड 2016 के तहत बनाये गये नियमों के अधीन होगी।

देबाशीष नंदा
ऋणशोधक
जे.वी. स्ट्रिप्स लिमिटेड
IBBI Regn. No.: IBBI/IPA-003/IP-N00040/2017-18/10316
पता : सीएस-14, सी फ्लोर, अंसल प्लाजा, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
Email ID: liquidatorjvstrips@gmail.com, dnanda.cma@gmail.com

दिनांक : 22.11.2019
स्थान : नई दिल्ली


### खनन और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा बोले

# खनन माफिया पर शिकंजा कसेंगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर दूसरी बार जीतकर विधानसभा पहुंचे विधायक मूलचंद शर्मा को इस बार प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने मंत्रिमंडल में स्थान दिया हैं। सियासत का लंबा अनुभव रखने वाले मूलचंद शर्मा ने इस बार कैबिनेट में तीसरे नंबर पर शपथ ली है। जिन्हें परिवहन और कौशल विकास विभाग दिया गया है, नई जिम्मेदारी लेने के बाद में मंत्री शर्मा दोनों विभागों के अफसरों की अहम बैठक ले चुके हैं, इस दौरान उन्होंने साफ कर दिया है कि जनहित में जो भी फैसले लिए जा सकते हैं, उन पर पहला फोकस रहेगा। सूबे में सरकारी बसों का बेड़ा बढ़े, नए रोजगार के अवसर सृजित हों इस दिशा में हम तेजी के साथ काम कर रहे हैं। अवैध खनन पर शिकंजा कसने, निजी क्षेत्र में युवाओं के रोजगार जैसे मसलों पर भी मंत्री फिलहाल आगे के लिए रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। राज्य परिवहन विभाग में बसों का बेड़ा बढ़ाने और पूर्व में निजी परमिट बस स्कीम जैसी बातों पर समीक्षा बैठक में मंत्री शर्मा लंबी चर्चा कर चुके हैं। शर्मा बताते हैं कि उन्होंने परिवहन विभाग के अफसरों की बैठक लेकर साफ कर दिया है कि वे जनहित के फैसले लेने के लिए स्वतंत्र हैं, अपने विवेक के साथ में बेहतर फैसले लेंकर काम करें। मंत्री ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि जो भी पुराने मामले हैं, अथवा अदालत में विचाराधीन हैं, उन पर लीगल राय लेकर ही आगे बढ़ा जाएगा लेकिन राज्य में रोडवेज की बसों के बढ़ने से आम आदमी को राहत मिलती है। राज्य के युवाओं को रोजगार भी मिलते हैं, लोगों का विश्वास रोडवेज की बसों में है, इसीलिए हम प्राथमिकता के साथ में यह काम करेंगे।कौशल विकास विभाग को लेकर मंत्री ने कहा कि इस बाबत अफसरों की बैठक हो चुकी है। जिसमें कईं तरह की स्कीम चल रही हैं, इन पर ठीक तरह से अमल हो हमारा प्रयास रहेगा। उन्होंने राज्य के युवाओं को 75 फीसदी निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण दिए जाने को लेकर सहमति जतायी साथ ही कहा कि अगर काम के हिसाब से हमारे युवा तैयार हैं, तो उन्हें मौका मिलना चाहिए, क्योंकि निजी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र है।

### रोडवेज कर्मचारियों को दस दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा



मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के रोडवेज कर्मियों को दस दिन का प्रशिक्षण देने का प्रयास करेंगे, खड़ी भाषा होने के कारण भी कईं तरह की समस्याएं होती हैं। हमे दूसरे राज्यों से सीख लेनी होगी जहां पर सबसे ज्यादा पर्यटक जाते हैं। मंत्री ने पूर्व की सरकारों पर हमला बोला व कहा कि उन्होंने कुछ खास इलाकों के लिए काम किया, जबकि भाजपा सबका साथ सबका विकास की दिशा में बढ़ रही है।राज्य में परिवहन सेवाएं बढ़ाने के लिए प्रदेश के लोगों से अहम सुझाव मिले हैं। इन सभी अहम सुझावों पर भी अधिकारियों के साथ में बैठक कर मंथन किया जाएगा, जिसके आधार पर कुछ नई व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### योगी ने की नई चीनी मिल की शुरुआत

**बस्ती (उप्र)।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों ने केवल शिलान्यास करना सीखा था पर हमने शिलान्यास और उद्घाटन दोनों करना सीखा है। योगी ने मुंडेरवा में 5,000 टीसीडी पेराई क्षमता की नई चीनी मिल एवं 27 मेगावॉट को-जनरेशन प्लांट का लोकार्पण करते हुए कहा कि तरफ मुंडेरवा में बीस साल से बंद चीनी मिल को शुरु किया गया तो दूसरी तरफ प्रदेश में नौजवानों के लिए 49 हजार भर्तियों के रिजल्ट को भी खोलकर प्रदेश सरकार यूपी के नौजवानों को नौकरी देने का काम कर रही है।

### धर्मान्तरण पर नया कानून बनाने की वकालत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग ने सीएम योगी आदित्यनाथ को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें धर्मान्तरण जैसे 'गंभीर मसले' पर नया कानून बनाने की वकालत की गई है। आयोग की सचिव सपना त्रिपाठी ने बताया कि धर्म की स्वतंत्रता (विधेयक के मसौदे सहित)-उत्तर प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक 2019' नामक रिपोर्ट आयोग की ओर से मुख्यमंत्री को सौंपी गई है।

### सौतेली बेटी से दुष्कर्म के जुर्म में पिता को उम्र कैद

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश की एक अदालत ने एक व्यक्ति को 17 साल की सौतेली बेटी से दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए उसे उम्र कैद की सजा सुनाई है। बागपत के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र पांडे ने महेन्द्र कुमार पर बुधवार को 53,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। कुमार को सौतेली बेटी के साथ 2018 में दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था व उसी समय से वह जेल में है। लड़की की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार वह अपनी मां की मौत के बाद सौतेले पिता के साथ रह रही थी और पिता उस समय से उसका यौन उत्पीड़न कर रहा था।

### झारखंड विस चुनाव: पहली सभा में विपक्षियों पर बरसे शाह

# 'रघुवर सरकार ने झारखंड को नक्सलवाद से मुक्त किया'

एजेंसी ⏭ मनिका (झारखंड)

भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने झारखंड को विकास के मामले में तेजी से शीर्ष स्थान पर पहुंचाने के वादे के साथ बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत की।

शाह ने बीते पांच वर्ष में राज्य को नक्सल समस्या से मुक्त करने के लिए रघुवर दास सरकार की सराहना की। उन्होंने मनिका में चुनावी रैली में कहा कि झारखंड का गठन अटलजी (अटल बिहारी वाजपेयी) ने किया था व नरेंद्र मोदी इसे सजाएंगे, सवारेंगे। शाह ने कहा कि कांग्रेस शासन में लोग मरते रहे, युवा बलिदान देते रहे लेकिन अलग राज्य का उनका सपना पूरा नहीं हो पाया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की भूमि लातेहार जिले से चुनावी अभियान शुरू करने का अवसर देने के लिए पार्टी की झारखंड इकाई का आभार प्रकट किया।



#### गगनचुंबी राममंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ

मनिका (लातेहार)। शाह ने कहा कि राम मंदिर पर उच्चतम न्यायालय के हाल के फैसले से अयोध्या में मंदिर बनने का रास्ता साफ हो गया व उनकी सरकार वहां गगनचुंबी राम मंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए यहां भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह बात कही। शाह ने कहा कि भाजपा संवैधानिक तरीके से अयोध्या में राम मंदिर विवाद सुलझाना चाहती थी व अब इस मामले में न्यायालय का फैसला आ गया है, जिससे गगनचुंबी राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने जनसमूह से सवाल किया कि क्या वह अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण चाहते हैं, जिस पर भीड़ ने जोरदार ढंग से मंदिर निर्माण की बात का स्वागत किया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कश्मीर का मुद्दा भी उठाया।

#### सरकार बनी तो सूबे को बनाएंगे एक नंबर राज्य

शाह ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने तय किया है कि झारखंड को पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया व अब नरेन्द्र मोदी सरकार इसे संवारेगी। जनता फिर यहां भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनवाए तो भाजपा की सरकार झारखंड को देश का नंबर एक राज्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

#### जवीएम, कांग्रेस पर जड़े भ्रष्टाचार के आरोप

शाह ने मुख्य विपक्षी झारखंड मुक्ति मोर्चा व कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाते हुए जनता से अपील की कि वह राज्य में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाए अन्यथा विपक्षी दल तो किसी न किसी रास्ते फिर से यहां भ्रष्टाचार का राज लाना चाहते हैं।

#### कांग्रेस, झामुमो के गठबंधन पर उठाए सवाल

झामुमो पर हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि वह कैसे कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सकती है? जिस कांग्रेस ने 13वें वित्त आयोग में झारखंड को पांच वर्षों में सिर्फ 55 हजार करोड़ रुपये दिये थे उसे मोदी सरकार ने गत पांच वर्षों में तीन लाख, आठ हजार, 487 करोड़ रुपये दिये। रघुवर सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने झारखंड में विकास की धारा हर क्षेत्र में बहाई है।

#### भाजपा ने बढ़ाया है आदिवासियों का गौरव

चुनावी सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, गृहमंत्री अमित शाह ने झारखंड की जनता से कहा कि आपका वोट राज्य के विकास के लिए काम करेगा। शाह ने कहा कि झारखंड की भूमि भगवान बिसरामुडा की भूमि है, वीर नीलांबर-पीतांबर की भूमि है। इस भूमि ने हमेशा देश के लिए मरने वाले वीरों को देश को समर्पित करने का काम किया है। शाह ने कहा कि आदिवासी भाइयों-बहनों के लिए मोदी सरकार ने बहुत सारे काम किए हैं।

#### पीएम मोदी की 25 को मेदिनीनगर में करेंगे सभा



मेदिनीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को मेदिनीनगर के चियाकी हवाई अड्डा मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी 11:30 बजे से 12:15 बजे तक मेदिनीनगर में रहेंगे। यह जानकारी भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने दी। मालूम हो कि झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में पलामू में 30 नंवबर को वोट डाले जाने हैं। चुनाव को लेकर भाजपा पूरी सक्रिय हो गई है। पीएम मोदी के दौरे के पहले 22 नवंबर को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा मेदिनीनगर में कार्यकर्ताओ के साथ बैठक करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पलामू में सभा करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की विश्रामपुर में सभा होगी। रक्षा मंत्री 24 नवंबर को पलामू आयेंगे। कार्यक्रम की जो रूप रेखा तैयार की जा रही है, उसके मुताबिक राजनाथ सिंह की सभा पलामू के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में होगी। इस सीट से भाजपा समर्थित उम्मीदवार विनोद सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा तैयारी में जुट गई है।

# सेफ्टी टैंक साफ करने उतरे दो लोगों की जहरीली गैस से मौत



एजेंसी ⏭ उन्नाव

उत्तर प्रदेश के उन्नाव कोतवाली क्षेत्र के दही चौकी स्थित फैक्ट्री में गुरुवार की सुबह सेफ्टी टैंक साफ करते समय जहरीली गैस की चपेट में आने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। इस घटना से फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। श्रमिकों को टैंक से बाहर निकाला गया तो उनकी सांसें थम चुकी थी। जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में श्रमिकों को लेकर फैक्ट्री के कर्मचारी पहुंचे तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अजगैन थाना क्षेत्र के दौलतखेड़ा गांव में रहने वाले अनिल पुत्र गणेश गुरुवार की सुबह दही चौकी फैक्ट्री में सेफ्टी टैंक साफ करने के लिए उतरा था। इसी दरम्यान टैंक में जहरीली गैस होने से वह अचेत होकर गिर गया। यह देख फैक्ट्री में ही काम करने वाला

■ टैंक में जहरीली गैस की चपेट में आने वाले दोनों मजदूरों का नाम है अनिल

माखी थाना क्षेत्र का पवई गांव का रहने वाला अनिल पुत्र गुरुप्रसाद उसे बचाने के लिए टैंक के अंदर उतर गया। टैंक में उतरते ही उसका भी दम घुटने लगा व वह भी अचेत होकर गिर गया।

यह देख एक अन्य श्रमिक ने आनन-फानन प्रबंध तंत्र सूचना दी। मौके पर पहुंचे बाहर निकाला दोनों श्रमिकों के हालत बिगड़ती देख सुपरवाइजर श्याम प्रकाश पांडे दोनों लेख श्रमिकों को लेकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी पहुंचे। इमरजेंसी में तैनात डॉ. शोभित अग्निहोत्री ने दोनों श्रमिकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज कर परिजनों को सूचित सूचना दे दी।

### बस पलटने से एक की मौत, 56 घायल



**बहराइच।** यूपी के बहराइच जिले में नानपारा- लखीमपुर हाईवे पर प्राइवेट बस के चालक का नियंत्रण खो गया। जिससे बस रोड के नीचे खड्ड में जाकर पलट गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि महिलाओं, बच्चों सहित 56 लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को नानपारा सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद 23 घायलों को छुट्टी दे दी गई। शेष को प्राथमिक इलाज के बाद बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सभी घायल पीलीभीत जिले के हैं। श्रमिक अपने परिवारजनों के साथ नेपाल जा रहे थे। लखीमपुर नानपारा हाईवे पर गुरुवार की भोर लगभग साढ़े पांच बजे लक्ष्मनपुर मटेही गांव के समीप नानपारा की ओर आ रही बस चालक कोहरे के चलते नियंत्रण खो बैठा। बस सड़क से नीचे तीन बार पलटा खाते हुए गड्ढे में चली गई। इस हादसे में बस में सवार एक यात्री पीलीभीत जिले के सिखौला थाने के नैपुरिया निवासी 40 वर्षीय वीरपाल पुत्र कालीचरण की मौत हो गई। बस में पीलीभीत जिले के सिखौला थाने के नैपुरिया से 60 लोग सवार थे। इनमें 56 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही नानपारा कोतवाल संतोष कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध मृत्युंजय पाठक पुलिस बल व एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंच गए। कोतवाल ने बताया कि इनमें दो लोग बदायूं जिले के थे, शेष सभी पीलीभीत जिले के हैं। जो टूरिस्ट बस बुक कराकर पीलीभीत से नेपाल के बांके जिला मुख्यालय नेपालगंज स्थित एक ईंट भट्टे पर मजदूरी को परिवार के साथ जा रहे थे।

## राशिफल 22 नवंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष :** वज़न नियंत्रित करने के लिए व्यायाम करेंगे। फालतू की चीजों पर पैसा खर्च करने से बचें। कार्यक्षेत्र पर नई चीजें सीखने का मौका मिलेगा। परिवार में उत्साह पैदा करना होगा। **शुभ अंक:** 8, **रंग :** इलेक्ट्रिक ब्लू।

**वृष:** सेहत के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। धन संबंधित परेशानियां दूर होंगी। कार्यक्षेत्र पर किसी काम को पूरा करने में समय ले सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। **शुभ अंक:** 3, **रंग:** केसरिया।

**मिथुन:** परिवार के किसी सदस्य की सफलता पर गर्व करेंगे। प्रॉपर्टी को खरीदने के लिए दिन अच्छा रहेगा। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। जल्दबाजी में कुछ न खरीदें। **शुभ अंक :** 11, **रंग:** इंडिगो।

**कर्क:** सेहतमंद रहने के लिए जिम ज्वॉइन कर सकते हैं। फिजूल खर्चों को कम करने की कोशिश करेंगे। कार्यक्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा का माहौल आपके लिए अच्छा रहेगा। **शुभ अंक:** 15, **रंग:** टरक्वॉइश।

**सिंह:** सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। फिजूल खर्चों को कम कर बचत पर ध्यान दें। कार्यक्षेत्र पर अपनी क्षमता से दूसरों को प्रभावित करने में कामियाब होंगे। **शुभ अंक:** 2, **रंग:** लेवेंडर।

**कन्या:** सेहत को लेकर सजग रहेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। परिवार के सदस्य आपके विचार से सहमत हो सकते हैं। यात्रा पर जाकर एंजॉय करेंगे। **शुभ अंक:** 1, **रंग:** गोल्डन ब्राउन।

**तुला:** सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। रियल स्टेट से जुड़े लोगों को लाभ होगा। कार्यक्षेत्र पर चीजों को समय पर पूरा करने की कोशिश करें। प्रॉपर्टी को खरीद सकते हैं। **शुभ अंक:** 7, **रंग :** वॉयलेट।

**वृश्चिक:** सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। मोलभाव करने की मजबूत क्षमता के चलते पैसे बचाने में सफल होंगे। कार्यक्षेत्र पर आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। **शुभ अंक:** 6, **रंग :** लाल।

**धनु:** सेहत में सुधार होगा। निवेश करते समय सतर्क रहें। कार्यक्षेत्र पर काम को लेकर समस्या हो सकती है। घर पर कुछ चीजों में बदलाव के लिए फोकस की जरूरत है। **शुभ अंक :** 18, **रंग:** गोल्डन ब्राउन।

**मकर:** बीमारी में घरेलू उपचार अपनाना फायदेमंद रहेगा। आर्थिक स्थिति मज़बूत के चलते महंगी चीजों की खरीददारी कर पाएंगे। समस्या का समाधान खोजने में व्यस्त रहेंगे। **शुभ अंक :** 22, **रंग:** नीला।

**कुंभ :** सेहत में सुधार होगा। धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र पर किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मेहनत की जरूरत है। पैसे बचाने के लिए अपने वाहन से यात्रा कम करें। **शुभ अंक :** 17, **रंग:** लेवेंडर।

**मीन:** सेहत में सुधार के योग हैं। किसी चीज में निवेश करने से फायदा होगा। मरम्मत के काम को देखरेख की आवश्यकता है। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। **शुभ अंक :** 5, **रंग :** पैरेट ग्रीन।

### : टिप्स :

1. एक प्राकृतिक पौधा अपने शयनकक्ष में लगाएं। पौधे का बढ़ता जीवन और वृद्धि को दर्शाता है।
2. अपने कार्यालय या कार्यक्षेत्र में लाल, पीला, सफेद और हरे रंग का संतुलन बनाते हुए सजावट करें। इनसे संतुलन स्थपित होता है, आमदनी बढ़ती है।
2. रहने का कमरा हो या शयनकक्ष उनमें सही तरीके से रोशनी का प्रबंधन होना आवश्यक है। पढ़ने के लिए रोशनी का नीचे की ओर आवश्यक है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# हाजीपुर जंक्शन, सोनपुर मेले को उड़ाने की मिली धमकी

एजेंसी ⏭ हाजीपुर

हाजीपुर जंक्शन और विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेले को तीन दिनों के अंदर बम से उड़ा देने की धमकी देने वाला पोस्टर गुरुवार को सोशल मीडिया में वायरल होते ही प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई।

हाजीपुर जंक्शन और शहर के साथ सोनपुर मेले की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई। धमकी भरा पोस्टर वायरल होने के बाद रेल और जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है। हाजीपुर जंक्शन पर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को कोचिंग जा रहे छात्र की नजर समाहरणालय गेट के समीप सटे धमकी भरे पर्चे पर पड़ी। पर्ची पर 'जिहाद, जिहाद, जिहाद, पाकिस्तान जिंदाबाद, मो शब्बीर को रिहा करो, नहीं तो हाजीपुर स्टेशन व सोनपुर मेला को तीन दिनों के अंदर बम से उड़ा दूंगा' लिखा हुआ था। छात्र ने उस पर्चा को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। धमकी भरे पर्चे के वायरल होते ही प्रशासनिक महकमा सकते में आ गये। सदर एसडीपीओ



■ रेल और जिला प्रशासन अलर्ट

राघव दयाल के निर्देश पर नगर थाने के एसआई रामशंकर सिंह, आरपीएफ थानाध्यक्ष राणा सिंह, जीआरपी थानाध्यक्ष सिहेंश सिंह के साथ बड़ी संख्या में महिला व पुरुष पुलिस जवानों ने हाजीपुर जंक्शन पर विशेष जांच अभियान शुरू कर दिया। हाजीपुर स्टेशन की सभी प्लेटफार्म, रेल ट्रैक, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, पूछताछ काउंटर, रिजर्वेशन काउंटर आदि के अलावा यात्रियों के सामानों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। स्टेशन पर आने-जानेवाले लोगों की सघन तलाशी ली जा रही है। हाजीपुर जंक्शन पर रेल यात्रियों से संदिग्ध गतिविधि या लावारिस वस्तु पर नजर पड़ने पर इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील भी कर रहे हैं।

# बीएचयू विवाद में हिंदू धर्मगुरु भी कूदे, प्रोफेसर खान को मिला अन्य विभागों के छात्रों का साथ

एजेंसी ⏭ वाराणसी

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय में मुस्लिम प्रोफेसर की नियुक्ति को लेकर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। एक ओर जहां प्रोफेसर फिरोज खान के समर्थन में गुरुवार को विवि के अन्य विभागों के छात्र आ गए तो दूसरी ओर विरोध में धरना दे रहे छात्रों के समर्थन में अब हिंदू धर्मगुरु भी उतर आए हैं।

इसी कड़ी में शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद के प्रमुख शिष्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद धरनास्थल पर पहुंचे व उन्होंने कहा कि मुद्दे पर जरूरत पड़ने वह संतों का आह्वान करेंगे। उधर, विरोध कर रहे छात्रों ने कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

#### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने नियुक्ति ठहराई 'अनुचित'

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय में मुस्लिम प्रोफेसर की नियुक्ति को 'अनुचित' ठहराते हुए कहा कि धर्म विज्ञान



■ सनातन धर्म का ज्ञान सनातन धर्मावलंबी दे सकता है : स्वामी

संकाय में अनुभवात्मक विषयों का अध्ययन होता है। जिसको हमारे धर्म का अनुभव नहीं है, वह पोथी पढ़कर क्या पढ़ायेगा। सनातन धर्म का ज्ञान वही दे सकता है जो सनातन धर्मावलंबी हो। धर्म विज्ञान संकाय में शिलापट्ट भी लगा कि हिन्दू ही वहां व्याख्यान दे सकता है। यह भाषा का विषय नहीं है, हमारे धर्म का विषय है। मुद्दे पर जरूरत पड़ने पर वह संतों का आह्वान करेंगे।

इससे पहले, विवि के अन्य विभागों के छात्रों ने पोस्टर पर 'वी आर विथ यू फिरोज़ खान', 'संस्कृत किसी की जागीर नहीं' जैसे पोस्टर के साथ मार्च निकाला। शोध छात्र विकास सिंह ने बताया कि महामना के मूल्यों को कुछ छात्र तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना की जहां हर धर्म के लोग शिक्षा ग्रहण कर सकें।

#### जिला कांग्रेस कमेटी ने कुलपति से की मुलाकात

इस बीच, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी की टीम ने फिरोज खान के समर्थन में कुलपति राकेश भटनागर से मुलाकात की। पूर्व विधायक अजय राय ने बताया कि कुलपति भटनागर ने बताया नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है।

#### धरने पर बैठे छात्रों ने कोर्ट जाने की धमकी दी

विरोध में धरने पर बैठे शोध छात्र चक्रपाणि ओझा ने बताया हमारा विरोध सनातनी संस्कृत को पढ़ाने को लेकर है। हमारी मांगें नहीं मानी गई तो हम कोर्ट जाएंगे। कुछ लोग बिना जाने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं, उन्हें सच्चाई मालूम नहीं है, पहले वे सच्चाई जानें। चक्रपाणि के अनुसार विभाग में शिलापट्ट महामना ने लगवाया था जिसपर साफ लिखा है कि संस्कृत महाविद्यालय का भवन सिर्फ सनातन धर्मावलंबियों के लिए है।

#### बीएचयू विवाद शासन-प्रशासन का ढुलमुल रवैया: मायावती

**लखनऊ।** बसपा की प्रमुख मायावती ने बीएचयू के संस्कृत विभाग में मुस्लिम प्राध्यापक की नियुक्ति पर चल रहे विवाद को शासन प्रशासन का ढुलमुल रवैया करार दिया। मायावती ने ट्वीट किया कि बनारस हिन्दू केंद्रीय विवि में संस्कृत के टीचर के रूप में पीएचडी स्कालर फिरोज खान को लेकर विवाद पर शासन/प्रशासन का ढुलमुल रवैया ही मामले को बेवजह तूल दे रहा है।

### 100 साल का हुआ अश्वारोही सैन्य बल

# बदली परिस्थिती में अश्वारोही सैन्य पुलिस की भूमिका अहम: नीतीश

एजेंसी ⏭ आरा

सीएम नीतीश कुमार ने गुरुवार को अश्वारोही सैन्य पुलिस, आरा के शताब्दी समारोह का गुब्बारा उड़ाकर शुभारंभ किया। एमएमपी (माउंटेड मिलिट्री पुलिस) मैदान में आयोजित शताब्दी समारोह में अश्वारोही सैन्य पुलिस की गौरवशाली उपलब्धियों से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का रिबन काट कर उद्घाटन करने के बाद सीएम ने इसका अवलोकन भी किया।

एमएमपी मैदान परिसर में सीएम ने पौधारोपण करने के बाद मेटल के बने अश्वारोही सैन्य पुलिस की प्रतिमा का अनावरण भी किया। सीएम ने अश्वारोही सैन्य पुलिस परेड की सलामी लेने के बाद परेड का निरीक्षण किया। सीएम के समक्ष घुड़सवार दस्ते द्वारा हॉर्स शो जंपिंग




कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पदक प्राप्त अश्वारोही सैन्य पुलिस पदाधिकारियों/पुलिसकर्मियों एवं सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारियों/पुलिसकर्मियों को सीएम ने सम्मानित भी किया। शताब्दी समारोह में सीएम ने स्मारिका का विमोचन किया। कार्यक्रम के अंत मे पुलिस महानिदेशक गुप्तेश्वर पांडेय ने सीएम को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया।

### मुस्लिम मोर्चा ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का फैसला ठहराया गलत

# अयोध्या मुद्दे पर पुनर्विचार रिट दायर न करें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑल इंडिया यूनाइटेड मुस्लिम मोर्चे ने अयोध्या मामले पर पुनर्विचार याचिका दायर करने के मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के फैसले की आलोचना करते हुए गुरुवार को कहा कि बोर्ड की बातों में विरोधाभास है व मुद्दे पर काफी सांप्रदायिक राजनीति हुई, लिहाजा इसे खत्म कर देना चाहिए ताकि राजनीतिक पार्टियां आम लोगों से जुड़े मुद्दे उठाएं।

मोर्चे के राष्ट्रीय प्रवक्ता हाफिज़ गुलाम सरवर ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने तमाम परिस्थितियों को देखकर यह निर्णय सुनाया है व इसे हम सबको स्वीकार करना चाहिए। फैसला आने से पहले तमाम संगठनों ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि उच्चतम न्यायालय का जो भी फैसला होगा, उसे माना जाएगा तो अब अगर-मगर क्यों किया जा रहा है? सरवर ने कहा कि मंदिर-मस्जिद के नाम पर



■ मुआवजे के तौर पर दी जा रही 5 एकड़ भूमि को ले लेना चाहिए : सरवर

बहुत सियासत हुई है व इससे सांप्रदायिकता बढ़ी है। मुद्दे का हल होने पर राजनीति आम आदमी से जुड़े मुद्दों पर होगी।

सांप्रदायिक राजनीति से नुकसान गरीब, पिछड़ों का होता है। न्यायालय ने माना है कि मजिस्द में मूर्तियां रखना, उसे तोड़ना गैर कानूनी है व यह भी माना है कि मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने के कोई सबूत नहीं मिले हैं जो मुसलमानों के लिए बड़ी जीत है। मुद्दे को आगे नहीं ले जाना चाहिए। न्यायालय द्वारा कहीं ओर पांच एकड़ जमीन मुस्लिम पक्षकारों को देने के सवाल पर सरवर ने कहा कि अगर जमीन बदले में या मुआवजे के तौर पर दी जा रही है तो हमें इसे नहीं लेना चाहिए।

#### रोज़गार, शिक्षा से जुड़े मुद्दे पर सड़कों पर उतरें ओवैसी

एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा मस्जिद मांगने पर उन्होंने कहा कि ओवैसी को रोज़गार, शिक्षा व आम लोगों से जुड़े मुद्दे पर सड़कों पर उतरना चाहिए और सांप्रदायिक राजनीति नहीं करनी चाहिए। गौरतलब है कि एक सदी से भी पुराने बाबरी मस्जिद-राम जन्म भूमि मामले का उच्चतम न्यायालय ने नौ नवंबर को निपटारा कर दिया। न्यायालय ने विवादित भूमि हिन्दू पक्ष को दे दी और मुस्लिम पक्ष को दूसरी जगह पांच एकड़ जमीन देने का निर्देश दिया है।

## खबर संक्षेप



### कच्छ एक्सप्रेस में लुटेरों ने मालवाहक से नकदी और 50 लाख के हीरे लूटे

**नवसारी।** दक्षिण गुजरात में वलसाड और सूरत के बीच कच्छ एक्सप्रेस में माल ले जा रहे एक व्यक्ति के साथ पांच बदमाशों ने लूटपाट की। बदमाश अनगड़िया (मालवाहक) से 50 लाख रुपये के हीरे और नकदी लूट ले गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि प्रवीणसिंह राजपूत कच्छ एक्सप्रेस में नकदी और 50 लाख के हीरे वाला एक बैग लेकर यात्रा कर रहे थे। मंगलवार की रात नौ बजे पांच लोग ट्रेन में घुसे और बंदूक दिखाकर उनसे लूटपाट की। उन्होंने बताया कि सभी लुटेरे वलसाड और डुंगरी स्टेशन के बीच ट्रेन में चढ़े और ट्रेन के रूकने के बाद वहां से भाग निकले । अधिकारी ने बताया कि राजपूत ने लूटपाट का विरोध किया तो एक आरोपी ने रिवाल्वर के हत्थे से उनके सिर पर वार कर उन्हें घायल कर दिया। राजपूत का नवसारी में एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। रेलवे पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है ।

## अबूझमाड़ के इरकभट्टी नदी के पास घाटी में चल रही थी सड़क की मरम्मत

# नक्सलियों ने 3 ट्रैक्टर जलाए, 400 स्कूली बच्चों को भोजन का संकट

**पांच दर्जन हथियारबंद नक्सली मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य बंद करने की धमकी दी**
**सड़क जर्जर होने से इन इलाकों में रसद सप्लाई प्रभावित होने की बात सामने आ रही है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिला मुख्यालय से करीब 37 किमी दूर अबूझमाड़ के इरकभट्टी नदी के पास घाटी में जर्जर सड़क पर मुरम डाल रहे रामकृष्ण मिशन आश्रम के तीन ट्रैक्टरों को नक्सलियों ने जला दिया है। इससे दुर्गम क्षेत्र में निवासरत सैकड़ों परिवारों के समक्ष भोजन का संकट उत्पन्न हो गया है।

बुधवार की शाम पांच दर्जन हथियारबंद नक्सली मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य बंद करने की धमकी दी। इसके साथ ही वाहनों को आग के हवाले कर दिया। 34 साल में ऐसा पहली बार हुआ है, जब रामकृष्ण मिशन आश्रम के वाहनों को माओवादियों ने टारगेट किया गया है, जिससे आश्रम प्रबंधन भी सकते में आ गया है। नक्सलियों की इस करतूत का असर अबूझमाड़ के मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना से जुड़े 12 सौ परिवार के साथ रामकृष्ण मिशन आश्रम के कुतुल, कच्चापाल और इरकभट्टी सेंटर में भविष्य संवार रहे चार सौ माड़िया बच्चों पर भी पड़ सकता है। जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं होने से यहां रसद सप्लाई प्रभावित हो रही है।

**खास बातें**
- 34 साल में पहली बार मिशन के वाहनों पर हमला
- अबूझमाड़ के 12 सौ परिवार व मिशन के आश्रमों के बच्चे होंगे प्रभावित

### रामकृष्ण मिशन आश्रम के वाहनों को किया टारगेट



### पैदल चलना तक हो रहा मुश्किल

बारिश के बाद इस मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में सड़क की मरम्मत करना बहुत ही जरूरी हो गया है। बताते हैं कि नक्सलियों के द्वारा कच्चापाल में पुलिस कैंप खोलने के लिए सड़क मरम्मत किए जाने के शक में आश्रम के वाहनों को क्षतिग्रस्त किया गया है। नक्सलियों के द्वारा पिछले कुछ महीनों से अबूझमाड़ में पुलिस कैंप खोलने का विरोध करने के लिए उकसाया जा रहा है।

### सर्च अभियान तेज किया

इस बार ग्रामीणों और बच्चों के लिए रसद ले जाने के लिए सड़क की मरम्मत करने वाले वाहनों को आग लगाकर नक्सलियों ने अपना असली चेहरा दिखा दिया है। नक्सलियों की घेराबंदी के लिए सर्च अभियान तेज किया गया है।

**मोहित गर्ग,** एसपी नारायणपुर

### राशन ले जाना कठिन हो गया

नक्सलियों के द्वारा पहली बार हमारी वाहनों को जलाया गया है। ग्रामीणों को समस्या का निराकरण करने के लिए पहल करने को कहा गया है।

**स्वामी व्याप्तानंद महाराज**
सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर

### क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में

रामकृष्ण मिशन आश्रम प्रबंधन का कहना है कि नक्सलियों की वजह से पीडीएस सिस्टम के साथ आश्रम के तीन केंद्रों में खाने -पीने की सामग्री की सप्लाई प्रभावित होने की आशंका है। जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं होने से राशन पहुंचा पाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही कभी भी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। इससे जान-माल का नुकसान भी हो सकता है । आश्रम प्रबंधन के द्वारा ग्रामीणों से कहा गया है कि वह नक्सलियों तक संदेश पहुंचाएं कि सड़क की मरम्मत में बाधा नहीं डालें। बता दें कि नक्सलियों के द्वारा पहली बार रामकृष्ण मिशन आश्रम के वाहनों को क्षति पहुंचाया गया है। नक्सलियों की बदलती रणनीति के चलते अबूझमाड़ समेत जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में ग्रामीण दहशत में हैं ।

## राज्यों में सामुहिक विवाह के दौरान हो रहे बाल विवाह बने चुनौती

हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।



- छत्तीसगढ़, मध्य-प्रदेश, उत्तर-प्रदेश जैसे राज्यों से मिली हालिया शिकायतों के बाद आयोग ने की यह कार्रवाई

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने राज्यों में सामुहिक विवाह के साथ किए जा रहे बाल विवाह के मामलों को लेकर सख्त रुख अख्तियार करते हुए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रमुख सचिवों (महिला एवं बाल विकास) को गुरुवार को एक पत्र लिखकर ऐसी घटनाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एनसीपीसीआर के सदस्य यशवंत जैन ने हरिभूमि को बताया कि पहले आयोग केवल देश के अलग-अलग भागों में होने वाली बाल विवाह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कदम उठाता था। लेकिन अब हमने सामुहिक विवाह कार्यक्रमों के दौरान किए जा रहे बाल विवाह पर पूरी तरह से रोक लगाने का फैसला किया है।

### छत्तीसगढ़, म.प्र. से मिली शिकायतें

जैन ने यह भी कहा कि हाल ही में आयोग के पास छत्तीसगढ़, मध्य-प्रदेश, राजस्थान और उत्तर-प्रदेश जैसे राज्यों में कुछ जगहों से सामुहिक विवाह के दौरान किए जा रहे बाल विवाह के मामलों की शिकायतें आ रही थीं। इन्ही के आधार पर एनसीपीसीआर ने यह कार्रवाई की है। पत्र में हमने राज्यों के प्रमुख सचिवों को कहा है कि वह अपने राज्य के सभी जिलाधीशों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और महिला एवं बाल विकास विभागों को निर्देर्शित करें कि जहां कहीं भी इस प्रकार के शादी समारोह हो रहे हैं। वहां जाकर मौजूद जोड़ों के जन्म के दस्तावेजों की गहन पड़ताल कर इस बात को पुख्ता करें कि वहां प्रोहिबिशन ऑफ चाइल्ड मैरिज एक्ट (पीसीएमए) की धाराओं का उल्लंघन तो नहीं किया जा रहा है।

### 2 साल की होगी सजा

पीसीएमए की धाराओं का उल्लंघन करने पर दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई में दो साल की सजा और करीब इतनी ही धनराशि का जुर्माना किया जाएगा। इसमें शादी के अनुष्ठान में शामिल होने वाली महिलाओं को छोड़कर बाकी सभी (बाराती, घराती, बैंडवाला, टेंटवाला, कैटरर्स) के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

### जमीयत राममंदिर पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ नहीं दायर करेगा पुनर्विचार याचिका

**हरिभूमि ब्यूरो,नईदिल्ली।** रामजन्मभूमि मामले में सर्वोच्च अदालत के निर्णय के खिलाफ जमीयत-उलमा-ए-हिंद पुनर्विचार याचिका दायर नहीं करेगा। गुरुवार को जमीएत की बैठक में इसको लेकर बाकायदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसकी जानकारी देते हुए जमीएत के प्रवक्ता अजीमुल्लाह सिद्दीकी ने बताया कि मुसलमानों की इस सर्वोच्च संस्था ने तय किया है कि बाबरी मस्जिद को लेकर उसकी ओर से सर्वोच्च अदालत के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर नहीं की जाएगी। सिद्दीकी ने बताया कि जमीयत-उलमा-ए-हिंद की राष्ट्रीय कार्यकारी कमेटी ने दिल्ली में हुई बैठक में बाकायदा इस आशय का प्रस्ताव पारित किया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

# अब सीएजी 2.0 की तरफ बढ़ना होगा ताकि क्लीन इंडिया बनाने में मदद मिले

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अब सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक) को भी सीएजी 2.0 की तरफ बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि सीएजी देश की तमाम अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी और न्यू इंडिया को क्लीन इंडिया बनाने में मदद करेगी। नरेंद्र मोदी गुरुवार को नई दिल्ली में अकाउंटेंट जनरल कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कह कि बीते कुछ सालों में सरकारी विभागों में फ्रॉड से निपटने के लिए अनेक प्रयास हुए हैं। अब सीएजी को ऐसे टेक्निकल टूल्स डेवलप करने होंगे ताकि संस्थानों में फ्रॉड के लिए कोई गुंजाइश न बचे। पीएम मोदी ने कहा कि सिर्फ



आंकड़ों और प्रक्रिया तक ही इस संगठन को सीमित नहीं रहना है, बल्कि वाकई में गुड गवर्नेंस के एक क्रिस्टल के रूप में आगे आना है। सीएजी को सीएजी प्लस बनाने के सुझाव पर आप गंभीरता से अमल कर रहे हैं, ये खुशी की बात है। सीएजी की जिम्मेदारी इसलिए भी अधिक है क्योंकि आप देश और समाज के आर्थिक आचरण को पवित्र रखने में अहम भूमिका निभाते हैं और इसलिए आपसे उम्मीदें भी अधिक रहती है।

### जेएएम और जीईएम की उपयोगिता बताई

पीएम मोदी ने कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि जेएएम- जनधन, आधार और मोबाइल से सामान्य लोगों को योजनाओं का लाभ डायरेक्ट पहुंच रहा है। और जीईएम - गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से आज सरकार की सवा चार सौ से ज्यादा स्कीम का लाभ लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। इसके कारण करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बचे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि साल 2022 तक एवीडेंस बेस्ड पॉलिसी को गवर्नेंस का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए. ये न्यू इंडिया की नई पहचान बनाने में भी मदद करेगा. ऐसे में ऑडिट और इंश्योरेंस सेक्टर के बदलाव के लिए भी ये सही दौर है।

## प. बंगाल के राज्यपाल ने मंत्रियों से कहा

# अपनी बॉस को खुश करने के लिए जवाब न दें

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राज्य के मंत्रियों से कहा कि वे अपनी 'बॉस' को खुश करने के लिए उनके बयानों पर प्रतिक्रिया जताने की बजाय अपने विभागों पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि उनके बयानों पर या तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद प्रतिक्रिया दें या फिर इस काम के लिए एक विशेष मंत्री की नियुक्ति करें। राज्यपाल ने कहा कि सभी मंत्रियों को महज अपनी बॉस (बनर्जी) को खुश करने के लिए मेरे बयानों पर प्रतिक्रिया देनी बंद करनी चाहिए और उन्हें अपने विभागों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि कनिष्ठ स्वास्थ्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य मेरी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही हैं। मैं उनसे आग्रह करूंगा कि वह अपने विभाग पर ध्यान दें क्योंकि हम सब



- बयानों पर ममता खुद प्रतिक्रिया दें या फिर इस काम के लिए एक विशेष मंत्री की नियुक्ति करें

लोग विभाग की असल हालत से अवगत हैं। राज्यपाल का बयान तब आया जब एक दिन पहले उन्हें तृणमूल कांग्रेस के कथित कार्यकर्ताओं द्वारा काले झंडे दिखाए गए। उस समय वह एक कार्यक्रम में शामिल होने मुर्शिदाबाद जिले के डोमकाल जा रहे थे।

### आर्थिक संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री विशेषज्ञों से बात करें: ममता

कई सार्वजनिक उपक्रमों में हिस्सेदारी बेचने या विनिवेश करने संबंधी केंद्र सरकार के फैसले का विरोध करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आर्थिक संकट से निपटने के लिए विशेषज्ञों और सभी राजनीतिक दलों से बात करनी चाहिए। बनर्जी ने कहा कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सरकारी हिस्सेदारी बेचकर धन जुटाना केवल अस्थायी राहत प्रदान कर सकता है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि केन्द्र को छोटे-छोटे कदम उठाने के बजाय स्थायी समाधान करना चाहिए। जब तक आर्थिक स्थिरता नहीं होगी, इस तरह के उपाय समाधान नहीं हो सकते हैं।

### तमिलनाडु के लोग 2021 विधानसभा चुनाव में अपना 'करिश्मा' दिखाएंगे : रजनीकांत

**चेन्नई।** सुपरस्टार रजनीकांत ने गुरुवार को कहा कि तमिलनाडु के लोग 2021 विधानसभा चुनाव में अपना करिश्मा दिखाएंगे और सबको आर्श्चयचकित कर देंगे। रजनीकांत ने हाल ही में राजनीतिक पार्टी मक्कल नीधि मय्यम के संस्थापक एवं उनके समकालीन कमल हासन का हाथ थामने की इच्छा जाहिर की थी। अभिनेता ने यहां पत्रकारों से कहा कि गठबंधन से जुड़ी बातों और मुख्यमंत्री कौन बनेगा इस संबंध में निर्णय चुनाव के दौरान ही लिया जाएगा। उन्होंने निर्धारित चुनाव और उनमें मुख्य भूमिका अदा करने का स्पष्ट संकेत देते हुए कहा, कि 2021 में, तमिलनाडु के लोग शत प्रतिशत बड़ा करिश्मा करेंगे और राजनीति में सबको चौंका देंगे।

### जागरूकता रैली...



शिमला के रिज में गुरुवार को विभिन्न मुद्दों को लेकर जागरूकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट एनसीसी कैडेट।

### एनजीटी ने सांभर झील में प्रवासी पक्षियों के कंकाल मिलने पर मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने राजस्थान में सांभर झील के इर्द-गिर्द करीब 18,000 प्रवासी पक्षियों के कंकाल मिलने के मामले में एक खबर का संज्ञान लेते हुए रिपोर्ट मांगी है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय आर्द्रभूमि प्राधिकरण, राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जयपुर के जिला मजिस्ट्रेट को तथ्यात्मक और कार्य रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है । अधिकरण ने अगले साल 22 जनवरी को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है । एनजीटी ने एक अखबार में छपी खबर का संज्ञान लिया है। राजस्थान की सांभर झील के पास 18,000 प्रवासी पक्षी मृत मिले । मामले पर पर्यावरणविदों ने भी चिंता प्रकट की है । खबर के मुताबिक, 10 नवंबर को जयपुर से 80 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित सांभर झील के आसपास 18,000 प्रवासी पक्षियों के अवशेष मिले । इसमें कहा गया कि इतने बड़े पैमाने पर परिंदों की मौत से आशंका है कि दलदली भूमि की पारिस्थितिकी को बनाए रखने में पर्यावरण मानकों का उल्लंघन हुआ है। पक्षी विशेषज्ञों ने कहा है कि झील के 12-13 किलोमीटर के दायरे में नार्थन शोवलर्स, रूडी शेलडक, प्लोवर्स, एवोसेट्स सहित कई प्रवासी पक्षियों के कंकाल मिले हैं ।



**पहचान के लिए अपील**



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, पता: अज्ञात, जोकि दिनांक 16.11.2019 को पखां रोड फ्लाइओवर, नेपाली मंदिर नगर राया के पास, माया पुरी, नई दिल्ली में बिमार अवस्था में पाया गया और दिनांक 16.11.2019 को डीडीयू अस्पताल, दिल्ली में भर्ती कराया गया जिसका MLC No. 11045/19। बाद में उसे ईलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया था जिसका MLC No. 997400/19। इलाज के दौरान दिनांक 16.11.2019 को डॉक्टरों ने उसे सफदरजंग अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। इस सन्दर्भ में DD No. 27-A dated 16.11.2019 पुलिस थाना, माया पुरी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। मृत शरीर को पहचान के लिए सफदरजंग अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नाम: अज्ञात, उम्र: करीब 55 वर्ष, चेहरा: लम्बा, कद: 5'7", रंग: सांवला, शरीर: पतला, बाल: ग्रे और भूरे, पहचान: अस्वस्थ दिमाग, पहनावा: भूरे रंग का कोट और ग्रे पैन्ट।

अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, माया पुरी, दिल्ली
DP/8513/WD/19 फोन: 011-28117644, 28116097, 8750871121

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: 45 साल, लिंग: पुरुष, रंग: गेहुँआ, कद: 5 फुट 5 इंच, पहनावा: सफेद शर्ट, नीले रंग की स्वेटर व ग्रे रंग की पैंट पहने हुए है, जो दिनांक 04.11.2019 को दुकान नं. 113 के सामने, अजाद मार्केट में मृत पाया गया।

इस संदर्भ में FIR/DD No. 11B-A दिनांक 04.11.2019 थाना बड़ा हिन्दू राव, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना बड़ा हिन्दू राव, दिल्ली
DP/652/N/19 फोन: 011-23528060, 8750870125

**दि फेडरल बैंक लि.**
प्रथम तल, एसबीएल प्लाजा, प्लॉट नं. 10, कम्युनिटी सैंटर, सेक्टर-IX, डोसी चौक, रोहिणी, नई दिल्ली-110085, नई दिल्ली
**फेडरल बैंक** आपका सम्पूर्ण बैंकिंग पार्टनर
पंजी. कार्यालय आलवाये, केरल

**प्रस्तावित गिरवी के सम्बन्ध में सूचना**

"हम एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना देते हैं कि हम एक ऋण की प्रतिभूति के उद्देश्य हेतु मै. कोस्ट टू कोस्ट डिजाइंस प्रा. लि. निवासी 203-208, आदित्य चेम्बर-I, डी-ब्लॉक, सेंट्रल मार्केट, प्रशांत विहार, दिल्ली-110085 (पी.औ.) से सम्बन्धित नाथूपुर गांव, तालुक एवं जिला, सोनीपत के किला नं. 8//25/1/1, 2(4-0), (2-13), 7/21/1/1, 7/21/2/1 एवं 8//24/1/3/2, 1 में निहित सम्पत्ति को टाइटल डीड्स के डिपॉजिट द्वारा गिरवी के माध्यम से प्रतिभूति के रूप में स्वीकार करना प्रस्तावित करते हैं। कम्पनी द्वारा हमें यह प्रतिवेदित किया गया है कि नवीनतम टाइटल डीड(एस) के पूर्ववर्ती डीड्स के मूल यथा : 2 कनाल 13 मरला हेतु दस्तावेज 8135 दि. 24.11.2004 और 5397 दिनांक 08.09.04, 6 कनाल 9 मरला हेतु दस्तावेज 6183 दि. 24.09.2004, और 7120 दि. 14.09.2005, 0 कनाल 18 मरला हेतु दस्तावेज सं. 3491 दि. 13.03.2004, दस्तावेज सं. 9610 दि. 31.12.2004, दस्तावेज सं. 4185 दि. 26.07.2004, 1 कनाल 12 मरला हेतु दस्तावेज सं. 14608 दि. 08.02.2006, दस्तावेज सं. 9593 दि. 26.02.2010 के रूप में पंजीकृत डीड्स, सोनीपत सब रजिस्ट्रार के कार्यालय में मुटेशन नं. 3386, 2594, 2219, 1965, 3189 दि. 30.08.16, 14.09.10, 28.04.06, 02.11.04 एवं 17.06.14 क्रमशः की प्रति कम्पनी को नहीं सौंपी गई थी। अतः हम डिपॉजिट हेतु उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित उक्त दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति को स्वीकार करने का प्रस्ताव करते हैं। यदि उपरोक्त पूर्ववर्ती डीड्स के आधार पर उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी का कोई पूर्व दावा चाहे जो भी हो, है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से तीस दिन के अंदर हमारे समक्ष प्रस्तुत कर सकता / सकती है, जिसमें विफल रहने पर यह समझा जाएगा कि उक्त सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई ऋणभार नहीं है।"

हस्ता./- शाखा प्रमुख ( रोहिणी )
दिनांक 21 नवम्बर 2019 दि फेडरल बैंक लि.

## गीले कचरे से बनी 'बायो सीएनजी' से दौड़ रहीं हैं सिटी बसें

# इंदौर निगम के कारनामे की गूंज पहुंची जापान

### जापान के सुकुबा में हुई ग्रीन हाउस गैसों को कम करने की दिशा में शोध करने वाली संस्था एआईएम की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

चोइथराम मंडी और कबीटखेड़ी में इंदौर नगर निगम द्वारा स्थापित बायोमिथेनाइजेशन प्लांट की गूंज जापान तक पहुंच गई है। जापान में ग्रीन हाउस गैसों को कम करने की दिशा में शोध और काम करने वाली संस्था एआईएम (एशिया-पैसिफिक इंटीग्रेटेड मॉडल) के सदस्यों को इसके बारे में बताया गया है। भोपाल के मौलाना आजाद नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आर्किटेक्चर विभाग के प्रोफेसर डॉ. मनमोहन कापशे ने बताया कि किस तरह इंदौर के प्लांट में गीले कचरे से सीएनजी बनाकर उसका उपयोग सिटी बस चलाने में किया जा रहा है। एआईएम की 25वीं सालाना बैठक 18 और 19 को जापान के सुकुबा में हुई।

**खास बातें**
- 18 और 19 नवंबर को हुई 25वीं सालाना बैठक में मैनिट भोपाल के प्रोफेसर डॉ. मनमोहन कापशे शामिल हुए
- रोज चोइथराम सब्जी मंडी के 15 टन गीले कचरे से 600 किलो सीएनजी बनती है

### इंदौर की तारीफ

जब बैठक में प्रो. कापशे ने इंदौर में किए गए अनूठे प्रयोग के बारे में अन्य सदस्यों को बताया तो उन्होंने इंदौर की तारीफ की। कापशे के अनुसार यदि जापान सरकार इस प्रक्रिया पर शोध के लिए धनराशि उपलब्ध कराती है तो वे और कुछ अन्य सदस्य इंदौर आकर रिपोर्ट तैयार करेंगे और उसे जापान सरकार को सौंपेंगे।



### यह होता है इंदौर में

- चोइथराम मंडी में रोजाना 800 किलोग्राम सीएनजी पैदा हो रही है। मंडी से निकलने वाले 20 मीट्रिक टन गीले कचरे से यह गैस बनाई जा रही है। यह प्लांट करीब दो साल पहले स्थापित किया गया था। - दूसरा प्लांट कबीटखेड़ी में बनाया है, जहां गीले कचरे से रोज 600 किलोग्राम सीएनजी पैदा हो रही है। वहां 15 मीट्रिक टन गीले कचरे से गैस बनाई जा रही है।
- फिलहाल जितनी सीएनजी पैदा हो रही है, उसका इस्तेमाल छह बसों में किया जा रहा है। (अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लि. के सीईओ संदीप सोनी के अनुसार )

### विभिन्न देशों के 50 प्रतिनिधि शामिल हुए

जापान के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एन्वायर्नमेंट स्टडीज में हुई बैठक में विश्वभर के विभिन्न देशों के 50 प्रतिनिधि शामिल हुए। यह संस्था ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेंट चेंज को रोकने की दिशा में अध्ययन करती है। एआईएम से बीते 15 साल से जुड़े प्रो. कापशे ने बताया कि गीले कचरे से मीथेन पैदा होती है जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने में सहायक है। इंदौर में गीले कचरे की प्रोसेसिंग कर उससे सीएनजी पैदा कर रहे हैं। उसका उपयोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट के संचालन में हो रहा है। यह दोहरी उपलब्धि है। जापान पहुंचे मेहमान प्रतिनिधियों को बताया कि इंदौर में दो जगह गीले कचरे से सीएनजी पैदा कर पब्लिक ट्रांसपोर्ट में इस्तेमाल की जा रही है।

## चिंतन

# राममंदिर विवाद में किसने लगाए अड़ंगे

शताब्दियों पुराने रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को देश ने जिस शांतिपूर्ण और विवेकसम्मत अंदाज में ग्रहण किया है, यह हमारे परिपक्व होते लोकतंत्र की मिसाल है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता में संविधान पीठ का फैसला आने से पहले सबकी सांसें थमी हुई थीं। सबसे बड़ा सवाल यही था कि फैसला आने के बाद क्या होगा। जब भी कोई विवाद एक हद से ज्यादा लंबा खिंच जाता है तो समय के साथ उसकी जटिलता बढ़ती चली जाती है। अयोध्या मामले में ऐसा तो था ही, इसके साथ जुड़ी धार्मिक भावनाएं भी मामले को और भी जटिल बना रही थीं। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की इस बेंच के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि समाज के गले में लंबे समय से फंसे इस कांटे को किस तरह निकाला जाए कि वह कोई नया जख्म न हो। यह कोर्ट की परिपक्वता ही थी कि पांचों जजों ने सर्वसम्मति से ऐसा फैसला दिया जिससे किसी भी पक्ष को सब कुछ भले न मिला हो, पर कोई भी पक्ष ऐसा नहीं रहा जिसे कुछ न मिला। सबसे बड़ी बात यह रही कि पूरे देश ने फैसले को सहर्ष स्वीकार किया, लेकिन सबसे बड़ा सवाल आज भी यही है कि यह विवाद सदियों तक क्यों खिंचा। वो कौन सी ताकतें थी, जिन्होंने मामले को सिरे नहीं चढ़ने दिया। इस सवाल का जवाब तलाशने से पहले हमें 8 फरवरी 2018 को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सुप्रीम कोर्ट में सुन्नी वक्फ बोर्ड के वकील कपिल सिब्बल के उस वक्तव्य पर गौर करना होगा, जिसमें उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि सुनवाई को जुलाई 2019 तक टाल दिया जाए। केवल इतना ही नहीं, ऐसा न होने पर सिब्बल समेत मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में सुनवाई का बहिष्कार करने की धमकी दे डाली। कांग्रेस को डर था कि अगर फैसला लोकसभा चुनाव से पहले आता है तो भारतीय जनता पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। हालांकि फैसला तो नहीं आया। इसके बावजूद लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से सरकार बनाने में कामयाब रही, वहीं कांग्रेस को एक बार फिर नेता विपक्ष के लिए भी जरूरी संख्या बल नहीं मिल पाया। झारखंड में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष और गृहमंत्री अमित शाह ने ठीक ही कहा है कि कांग्रेस पार्टी केस ही नहीं चलने देती थी। यह बात ठीक है कि रामलला के कपाट राजीव गांधी की सरकार के दौरान खुले थे, लेकिन इसके बाद कांग्रेस ने जो किया वो किसी से छिपा नहीं है। असल में कांग्रेस हमेशा से ही अल्पसंख्यक मुस्लिम और दलितों को अपना वोट बैंक मानती रही है। कांग्रेस को लगता था कि अगर मंदिर विवाद उलझा रहा तो उसका वोट बैंक सुरक्षित रहेगा। इसी वोट बैंक के लिए कांग्रेस ने शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भी पलट दिया था। इंदौर निवासी शाहबानो के पति ने उसे तीन तलाक दे दिया था, इसके विरोध में शाहबानो अदालत पहुंची तो सुप्रीम कोर्ट ने पांच बच्चों की मां 62 वर्षीय शाहबानो ने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। इस फैसले का ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने पुरजोर विरोध किया। शाहबानो के कानूनी तलाक भत्ते पर देशभर में राजनीतिक बवाल मच गया। राजीव गांधी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को मिलने वाले मुआवजे को निरस्त करते हुए एक साल के भीतर मुस्लिम महिला तलाक में संरक्षण का अधिकार अधिनियम, 1986 पारित करके सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ही पलट दिया। यह सब केवल इसलिए किया गया ताकि वोट बैंक कांग्रेस के पाले में रहे। कांग्रेस का ऐसा ही रवैया राम मंदिर के मामले में भी था। एक और जहां राममंदिर भारतीय जनता पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र में शामिल था, वहीं कांग्रेस को डर था कि विवादित जमीन हिन्दुओं को देने से मुस्लिम वोट बैंक नाराज हो सकता है, इसलिए पूरे मामले में अड़ंगे लगाए जाते रहे। अब फैसला आ गया है, लेकिन कांग्रेस नेताओं को अपने इन कर्मों के लिए देश को जवाब तो देना ही होगा।

## सारा संसार



**फिलिपींस:** सस्ते में विदेश घूमने वालों के लिए फिलिपींस भी बेहतरीन ऑप्शन हैं। यहां आप 700 रुपए में किराये पर कमरा ले सकते हैं, जबकि 500 रुपए में अच्छा डिनर एंजॉय कर सकते हैं। पलावां, एस निडो, कॉर्डिलेरास, लोकोस और चॉकलेट हिल्स यहां की बेहतरीन जगहों में शुमार हैं।

## व्यंग्य

अशोक गौतम

# बेटे का सवाल

उन्होंने अबके पता नहीं क्यों विक्रम की तरह हठ कर लिया कि वे अपने बेटे को जनता को मुखमंत्री के रूप में सौंप कर ही दम लेंगे। सो इसी इरादे से कल वे इधर-उधर से थकहार कर मेरे पास आए, खों खों करते हुए बोले, यार तुमसे मुट्ठी भर समर्थन चाहिए था ताकि मैं खानदानी जनसेवा की परंपरा को अक्षुण्ण रखते अपने बेटे को जनता की सेवा के खास धंधे में लगा सकूं। मैंने उनसे आंखों ही आंखों में राजनीतिक सौदा करते हुए पूछा, क्या है न कि राजनीति में हर समर्थन के पीछे कोई न कोई सौदा होता ही है। हां यार! थोड़ा सा बस! आठ दस जोड़े हाथ कम पड़ रहे हैं। फ्लोर टेस्ट के लिए। भीतर से दोगे तो भीतर वाले पद दे दूंगा। बाहर से दोगे तो बाहर वाले पद दे दूंगा, पर ना मत करना। मैं अबके हर हाल में बेटे को जनता को मुख्यमंत्री के रूप में गिफ्ट देना चाहता हूं। मुझे लग गया कि वे पुत्रमोह में बुरे फंस गए हैं। अपनी संतानों से जो सबसे अधिक मोह होता है तो बस, हम देशसेवकों को ही होता है, मिल जाएगा! मेरे पास समर्थन की कोई कमी नहीं। पर, झूठ बोलने में हम राजनीतिज्ञों का जाता भी क्या है? पर क्या? तुम जो भी कहोगे मैं सब करूंगा। बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं, मुझे उनमें बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का जुनून दिखा तो मैं उनके चरणों को छुए बिना न रह सका। धन्य हो ऐसा लोकतांत्रिक जनसेवक पिता। मैंने इधर उधर देखा। जब कोई न दिखा तो सादर उनके चरण स्पर्श कर ही लिए, तो उन्होंने क्या कहा? वे नहीं माने! क्यों? बोले हम ज्यादा हैं। सो कायदे से मुख्यमंत्री हमारा ही होगा। हम अपने मुख्यमंत्री से अपनी मर्जी की जनता की सेवा करवाएंगे। मैंने कहा, मुख्यमंत्री मेरा बेटा नहीं तो मैं कौन, तुम कौन! जाओ कट्टी! जो नहीं सीखते वे दुर्योधन से तो क्या, अपने आसपास से भी नहीं सीखते। हम कट्टी हो गए! मिल बांट कर जनता को खा लेते? वे टोटली मुकर गए। क्यों? वैसे भी जो वे जो पहले खाते तो बाद में हमें खाने को बचता ही क्या? हम बिल्कुल किनारे हो गए। अब? वे साथ आ गए हैं! उन्होंने राहत की कुछ सांस ली तो मेरी सांस रुकी। पर वे तो कहां तुम? और कहां वे? इतना भी नहीं जानते दोस्त! राजनीति में कोई किसी का परमानेंट दुश्मन नहीं होता। जनता की सेवा करने के लिए एक दूसरे की सहायता की जरूरत तो पड़ती ही है न। आज के समय में मंत्री हो जनता की सेवा करना कौन नहीं चाहता? अब बस, थोड़ी सी और कमी है। तो पहले भाई का साथ छोड़ो, मैंने उनसे कहा तो वे तुरंत उनका साथ छोड़ने की घोषणा करने के बाद बोले, छोड़ दिया। कुर्सी के लिए उनका साथ तो क्या हम अपना साथ तक सहर्ष छोड़ दें। तो अब बीवी का साथ छोड़ो! लो यार! उनका भी साथ छोड़ दिया। मर जाए जो मरने के बाद भी उनको अपना कहें। लो, आज से उनका हमारा छत्तीस का आंकड़ा! अब समर्थन मिलेगा न? समर्थन मिलेगा। जनता का लोकप्रिय मुख्यमंत्री तुम्हारा ही होगा। उसे जनता की सेवा करने से अब कोई नहीं रोक सकता, मैंने कहा तो वे बोले, जय हो! अब दोनों मिलकर प्रेस कांफ्रेंस कर लें? नहीं! पहले अपनी नाक उतारो! यार! वह तो हमारे पास होती ही कहां है?

# सबका घर होगा अपना



उपलब्धि

नरेंद्र सिंह तोमर

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पहले चरण में एक करोड़ मकानों का निर्माण करना था। बाकी एक करोड़ 95 लाख मकानों को दूसरे चरण में पूरा करने का लक्ष्य है। सभी राज्य सरकारों की भागीदारी से ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 87 लाख से ज्यादा आवासों का निर्माण पूरा कर लिया है। इसके अतिरिक्त सरकार ने पूर्ववर्ती आवास योजना के 40 लाख से ज्यादा आवासों को भी अप्रैल 2016 से अब तक पूरा किया है। जल्दी ही सभी को आवास का सपना पूरा होने वाला है।

उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थ नगर जिले के एक गांव में अमरावती अपने छोटे बच्चों के साथ एक झोपड़ी में रह रही थी। वह अपने गांव में कृषि और मनरेगा मजदूरी से होने वाली आमदनी से घर का खर्च चलाया करती थी। मानसून के दौरान गुजारा करने में होने वाली कठिनाइयां यथा झोपड़ी में बारिश के पानी टपकने और ईंधन की लकड़ी सूखी बनाए रखने से लेकर बच्चों की बीमारी से निपटने और इन सब की व्यवस्था करते हुए काम से अवसर खो देना उसकी नियति-सी बन गई थी। अमरावती के लिए इस तरह की कठिनाइयों के बीच गरिमापूर्ण जीवन बिताना कल्पना से बाहर की बात थी और यह कहानी अकेले अमरावती की ही नहीं है, ऐसे कई परिवार हैं जिनके लिए पक्के मकान में गरिमापूर्ण जीवन जीने का सपना भी दुर्लभ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अमरावती एवं इनके जैसे 87 लाख से ज्यादा परिवार जरूरी सुविधाओं से युक्त आवास पाकर गरिमापूर्ण जीवन जी रहे हैं।

भारत को गरीबी मुक्त बनाने और अपने गांवों में रह रहे सभी वंचितों को गरिमापूर्ण जीवन उपलब्ध कराने के स्वप्न के साथ सरकार 2022 तक सभी ग्राम पंचायतों को गरीबी से मुक्त बनाने के मार्ग पर चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इसी परिकल्पना के साथ सभी को आवास उपलब्ध कराने की तैयारी है। शौचालय, एलपीजी सिलेंडर के साथ गैस कनेक्शन, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ पक्के मकान की उपलब्धता गरिमापूर्ण जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इसे दृष्टि में रखते हुए तत्कालीन आवासीय कार्यक्रम-इंदिरा आवास योजना का पुनर्गठन कर उसे 01 अप्रैल, 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का स्वरूप दिया गया।

इसका उद्देश्य वर्ष 2016-17 से 2018-19 के बीच पहले चरण के अंतर्गत एक करोड़ मकानों का निर्माण करना था। बाकी एक करोड़ 95 लाख मकानों को दूसरे चरण में पूरा करने का लक्ष्य है। सभी राज्य सरकारों की भागीदारी से ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 87 लाख से ज्यादा आवासों का निर्माण पूरा कर लिया है। इसके अतिरिक्त सरकार ने पूर्ववर्ती आवास योजना के 40 लाख से ज्यादा आवासों को भी अप्रैल 2016 से अब तक पूरा किया है। वर्ष 2019-20 में 60 लाख परिवारों को उनके मकानों के निर्माण में सहायता देने की योजना है। इनमें से अभी तक 36.70 लाख परिवारों को मकान स्वीकृत किए जा चुके हैं। पानी, गैस, शौचालय और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्के मकान का होना किसी भी परिवार का आत्म-सम्मान बढ़ाता है, क्योंकि इससे उस परिवार को दिन-प्रतिदिन की चिंताओं से मुक्ति मिल जाती है। परिणामस्वरूप उस परिवार को और अधिक आर्थिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त हो जाती है। नवनिर्मित मकानों से लोगों के जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार आता है। आवास को एक केन्द्रीय इकाई मानते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मूलभूत सुविधाएं भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों



के साथ तालमेल के जरिए उपलब्ध करवाई जा रही हैं। हम इस अवसर पर सरकार के स्तर पर किए गए कुछ सुधारों की चर्चा भी करना चाहेंगे, जिनसे प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी और कुशल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण मदद मिली है। सरकार ने आवास विहीनता के मानदंडों पर आधारित सामाजिक-आर्थिक जातिगत जनगणना के जरिए लाभार्थियों की पहचान करने का निर्णय लिया और इसके बाद ग्राम सभा स्तर पर सत्यापन प्रक्रिया अपनाई। इससे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के चयन और स्थायी प्रतीक्षा सूची में पूर्ववर्ती क्रम के अनुसार मकानों के आवंटन में पारदर्शिता लाने में मदद मिली है।

प्रधानमंत्री आवास योजना में निगरानी प्रक्रिया साक्ष्य आधारित है। भुगतान करने से पहले मोबाइल एप्लीकेशन आवासऐप के जरिए निर्माण के पूर्व निर्धारित स्तरों के चित्र लिए जाते हैं और इन जियो टैग्ड चित्रों को समय और तारीख के साथ इस योजना के एमआईएस आवाससॉफ्ट पर अपलोड किया जाता है। ये विवरण पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं। इससे वित्तीय अनुशासन भी कायम हुआ है। हम घर बैठे किसी भी समय देश के किसी कोने में निर्मित हो रहे आवास की वास्तविक प्रगति से अवगत हो सकते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण पहल एकल नोडल खाता खोलने की भी रही है। पहले की ग्रामीण आवास योजना में राज्य, जिला, ब्लॉक और उप-ब्लॉक के स्तर पर विभिन्न खाते हुआ करते थे और उनमें अनावश्यक रूप से निधियां पड़ी रहती थीं। इससे पात्र लाभार्थियों को फंड जारी नहीं हो पाते थे, क्योंकि वे किसी अन्य खाते में पड़े होते थे। नतीजतन, मकानों के निर्माण में विलंब होता था। एकल नोडल खाता प्रणाली से इस समस्या का समाधान हो गया है। इससे आवश्यकता के समय धनराशि का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित हुआ है और मकानों के निर्माण में तेजी आई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की गुणवत्ता के मुद्दे से निपटने और निर्माण की सभी जरूरतों को एक ही जगह पर पूरा करने के उद्देश्य से मंत्रालय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत न केवल राजमिस्त्री से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता है बल्कि बार-बेंडिंग और शटरिंग इत्यादि का काम भी सिखाया जाता है। इससे रोजगार मिलने के अवसर भी बढ़े हैं। इस कार्यक्रम के तहत कुल 90,064 उम्मीदवारों को नामांकित किया गया और 53,370 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित एवं प्रमाणित भी किया जा चुका है।

प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग से मकान का निर्माण पूरा करने में लगने वाले दिनों की औसत संख्या भी घटी है। वर्ष 2015-16 में किसी मकान का निर्माण कार्य पूरा होने में औसतन 314 दिन लगते थे जो वर्ष 2017-18 में घटकर 114 दिन रह गए। इससे वार्षिक आधार पर पूरे किए जाने वाले मकानों की संख्या में वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पहले चरण के कार्यान्वयन के दौरान सरकार को ऐसे परिवारों का पता चला है जो संभवतः पात्र हैं, लेकिन वे प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थायी प्रतीक्षा सूची में किसी कारण शामिल नहीं हो पाए। ऐसे छूटे हुए परिवारों का विवरण दर्ज करने के लिए आवास प्लस मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय इन आंकड़ों की विश्लेषण प्रक्रिया पूरी कर पात्र उम्मीदवारों की सूची को अद्यतन बनाने में लगा हुआ है।

वर्ष 2022 के आरंभ तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व के अंतर्गत गरीबी मुक्त नए भारत का सपना पूरा होने जा रहा है और सरकार हर पात्र लाभार्थी को मार्च 2022 तक सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त आवास उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्प है।

*(लेखक केंद्रीय मंत्री हैं)*

## मन को स्थिर करती है पूर्णता




संकलित

दर्शन

तुम्हारी आत्मा में ब्रह्मांड व्याप्त है। अपने शरीर का सम्मान करो और संसार का परित्याग करके उसका आनंद लो। संसार को पकड़े रहने की तुम्हारी उत्तेजना जीवन में दुःख देती है और परित्याग आत्मा का संरक्षण है। सुखकर और असुखकर घटनाएं दिखने में तुम्हें अलग-अलग लगें, लेकिन वे एक ही दिव्यता से बनी हैं। संसार जो हम देखते हैं, ये संपूर्णता का एक छोटा सा अंश है। संपूर्णता एक शून्य जैसी है, परिपक्व और पूर्ण। शून्य के ज्ञान के अभाव में कोई भी सभ्यता पनप नहीं सकती। दुनिया एक पूर्णता से दूसरी पूर्णता की ओर बढ़ रही है। पूर्णता मन को स्थिर करती है जिससे आप आत्म चिंतन कर सको और इस तरह मन को अंतरस्थ करने को अध्यात्म कहते हैं। ईश दैवत्व सारे ब्रह्मांड में व्याप्त है और इसे एक ऊर्जा के स्वरूप में संबोधित किया जाता है, व्यक्ति के रूप में नहीं। सब कुछ इसी एक चेतना में व्याप्त है, जागो और देखो सारा ब्रह्मांड अनंत है और तुम्हारे भीतर का आंतरिक अवकाश इस ब्रह्मांड के जितना ही संपूर्ण है। अपना कार्य करते रहो और परित्याग करते रहो। असुखकर घटनाएं तुम्हें अधिक शक्तिशाली बनाती हैं जबकि सुखकर घटनाएं तुम्हें विकसित करती हैं। परित्याग का अर्थ है पूरी तरह से वर्तमान क्षण में रहना। बस समझ लो कि ब्रह्मांड प्रेम और भरपूरता से व्याप्त है और तुम्हारी जरूरतों का हमेशा ध्यान रखा जा रहा है।

## दूसरों के कहने से न करें खुद में बदलाव



संकलित

प्रेरणा

हम सबके आसपास ऐसे लोगों की लंबी फौज होती है, जो हमें सलाह देते रहते हैं। अपनी सलाहों से वे हमें बदलना चाह रहे होते हैं। कुल मिलाकर वे हमें,जैसे बाकी सब हैं, वैसा बनाने में जुट जाते हैं। नतीजा, हम खुद के प्रति सहज नहीं हो पाते। 15 थिंग्स यू शुड गिव अप टु बी हैपी नामक चर्चित किताब की लेखिका ल्यूमिनिटा डी. सेवियुक कहती हैं कि हम जीवन में कई ऐसे लोगों से मिलते हैं, जो हमें बताते हैं कि हमें अपने में कुछ बदलाव करने चाहिए। ज्यादातर लोगों को इस तरह के सुझाव या दखलअंदाजी अखरती है। इनकी वजह से हम खुद के प्रति रक्षात्मक हो जाते हैं और ऐसा व्यवहार करने लगते हैं, जैसे हम कुछ गलत काम कर रहे हों और हमें अपना रवैया या तौर-तरीका सुधारने की बहुत आवश्यकता है। यहां पर यह कहना सही नहीं होगा कि दूसरों के नजरिये या सुझाव में सत्य की मौजूदगी बिल्कुल नहीं होती। पर, दूसरों के द्वारा अपना विश्लेषण किए जाने पर कैसा लगता है, यह जानना भी जरूरी है। एक क्षण के लिए सोचें कि हम जीवन को लेकर अलग तरीके से व्यवहार करते हैं, हमारी शुरुआत अलग होती है और हमारे जीवन के अनुभव भी अलग ही होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### योजनाओं के प्रति गंभीरता नहीं

प्रदेश सरकार की नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना सराहनीय व अनुकरणीय है। यह प्रदेश और प्रदेशवासियों के हित में है। इस योजना से ग्रामीण अंचल की तस्वीर और ग्रामीणों की तकदीर बदल सकती है, लेकिन कुछ गैर जिम्मेदारों की वजह से गांवों में गोवंश की रक्षा व चरागाह की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। भूख की वजह से गोवंश की मौत हो रही है। शासन व प्रशासन इस ओर ध्यान दें।

*-एक नागरिक*

## ट्रेंड

### कांग्रेस ने कुछ नहीं किया



मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि 70 साल तक आपने शासन किया, गरीब के घर में गैस, बिजली, स्वास्थ्य कार्ड, शौचालय क्यों नहीं पहुंचा? गांव को रोशन क्यों नहीं किया? इनके पास किसी बात का जवाब नहीं है, आपने कुछ नहीं किया।

-अमित शाह

### मानवता को पहचानें



बहुत अधिक आत्म-केंद्रित होना चिंता और अवसाद को जन्म दे सकता है। एक प्रभावी संपूर्ण मानवता को ध्यान में रखकर परोपकार की भावना पैदा करना है। मानवता के लिए हमें आवश्यक समानता को मनुष्य के रूप में पहचानना पड़ता है।

-दलाई लामा

### खुशी का दिन



अनुपमा को नए जीवन की इस नई यात्रा के लिए बधाई और मेरा प्यार। तेजाब पीड़िता अनुपमा से प्रेम करने वाले जगदीप ने शादी की है। यह मेरे लिए प्रेम और खुशी भरा दिन था। यूं ही दोनों खुश रहें और हमेशा एक दूसरे की खुशी का कारण बनें।

-शाहरुख खान

### बिजली वाला तीन पहिया



बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि हमने 1999 में एक इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर लॉन्च किया था, जिसे बिजली कहा जाता है। वो ज्यादा कारगर नहीं हुआ, लेकिन हमने बहुत कुछ सीखा। अब इसे बढ़ावा देने के लिए इसे नवीनीकृत किया जा रहा है।

-आनंद महेंद्रा

## करंट अफेयर

# इमरान को पाक के चीफ जस्टिस ने लगाई फटकार



सरकार और न्यायपालिका के बीच नवाज़ शरीफ़ को इलाज के लिए विदेश भेजने को लेकर मतभेद के बाद पाक के चीफ़ जस्टिस आसिफ सईद ख़ान खोसा ने प्रधानमंत्री इमरान ख़ान को कोर्ट के ख़िलाफ़ उनकी हालिया टिप्पणियों को लेकर फटकार लगाते हुए उनसे बयान देते समय सावधानी बरतने और कटाक्ष नहीं करने को कहा है। चीफ़ जस्टिस खोसा ने हाई कोर्ट के एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए क्योंकि वह सरकार के मुखिया हैं। खोसा ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री ने जिस विशेष मामले का ज़िक्र किया, मैं उस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता लेकिन उन्हें ये पता होना चाहिए कि उन्होंने खुद ही किसी को विदेश जाने की अनुमति दी। हाई कोर्ट में सिर्फ़ तौर-तरीके पर सुनवाई हुई। कृपया सावधान रहें। दरअसल, लाहौर हाईकोर्ट ने इमरान ख़ान सरकार की 700 करोड़ रुपए के बांड भरने की शर्त को दरकिनार करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ को इलाज कराने के लिए विदेश जाने की अनुमति दे दी थी, जिसे लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच मतभेद सामने आ गए। चीफ़ जस्टिस की यह प्रतिक्रिया इमरान के हाल ही में दिए उस भाषण के बाद आई है जिसमें ख़ान ने चीफ़ जस्टिस से यह कहा था कि न्याय प्रक्रिया में सुधार करने की ज़रूरत है।

## ऑफ बीट

# श्रीकृष्ण ने स्वर्ग से लाकर स्थापित किया था कल्पवृक्ष



उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में महाकालेश्वर का एक मंदिर स्थित है जिसके परिसर में कल्पवृक्ष लगा हुआ है। इस मंदिर का दर्शन करने के लिए लोग बहुत दूर-दूर से आते हैं। सावन के अंतिम सोमवार के दिन इतने भक्त यहां जल चढ़ाने आते हैं कि यहां पैर रखने की भी जगह नहीं होती है। मंदिर के आचार्य गणेश आनंद के अनुसार, कल्पवृक्ष के बारे में बताया जाता है कि सतयुग में समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों में कल्पवृक्ष भी समुद्र से निकला था। इस पेड़ की खास बात ये है कि इसकी जड़ ऊपर होती है और ऊपरी हिस्सा ज़मीन में होता है। पूरे देश में कल्पवृक्ष सिर्फ 7 स्थानों पर ही लगा है और आठवां स्थान है मुरादाबाद का महाकालेश्वर मंदिर। कहते हैं कि भगवान श्री कृष्ण ने इसे स्वर्ग से लाकर पृथ्वी पर स्थापित किया था। यह वृक्ष हिंदुस्तान में सिर्फ हैदराबाद, गोलकुंडा किला, राष्ट्रपति भवन, प्रयागराज इलाहाबाद, कोलकाता और हरिद्वार में लगा हुआ है। समुद्र मंथन में देवताओं को 14 रत्नों के साथ यह कल्पवृक्ष भी मिला था। मान्यता है कि इस कल्पवृक्ष पर कलावा बांधने और जल चढ़ाने से लोगों की हर मन्नत पूरी होती है। इस मंदिर का निर्माण कराने वाले ट्रस्टी महेश चंद अग्रवाल का कहना है कि 7 बीघे में बने इस महाकालेश्वर मंदिर में भगवान शिव के पसंदीदा पेड़ भी लगाए गए हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों को खदेड़ा

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के 2,500 से ज्यादा मछुआरों को श्रीलंका की नौसेना ने कथित तौर पर खदेड़ दिया। ये मछुआरे कच्चातीवू के निकट मछली पकड़ रहे थे। रामेश्वरम के मछुआरा संगठन के अध्यक्ष पी सेसुराजा ने आरोप लगाया कि यहां के मछुआरे बुधवार शाम में 497 नावों में मछली पकड़ने गए थे और कच्चातीवू में मछली पकड़ रहे थे उसी दौरान श्रीलंका के नौसेना कर्मियों ने मछुआरों पर धावा बोल दिया और उन्हें भगा दिया। उन्होंने बताया कि कई नावों के जाल काट दिए गए और बिना मछली पकड़े ही मछुआरों को तट पर वापस आने को मजबूर कर दिया गया।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाक नागरिक को वापस भेजा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में पुलिस ने भारतीय क्षेत्र में घुस आये एक पाकिस्तानी नागरिक को सद्भावना दिखाते हुए वापस उसके देश भेज दिया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि कुपवाड़ा पुलिस ने गुरुवार को पाकिस्तान के पाजकोट निवासी शबीर अहमद नामक नागरिक को वापस उसके देश भेज दिया। उन्होंने बताया कि अहमद को इस साल 18 मई को जिले के कर्नाह इलाके में दिलार चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया था, जब वह आवश्यक अनुमति के बिना भारतीय क्षेत्र में चला आया था। प्रवक्ता ने बताया कि प्रासंगिक धाराओं के तहत कर्नाह थाने में एक मामला दर्ज किया गया।

### सांभर झील इलाके में पक्षियों की मृत्यु का कारण एवियन बोट्यूलिज्म

**जयपुर।** राजस्थान की विख्यात सांभर झील तथा इसके भराव क्षेत्र में पिछले दिनों बड़ी संख्या में पक्षियों की मौत का कारण एवियन बोट्यूलिज्म पाया गया है जो क्लोस्ट्रिडियम बोट्यूलिज्म जीवाणु से फैलता है। इस बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि सरकार के प्रयासों के चलते प्रभावित इलाके में हालात अब पहले जैसे नहीं हैं। राज्य के पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया कि सांभर झील इलाके में देसी विदेशी पक्षियों की मौत का कारण एवियन बोट्यूलिज्म पाया गया है। बरेली के भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान ने इसकी पुष्टि की है। जिसकी रिपोर्ट बुधवार को मिली। उल्लेखनीय है कि प्रवासी पक्षियों के लिए विख्यात इस इलाके में पिछले कुछ दिनों में हजारों की संख्या में पक्षी मृत पाए गए हैं।

### अहमदाबाद में बस ने दो लोगों को कुचला, मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर में पंजरापोल में गुरुवार को एक बस ने एक दोपहिया वाहन पर सवार दो लोगों को कुचल दिया। बस चालक घटनास्थल से फरार हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों भाई नयन राम (27) और जयेश राम (24) की मोटरसाइकिल को बस रैपिड ट्रांजिट (बीआरटी) की एक बस ने उस समय टक्कर मारी जब वे शहर के पंजरापोल के पास बीआरटी लेन को पार करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नयन एक निजी बैंक का कर्मचारी था। बैंक की शाखा दुर्घटनास्थल के करीब स्थित है। उन्होंने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### महाराष्ट्र के पालघर जिले में हल्का भूकंप

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में बृहस्पतिवार की सुबह हल्का भूकंप आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख संतोष कदम ने बताया कि पालघर के दहानू तालुक के धुंधलवंडी गांव में सुबह सात बज कर 20 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। उन्होंने बताया कि भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। इससे जान माल के नुकसान की सूचना नहीं है। धुंधलवंडी में नवंबर 2018 से लगातार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि दो दिन पहले भी यहां 2.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

## राज्यसभा में हंगामे की भेंट चढ़ा शून्यकाल

# संसद में चुनावी बॉण्ड और पीएसयू में विनिवेश को लेकर हुआ हंगामा

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने दोनों सदनों में चुनावी बॉण्ड के मुद्दे पर केंद्र सरकार को जमकर हंगामा किया। इस हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही के स्थगित करने से शून्यकाल नहीं हो सका। वहीं इस मुद्दे पर केंद्र सरकार पर सवाल खड़े कर हंगामा करते कांग्रेस के सदस्यों ने सदन से वाकआउट कर दिया।

राज्यसभा की गुरुवार को सुबह कार्यवाही शुरू होने पर सभापति एम. वेंकैया नायडू ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए, जिसके बाद उन्होंने चुनावी बॉण्ड और सार्वजनिक क्षेत्रों में विनिवेश को लेकर कांग्रेस के बीके हरिप्रसाद और वामपंथी के के रागेश सहित कई सदस्यों ने चुनावी बॉण्ड एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में विनिवेश के विरोध में इन मुद्दो पर चर्चा कराए जाने के लिए दिए गए नोटिस मिलने की जानकारी दी, जिन्हें खारिज कर दिया। इन नोटिसों के अस्वीकार होने से खफा इन विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा कर नारेबाजी की। नायडू ने उन्हें यह समझाने का प्रयास किया कि ये मुद्दे अभी इतने जरूरी नहीं है और इससे भी महत्वपूर्ण मुद्दों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए, लेकिन हंगामा जारी रहने की स्थिति में नायडू ने सदन की कार्यवाही को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### लोकसभा से कांग्रेस का वाकआउट

लोकसभा में गुरुवार को कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने शून्यकाल में इलेक्टॉरल बॉन्ड का मुद्दा उठाया। तिवारी ने इलेक्टॉरल बॉन्ड को सियासत में पूंजीपतियों का दखल करार दिया। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और चुनाव आयोग के विरोध के बाद भी चुनावी बॉन्ड जारी किए उससे सरकारी भ्रष्टाचार के ऊपर एक अमलीजामा चढ़ गया है। 2014 से पहले इस देश में एक मूलभूत ढांचा था। उस ढांचे के तहत जो धनपशु लोग हैं जो अमीर लोग हैं, उनका भारत की सियासत में पैसे के हस्तक्षेप पर एक नियंत्रण था। इस मुद्दे पर हंगामा कर रही कांग्रेस के सदस्यों ने आसन के करीब जाकर नारेबाजी करना शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें संसदीय मर्यादा में रहने की नसीहत देते हुए उन्हें वापस अपनी सीटों पर जाने को कहा, लेकिन कांग्रेस सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गये।



### लोस में सांसद ने खुद को बताया 'खम्भे का शिकार तो स्पीकर बोले : मैं भी पहले खम्भे के पीछे बैठता था

भाजपा सांसद राज बहादुर सिंह ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में अपनी सीट खम्भे के पीछे होने का उल्लेख करते हुए खुद को 'खम्भे का शिकार' बताया तो स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि पहले वह भी खम्भे के पीछे बैठते थे। दरअसल, शून्यकाल के दौरान सिंह जब बोलने खड़े हुए तो सदन में लगी स्क्रीन पर उनका चेहरा नहीं दिखा । इस पर उन्होंने कहा कि मैं खम्भे का शिकार हूं, दिखता नहीं हूं। इस पर बिरला ने कहा कि पहले मैं भी खम्भे के पीछे बैठता था। शून्यकाल के दौरान भाजपा की लॉकेट चटर्जी ने पश्चिम बंगाल में पैरा-टीचरों की हड़ताल का मुद्दा उठाया और राज्य सरकार पर शिक्षकों को वेतन नहीं देने का आरोप लगाया। इस पर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के सदस्यों में तीखी नोंकझोंक हुई।

### विपक्ष के हंगामे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने दी सांसदों को नसीहत

इसी सप्ताह सोमवार से शुरु हुए संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार विपक्ष की तरफ से किए जा रहे हंगामे और नारेबाजी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों को नसीहत दी है। इसमें उन्होंने सदन की गरिमा और मर्यादा को बनाए रखने और रोजाना किसी न किसी मुद्दे पर सदन की कार्रवाई की शुरुआत से ही अध्यक्ष के आसन के सामने खड़े होकर हंगामा और नारेबाजी न करने की सख्त हिदायत दी है। यहां बता दें कि विपक्ष में सबसे ज्यादा कांग्रेस पार्टी की ओर से लगातार किसी न किसी मुद्दे को लेकर संसद की कार्रवाई शुरु होने से लेकर अब तक हंगामा किया जा रहा है। इसमें कई बार उन्हें बाकी दलों का भी समर्थन मिल जाता है। कुछ दिन पहले भी लोकसभा अध्यक्ष ने वेल में आकर हंगामा करने वाले सांसदों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि विपक्षी सांसदों को प्रश्नकाल का महत्व समझना चाहिए। यह एक महत्वपूर्ण काल होता है। जिसमें विभिन्न दलों सांसदों को कई प्रकार के प्रश्नों के सरकार से सीधे जवाब लेने का मौका मिलता है।

### बिरसा मुंडा, वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग

शिवसेना के एक सांसद ने लोकसभा में बिरसा मुंडा, वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग की। शून्यकाल के दौरान शिवसेना के राजेन्द्र गावित ने यह मांग करते हुए ज्यादा समय स्वतंत्रता आंदोलन में बिरसा मुंडा के योगदान पर केंद्रित रखा और अंत में सावरकर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को भी भारत रत्न दिया जाना चाहिए।

### चंद्रयान मिशन को विफल मानना न्यायोचित नहीं, अभियान सफल रहा

सरकार ने चांद की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' कर अहम जानकारियां जुटाने से जुड़े, इसरो के चंद्रयान अभियान को तकनीकी तौर पर सफल बताते हुये कहा है कि चंद्रयान के लैंडर द्वारा सॉफ्ट लैंडिंग नहीं कर पाने के कारण इस अभियान को विफल मानना न्यायोचित नहीं होगा। अंतरिक्ष विज्ञान विभाग में राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह ने राज्यसभा में बृहस्पतिवार को प्रश्नकाल के दौरान चंद्रयान मिशन की नाकामी से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि इस अभियान पर सभी देशवासियों की नजरें टिकी थीं। विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग नहीं हो पाना थोड़ा निराशाजनक हो सकता है लेकिन इसकी व्याख्या में अभियान को विफल करार देना न्यायोचित नहीं होगा।

### डीएमआरसी ने पटना मेट्रो के लिए प्रारंभिक काम शुरू कर दिया है : पुरी

सरकार ने गुरूवार को लोकसभा में कहा कि पटना मेट्रो का कार्य प्रगति पर है और दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने प्रारंभिक काम शुरू कर दिया है तथा इसे पांच वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है। आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रश्नकाल में राजीव रंजन सिंह के पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि पटना मेट्रो परियोजना को इस साल फरवरी में मंजूरी दी गयी थी और इस पर प्रारंभिक कामकाज शुरू किया जा चुका है। कामकाज प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 13365.77 करोड़ रुपये की लागत से परियोजना को स्वीकृत किया है और इस परियोजना की पूर्णता अवधि 5 वर्ष है। पुरी के अनुसार परियोजना में एक चरण में 31.39 किलोमीटर की कुल लंबाई के दानापुर से मीठापुर और पटना रेलवे स्टेशन से नये आईएसबीटी तक दो कॉरिडोर के निर्माण की योजना है।

### लोकसभा में गूंजा छत्तीसगढ़ के लंबित पड़े राष्ट्रीय राजमार्गों का मामला

लोकसभा में गुरुवार को छत्तीसगढ़ में काफी वक्त से लंबित पड़े दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़े मामले की जोरदार गूंज सुनाई दी। प्रदेश के बिलासपुर से भाजपा सांसद अरुण साव ने सबसे पहले इस विषय पर केंद्रीय सड़क-परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से धीमी गति से चल रहे बिलासपुर-रायपुर और बिलासपुर-रायगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग का काम पूरा होने की समयसीमा को लेकर प्रश्न पूछा। जिसके जवाब में गड़करी ने कहा कि यह तथ्य सही है कि इन दोनों राजमार्गों पर काम की गति धीमी है। इसके पीछे भूमि-अधिग्रहण से लेकर कांट्रेक्टर जैसी कुछ दिक्कतें आई थी। लेकिन अब इनके लिए राज्य के पीडब्ल्यूडी ने डीपीआर बना ली है।

### पहले जैसी नहीं होगी अब राज्यसभा के मार्शलों की ड्रेस, समीक्षा में सुधार संभव

राज्यसभा के मार्शलों की नयी ड्रेस सैन्य अधिकारियों की तरह दिखने को लेकर जारी विवाद के बीच राज्यसभा सचिवालय ने तय किया है कि समीक्षा के बाद इसमें सुधार संभव है लेकिन इसे पुराने स्वरूप में वापस नहीं लाया जाएगा। राज्यसभा सचिवालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि व्यापक विमर्श के बाद राष्ट्रीय डिजायन संस्थान (एनआईडी) द्वारा डिजायन की गयी नये कलेवर वाली ड्रेस को सेना की ड्रेस से अलग रखने सहित सभी जरूरी पहलुओं को ध्यान में रखकर ही इसे अंतिम रूप दिया गया है।

### हेमा मालिनी ने लोकसभा में उठाया 'बंदरों के आतंक का मुद्दा

भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने मथुरा एवं वृंदावन में 'बंदरों के आतंक' का मुद्दा लोकसभा में उठाया और कहा कि इस समस्या से लोगों को राहत देने के लिए 'मंकी सफारी' बनाई जानी चाहिए। शून्यकाल के दौरान सदन में जब हेमा मालिनी ने यह मुद्दा उठाया तो कई सदस्यों ने उनकी बात का समर्थन किया और देश के कई हिस्सों में बंदरों से लोगों को परेशान होने की बात कही। हेमा ने कहा कि तीर्थस्थलों पर बंदरों के आतंक से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। बंदर का नाम लेने से बहुत सारे लोगों को मजाक लगेगा, लेकिन यह बहुत गंभीर मुद्दा है।

### संविधान दिवस पर 26 नवंबर को लोकसभा-राज्यसभा की संयुक्त बैठक

भारत में संविधान स्वीकारे जाने के 70 साल पूरे होने के मौके पर 26 नवंबर को संसद के सेंट्रल हॉल में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक आयोजित की जायेगी। लोकसभा सचिवालय के एक अधिकारी ने बताया कि करीब दो घंटे तक चलने वाली इस बैठक को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उपस्थित रहेंगे।

**आईएनएक्स मीडिया मामला**

## चिदंबरम से तिहाड़ में पूछताछ करेगी ईडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय को आईएनएक्स मीडिया मामले के सिलसिले में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम से 22 से 23 नवम्बर तक तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने एजेंसी द्वारा दायर एक याचिका पर यह आदेश पारित किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी याचिका में इन दोनों दिनों पर



सुबह 10 से अपराह्न एक बजे तक और अपराह्न ढाई बजे से शाम चार बजे तक चिदंबरम से पूछताछ किए जाने की अनुमति मांगी थी। एजेंसी का कहना था कि कुछ दस्तावेज उन्हें दिखाये जाने हैं।

**डेरा हिंसा मामला**

## हनीप्रीत, 39 अन्य के खिलाफ आरोप तय

**पंचकूला।** बलात्कार के मामलों में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह की मुंहबोली बेटी हनीप्रीत इंसा और अन्य 39 लोगों के खिलाफ 2017 हिंसा मामले में यहां एक अदालत ने आरोप तय किए हैं। डेरा प्रमुख को बलात्कार के दो मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद उसके समर्थकों ने अगस्त 2017 में प्रदर्शन किया था। इस दौरान हुई हिंसा में 36 लोगों की जान चली गई थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रोहित वत्स की अदालत ने



दंगा करने और गैरकानूनी तरीके से एकत्रित होने सहित भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत बुधवार को आरोप तय किए। बचाव पक्ष के वकील ने बताया कि हनीप्रीत उर्फ प्रियंका तनेजा इस दौरान अदालत में मौजूद थीं।

**राजीव गांधी हत्याकांड**

## दोषियों में से एक पायस को 30 दिन का पैरोल

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे सात दोषियों में से एक रॉबर्ट पायस को मद्रास उच्च न्यायालय ने गुरुवार को 30 दिन का पैरोल दिया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति आरएमटी टीका रमण की खंडपीठ ने पायस की याचिका पर यह आदेश दिया। पायस ने याचिका में बेटे के विवाह की तैयारी के लिए पेरौल मांगी थी। पायस को 25 नवंबर से 24 दिसंबर तक के लिए सशर्त पेरौल दी गई है। इसकी शर्तों में पायस



के मीडिया, राजनीतिक दलों या जानेमाने लोगों से बातचीत करने पर पाबंदी है। इसके अलावा उन्हें हलफनामा देना होगा कि वह अच्छा आचरण रखेंगे और लोक शांति को भंग नहीं करेंगे। पायस ने याचिका सितंबर में दी थी।

### अन्नाद्रमुक ने कमल हासन, रजनीकांत पर फिर किया कटाक्ष

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक ने बृहस्पतिवार को एक बार फिर अभिनेता रजनीकांत और कमल हासन पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी अलग-अलग विचारधारा को देखते हुए यह 'बिल्ली और चूहे के एक साथ रहने की तरह होगा।' अन्नाद्रमुक के मुखपत्र 'नमातु अम्मा' में एक आलेख में कहा गया कि रजनीकांत ने घोषणा की थी कि वह आध्यात्मिक राजनीति को आगे बढ़ाएंगे, जबकि हासन वाम समर्थक रूख के लिए जाने जाते हैं। हासन और रजनीकांत ने मंगलवार को राज्य के कल्याण के लिए साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया।



गुवाहाटी में गुरुवार को अपने झुंड से बिछड़ जाने के बाद बचाए गए एक हाथी के बच्चे की जांच करता वन अधिकारी।

### जयपुर का दिव्यांग बच्चा राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित

**जयपुर।** गंभीर बीमारी से पीड़ित जयपुर के एक दिव्यांग बच्चे को भारत सरकार की ओर से बाल श्रेणी में उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए चुना गया है। व्हील चेयर के जरिए चलने को मजबूर 17 वर्षीय हृदयेश्वर सिंह भाटी ने सात आविष्कार के साथ तीन पेटेंट अपने नाम करने के साथ-साथ कई पुरस्कार जीते हैं। वह ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी नामक बीमारी से पीड़ित है। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से जारी एक पत्र के अनुसार हृदयेश्वर को बाल श्रेणी के अंतर्गत- उत्कृष्ट रचनात्मक बाल (पुरुष) -2019 सशक्त दिव्यांगता के राष्ट्रीय पुरस्कार के लिये चुना गया है। नई दिल्ली में दो दिसम्बर को आयोजित होने वाले समारोह में भाटी को यह पुरस्कार दिया जाएगा।

## महिला यात्री ने 'एक रुपया क्लिनिक' में बच्ची को दिया जन्म

**ठाणे।** महाराष्ट्र के पनवेल रेलवे स्टेशन पर 'एक रुपया क्लिनिक' में गुरुवार की सुबह 18 वर्षीय एक महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। 'एक रुपया क्लिनिक' के सीईओ डॉ. राहुल घुले ने बताया कि इस तरह की यह 11वीं घटना है, जब महिला यात्री का प्रसव कराया गया है। हार्बर लाइन पर नेरुल से पनवेल की यात्रा कर रही मनीषा काले को सफर के दौरान प्रसव पीड़ा हुई। डॉ. घुले ने बताया कि हमारे पनवेल केंद्र के रात्रि प्रभारी डॉ.



विशाल वाणी को स्टेशन प्रबंधक का फोन आया और काले ने डॉक्टर और रेलवे कर्मचारियों की मदद से एक बच्ची को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि माँ और बच्ची दोनों स्वस्थ हैं और आगे की देखभाल के लिए दोनों को एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को गंभीर हालत में सफलतापूर्वक उपचार प्रदान करने के लिए हमारे 'एक रुपया क्लिनिक' के कर्मचारियों पर हमें गर्व है।

**केंद्र सरकार वहन करेगी फास्टैग की जमानत राशि**

# एक दिसंबर तक वाहन मालिकों को फ्री मिलेगा फास्टैग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश में एक दिसंबर से राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले सभी चार पहिया वाहनों पर फास्टैग लगाना अनिवार्य होगा, क्योंकि सभी टोल प्लाजा कैश फ्री होने जा रहे हैं और टोल प्लाजाओं पर सभी फास्टैग लाइनें होंगी। मसलन कोई भी चार पहिया वाहन बिना फास्टैग के टोल प्लाजा पार नहीं कर सकेगा।

केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय इलैक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (फास्टैग) योजना के तहत वाहनों के लिए एक दिसंबर तक फ्री फास्टैग मुहैया कराने का निर्णय लिया है, जिसमें फास्टैग की जमानत राशि के 150 रुपये केंद्र सरकार वहन करेगी, इससे



सरकार पर 150 से 200 करोड़ रुपये का आर्थिक बोझ पड़ने की संभावना है।

देश में ई-टोल प्रणाली को अनिवार्य बनाने की दिशा में फास्टैग कार्यक्रम के तहत यह ऐलान गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया है। यहां परिवहन मंत्रालय में एक संवाददाता सम्मेलन केंद्रीय मंत्री नितिन

- इस तिथि से बिना फास्टैग के टोल प्लाजा पार नहीं कर सकेगा कोई वाहन

गडकरी ने स्पष्ट किया है कि आगामी एक दिसंबर से टोल प्लाजाओं को राष्ट्रीय इलैक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (फास्टैग) से जोड़ना अनिवार्य किया जा रहा है। इस दिशा में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गो से गुजरने वाले वाहनों पर फिलहाल फास्टैग फ्री में लगाने का फैसला किया है। मसलन जिस किसी ने अपने चार पहिया वाहन पर अभी तक तक फास्टैग नहीं लगाया है उसके लिए एक दिसंबर तक फास्टैग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए फ्री फास्टैग दिया जाएगा, लेकिन उसके बाद उसके फास्टैग खरीदने के लिए पैसा देना होगा। गडकरी ने जानकारी दी कि एक दिसंबर से सभी राजमार्गों पर स्थित टोल प्लाजा की सभी लेन फास्टैग से जुड़ेंगी, तो फास्टैग कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने के लिए एक दिसंबर तक फास्टैग फ्री में लगाया जाएगा, जसकी 150 रुपये की जमानत राशि यानि सिक्योरिटी राशि सरकार देगी। उन्होंने बताया कि देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल 537 टोल प्लाजा हैं, जिनमें से एक कैश लेन को छोड़कर 380 टोल प्लाजा के सभी लेन फास्टैग से लैस हो गए हैं और बाकी इसी तर्ज पर एक दिसंबर तक सभी लाइनें फास्टैग से लैस हो जाएंगी। जबकि इनमें 17 टोल प्लाजा अभी नए होने के कारण उन्हें धीरे-धीरे फास्टैग लैस किया जाएगा।

### फास्टैग बिना वाहन को देना होगा दोगुना टोल

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह भी जानकारी दी है कि तमाम टोल प्लाजाओं पर एक लेहालांकि उन्होंने बताया कि सभी टोल प्लाजाओं पर एक लेन को कैश संग्रह के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि एक कैश लेन इसलिए रखी गई है कि जिस वाहन पर फास्टैग नहीं होगा, उससे निर्धारित राशि से दो गुना टोल टैक्स वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का फास्टैग योजना का मकसद राष्ट्रीय राजमार्गो पर बने टोल प्लाजाओं पर वाहनों की लंबी कतारों से निजात पाने और सफर को आसान और सुहाना बनाना है। फास्टैग से लैस कोई भी वाहन टोल प्लाजा पर बिना रूके आगे का रास्ता तय कर सकेगा।

### केरल में एक जनवरी से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पाद प्रतिबंधित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने गुरुवार को एकल उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों पर एक जनवरी से प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की एक बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। एक सरकारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि बढ़ते प्लास्टिक कचरे से जुड़े पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर विचार करने के बाद, सरकार ने 1 जनवरी, 2020 से राज्य में एकल-उपयोग-प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। प्लास्टिक की थैलियां, प्लास्टिक की चादरें, कूलिंग फिल्म्स, प्लास्टिक की प्लेट, कप, थर्मोकोल और स्टायरोफोम के सामान और अन्य एकल उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## खबर संक्षेप

### सेडान श्रेणी में होंडा सिविक का जलवा बरकरार



**नई दिल्ली।** दिग्गज कार निर्माता कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने एग्जीक्यूटिव सेडान कार श्रेणी में अपनी शीर्ष स्थिति को बरकरार रखा है। अक्टूबर 2019 में सिविक की 436 इकाई बिकी। सितंबर 2019 में यह आंकड़ा 336 इकाई था। पिछले महीने के मुकाबले कंपनी की कार बिक्री में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी ने बताया कि एग्जीक्यूटिव सेडान श्रेणी में अक्टूबर में सिविक की बाजार हिस्सेदारी 53% रही है।

### कच्चे तेल की वायदा कीमतें नौ रुपये घटी



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से कच्चे तेल का वायदा भाव नौ रुपए टूटकर 4,089 रुपये प्रति बैरल रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का दिसंबर अनुबंध नौ रुपए या 0.22 प्रतिशत के नुकसान से 4,089 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 19,048 लॉट का कारोबार हुआ।

### समुद्री खाद्य का निर्यात बढ़ाने पर चर्चा



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने समुद्री खाद्य पदार्थों के निर्यातकों के साथ चर्चा की। यह चर्चा क्षेत्र का निर्यात बढ़ाने और आने वाले वर्षों में इसे 30 अरब डॉलर के स्तर पर ले जाने के के उपायों पर हुई। यह मुलाकात मत्स्य निर्यात बढ़ाने तथा इसके निर्यात को 30 अरब डॉलर पर पहुंचाने के लिये रूपरेखा तैयार करने को लेकर हुई।

# मारुति का ब्रेजा व एस क्रॉस का पेट्रोल संस्करण अगले साल

एजेंसी ▶▶| जयपुर

देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी देश में ईंधन उत्सर्जन के नए नियम लागू होने से पहले अपनी दो प्रमुख कारों ब्रेजा व एस क्रॉस का पेट्रोल संस्करण पेश करेगी। ये नए संस्करण बीएस 6 ईंधन मानक वाले होंगे।

- बाजार की मांग पर कंपनी बीएस 6 की छोटी डीजल गाड़ियां बनाएगी

इसके साथ ही कंपनी ने कहा है कि देश का वाहन उद्योग मंदी से निकल आया है, यह कहने के लिए अभी अगले दो तीन महीने इंतजार करना होगा। मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी निदेशक (विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने यहां यह जानकारी दी।

## ईंधन उत्सर्जन नियम लागू होने से पहले नए संस्करण पेश

### कंपनी छोटी डीजल गाड़ियां नहीं बना रही

कंपनी फिलहाल ब्रेजा व एस क्रॉस का केवल डीजल संस्करण बेच रही है। कंपनी द्वारा डीजल वाहनों का उत्पादन बंद किए जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कंपनी पहले की कह चुकी है कि वह डीजल की बीएस 6 मानक वाली छोटी गाड़ियां नहीं बनाएगी लेकिन अगर बाजार में रूझान रहता है तो इस पर पुनर्विचार करेगी।



*ईवी वाहनों का परीक्षण जारी : अब सवाल है कि क्या यह क्रम बना रहेगा। हम यह कहने में थोड़ा सतर्क हैं कि उद्योग में स्थिति सुधर गई है। इसकी वजह यह है कि हम देखना चाहते हैं कि आगे दो तीन महीने कैसे रहेंगे। बिजली चालित वाहनों के सवाल पर उन्होंने कहा कि कंपनी फिलहाल 50 ईवी गाड़ियों को अलग अलग हालात में परख रही है परीक्षण कर रही है उसके आधार पर हम आगे फैसला करेंगे।*

### नए मानक एक अप्रैल 2020 से लागू

श्रीवास्तव ने कहा कि कंपनी ब्रेजा व एस क्रॉस का बीएस 6 मानक वाला पेट्रोल संस्करण लेकर आएगी। उन्होंने कहा, 'हम यह जल्द ही लेकर आएंगे। क्योंकि नए उत्सर्जन मानक एक अप्रैल, 2020 से लागू हो रहे हैं तो हम इस वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी मार्च) में बीएस 6 पेट्रोल ब्रेजा व एस क्रॉस लेकर आएंगे।'

*सात माह में तीन लाख बीएस-6 वाहन बेचे*

*श्रीवास्तव ने बताया कि कंपनी ने सात महीने में तीन लाख से अधिक बीएस6 वाहन बेचकर रिकॉर्ड बनाया है। केवल अक्टूबर माह में ही कंपनी ने ऐसे लगभग एक लाख वाहन बेचे।*

### डीजल संस्करण लाना बाजार पर निर्भर

श्रीवास्तव ने कहा कि बाजार की मांग को देखने के बाद मारुति बड़ी गाड़ियों के बीएस 6 मानक वाले डीजल संस्करण भी ला सकती है लेकिन यह बाजार पर निर्भर करेगा और इस बारे में अभी कुछ अंतिम फैसला नहीं किया गया है।

### अक्टूबर में बिक्री अच्छी रही

एक सवाल के जवाब में श्रीवास्तव ने कहा कि देश का वाहन क्षेत्र 'मंदी' के दौर से पूरी तरह से निकल आया है यह कहना अभी जल्दबाजी होगा और आगामी दो तीन महीने इस लिहाज से महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा, अक्टूबर में बिक्री बहुत अच्छी रही इससे हमें थोड़ी राहत मिली। भंडार भी काफी कम हो गया। इस तरह से अक्टूबर अच्छा रहा।

## कवायद : केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री प्रधान ने दिया संकेत

# आईओसी, अन्य को बीपीसीएल के लिए बोली लगाने की अनुमति नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने संकेत दिया है कि इंडियन आयल कॉरपोरेशन (आईओसी) तथा सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य कंपनियों को भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) में हिस्सेदारी खरीदने के लिए बोली लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

बीपीसीएल के अधिग्रहण के लिए किसी भी खरीदार को करीब 90,000 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने देश की दूसरी सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी बीपीसीएल और सबसे बड़ी जहाजरानी कंपनी शिपिंग कॉरपोरेशन आफ इंडिया (एससीआई) में सरकार की समूची हिस्सेदारी बेचने की मंजूरी दी है।

### सीसीआई में हिस्सेदारी 51 फीसदी से नीचे लाएगी सरकार

इसके अलावा कंटेनर कॉरपोरेशन आफ इंडिया (सीसीआई) के निजीकरण का भी फैसला किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में अपनी हिस्सेदारी को घटाकर 51 प्रतिशत से नीचे लाने की मंजूरी दी है।

## भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता ऊर्जा बाजार

*साथ ही उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो पा रही हैं। बीपीसीएल का अधिग्रहण करने वाले खरीदार को देश की 14 प्रतिशत कच्चा तेल शोधन क्षमता और ईंधन विपणन ढांचे का करीब 25 प्रतिशत मिलेगा। भारत को दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता ऊर्जा बाजार माना जाता है।*

- बीपीसीएल के अधिग्रहण पर करने होंगे 90,000 करोड़ रु. खर्च
- देश की दूसरी सबसे बड़ी सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनी
- सबसे बड़ी जहाजरानी कंपनी में भी हिस्सेदारी घटाएगी सरकार
- 2014 से सरकार ने पीएसयू में विनिवेश कार्यक्रम शुरू किया



### सरकार की हिस्सेदारी 62,000 करोड़ रुपये बैठती है

बीपीसीएल के शेयर के मौजूदा मूल्य के हिसाब से सरकार की 53.29 प्रतिशत हिस्सेदारी का मूल्य 62,000 करोड़ रुपए बैठेगा। इसके अलावा अधिग्रहण करने वाली कंपनी को अल्पांश शेयरधारकों से 26 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी लेने के लिए खुली पेशकश लानी होगी। इस पर 30,000 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

*नुमालीगढ़ रिफाइनरी में आईओसी की हिस्सेदारी : पेट्रोलियम मंत्री ने हालांकि यह नहीं बताया कि आईओसी या आयल इंडिया को इस इकाई के अधिग्रहण की अनुमति दी जाएगी या नहीं। आईओसी और आयल इंडिया की पहले से नुमालीगढ़ रिफाइनरी में हिस्सेदारी हैं और दोनों उसे कच्चे तेल की आपूर्ति भी करती हैं।*

*निजीकरण से क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी : सरकार ने पिछले साल हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) में अपनी समूची हिस्सेदारी ओएनजीसी को 36,915 करोड़ रुपए में बेची थी। प्रधान ने कहा कि बीपीसीएल का निजीकरण क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की नीति का हिस्सा है।*

*कारोबार करना सरकार का काम नहीं : यह पूछे जाने पर क्या सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को सरकार की 53.29 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण को बोली लगाने की अनुमति दी जाएगी। कारोबार करना सरकार का काम नहीं है, तो यह भविष्य की संभावित कार्रवाई का संकेत हो सकता है।*

### निजी क्षेत्र की भागीदारी से कीमत घटी

प्रधान ने कहा, 2014 से ही हमारी सोच रही है कि सरकार का काम कारोबार करना नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे पास दूरसंचार और विमानन जैसे दो-तीन क्षेत्रों के उदाहरण हैं जहां निजी क्षेत्र की भागीदारी से उपभोक्ताओं के लिए कीमत घटी है और दक्षता बढ़ी है।

### बीपीसीएल के पोर्टफोलिया से रिफाइनरी निकाली जाएगी

हालांकि, बीपीसीएल की बिक्री उसके पोर्टफोलियो से नुमालीगढ़ रिफाइनरी को निकालने के बाद की जाएगी। नुमालीगढ़ रिफाइनरी को किसी सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई को सौंपा जाएगा।

### रिफाइनरी की स्थापना असम समझौते के तहत

प्रधान ने कहा, 'नुमालीगढ़ रिफाइनरी की स्थापना असम समझौते के तहत की गई थी। यह सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई बनी रहेगी। असम के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से नुमालीगढ़ रिफाइनरी का सार्वजनिक चरित्र कायम रखने का आग्रह किया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।'

# आर्सेलरमित्तल के भारतीय बाजार में प्रवेश से नवोन्मेषण बढ़ेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी इस्पात कंपनी आर्सेलरमित्तल के भारतीय बाजार में प्रवेश करने से बाजार में नवोन्मेष, गुणवत्ता और शोध एवं विकास गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



- घरेलू इस्पात कंपनियों को कोई आपत्ति नहीं
- गुणवत्ता, शोध और विकास गतिविधियां बढ़ेगी

घरेलू इस्पात कंपनियों ने यह राय जताई है। भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के इस्पात सम्मेलन में घरेलू इस्पात कंपनियों ने यह बात कही। जेएसडब्ल्यू स्टील के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने यहां कार्यक्रम में कहा, हम आर्सेलरमित्तल को चुनौती की तरह नहीं देखते हैं।

जिंदल ने कहा कि बाजार में जितनी अधिक कंपनियां होंगी उतना अधिक शोध एवं विकास गतिविधियों, नवोन्मेष और गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा। जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिंदल ने कहा, 'हम उनके प्रवेश (आर्सेलरमित्तल) को एक सकारात्मक कदम के तौर पर देखते हैं।' टाटा स्टील के मुख्य वित्त अधिकारी कौशिक चटर्जी ने भी कहा कि इससे बाजार में और प्रतिस्पर्धा आएगी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथारिटी आफ इंडिया लि. (सेल) के चेयरमैन एके चौधरी ने इसे बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाने वाला कदम बताया।

### एस्सार को खरीदने पर लगाई मुहर

पिछले हफ्ते उच्चतम न्यायालय ने आर्सेलरमित्तल की 42,000 करोड़ रुपए में कर्ज में डूबी एस्सार स्टील को खरीदने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी और इस संबंध में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के 4 जुलाई के आदेश को खारिज कर दिया। इसके बाद आर्सेलरमित्तल का भारतीय बाजार में प्रवेश पक्का हो गया है।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### चिकित्सा

शराब छुडवाये हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में
शराब, स्मैक, अफीम, चरस, गांजा आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

बॉडी बनाएं
कोर्स मात्र 650/- महीना
फायदा न होने पर पैसे वापस
कद बढ़ाए
छोटा कद होने से अगर आपको शर्मिंदा होना पड़ता है तो आज ही हमारी आयुर्वेदिक दवा ले और कद बढ़ाए।
कोर्स 1000/- महीना
दीपक आयुर्वेदा
रमणीक कॉम्पलेक्स, दुकान न.22, तिकोना पार्क, NIT फरीदाबाद
0129-4310055, 4310066

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### ज्योतिष

तांत्रिक शक्ति के बेताज बादशाह
बाबा शेख साहब बंगाली
कहते नही कर के दिखाते है
3 घंटों में 101% गारंटेड समाधान
जैसे कारोबार में बंदिश, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, मनचाहा प्यार, प्यार में धोखा खाये मिले, बिमारी में दवा ना लगना, पति-पत्नी में अनबन, सास-बहू में झगड़ा, जादु-टोना, विदेश यात्रा, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन से छुटकारा
9997322441
लक्ष्मी नगर मैट्रो स्टेशन, नई दिल्ली
निराश अवश्य मिलें

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
बाबा बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9068531853

### ज्योतिष

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो में 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार मे धोखा खायें मिले, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं० 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि । हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा ।
9012661598
8191087356

### लोन

☛ धोखेबाजों से सावधान श्रीराम फाइनेंस कंपनी (REGISTERED) 1972 द्वारा मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, लोन घरबैठे पाएं (वार्षिक ब्याज 2%) (सब्सिडी 50% छूट) (ONLINE बैंकिंग का लाभ उठाएं) HELPLINE :- 87652-94056, 87652-89837

☛ गायत्री फाइनेंस समस्त लोन घर बैठे पाये मात्र 24 घंटों में आधारकार्ड, मार्कशीट, होमलोन, बिजनेस, पर्सनल, प्रोपर्टी 2% ब्याज 40% छूट महिलाओं/विद्यार्थियों को विशेष छूट धोखेबाजों से सावधान 70410-64137

☛ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं Jeevan Bharti Finance जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94664-34510

☛ सभी योजनाओं के अंतर्गत भारतीय फाइनेंस मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधारकार्ड, एग्रीकल्चर लघुउद्योग व समस्त लोन 2% ब्याज, 40% छूट, महिलाओं विद्यार्थियों व फौजी भाइयों को विशेष छूट 074296-81655, 074296-79558

### ज्योतिष

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरूओं के गुरू
गुरू विशाल शर्मा
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9540382877
9540382864


## सोना 53 और चांदी 20 रुपये टूटी

**नई दिल्ली।** स्थानीय सराफा बाजार में सोने की कीमत 53 रुपए घटकर 39,007 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। डालर के मुकाबले रुपए में मजबूती का रुख बनने से कीमती धातुओं में नरमी का रुख रहा।एचडीएफसी सिक्युरिटीज के अनुसार पिछले दिन के कारोबार में मूल्यवान धातु 39,060 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी की कीमत भी मामूली 20 रुपए की गिरावट के साथ 45,830 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। बुधवार को यह 45,850 रुपए किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, रुपए की विनिमय दर में में मामूली सुधार के साथ दिल्ली में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव 53 रुपये नीचे रहा। शादी-ब्याह के लिये मांग बढ़ने से सोने के हाजिर बाजार में तेजी आने की पूरी उम्मीद है।

## भारतीय कंपनियों के विलय एवं अधिग्रहण के सौदे घटे

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों के विलय एवं अधिग्रहण सौदे अक्टूबर माह में 45 प्रतिशत घट गए। ग्रांट थॉर्नटन की विलय एवं अधिग्रहण पर ताजा रिपोर्ट के अनुसार माह के दौरान 1.5 अरब डॉलर के 28 विलय एवं अधिग्रहण सौदे हुए। इससे पिछले साल इसी महीने में 2.8 अरब डॉलर के 47 विलय एवं अधिग्रहण सौदे हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना आधार पर अक्टूबर में विलय एवं अधिग्रहण सौदों में गिरावट आई है, लेकिन माह दर माह आधार पर इसमें बढ़ोतरी हुई है जो धारणा में सुधार का संकेत है। रिपोर्ट कहती है कि कॉरपोरेट कर की दर में कटौती से निवेशकों की धारणा और भरोसे में सुधार हुआ है।


### लोन

☛ MAHAKAL FINANCE सभी प्रकार के लोन योजनाओं के अन्तर्गत मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधार कार्ड, बिजनेस, गांव, शहर, दुकान सभी लोन 1% ब्याज 50% छूट 24 घण्टो में सम्पर्क करें 7298173674

### लोन

☛ जीवन ज्योति फाइनेंस समस्त लोन घर बैठे पाये मात्र 24 घंटों में आधारकार्ड मार्कशीट होमलोन बिजनेस पर्सनल प्रोपर्टी 2% ब्याज 40% छूट महिलाओं/ विद्यार्थियों को विशेष छूट धोखेवाजो से सावधान 7037531800

☛ नया नज़रिया BANDHAN FINANCE प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत होम लोन पर्सनल मार्कशीट मुर्गीपालन महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन करवाये ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित। महिलाओ को विशेष छूट। 8278296984


# शेयर बाजार पर भारी अमेरिका चीन के बीच व्यापार तनाव

- विनिवेश कार्यक्रम की घोषणा फीकी पड़ी

## सेंसेक्स 76, निफ्टी 30 अंक गिरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश के शेयर बाजारों में अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक तनाव जारी रहने से सरकार की बड़े विनिवेश कार्यक्रम की घोषणा भी फीकी पड़ गई। बाजार में बढ़े भाव पर मुनाफावसूली नहीं रोकी जा सकी और सेंसेक्स 76.47 अंक यानी 0.19 प्रतिशत घटकर 40,575.17 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 30.70 अंक यानी 0.26 प्रतिशत घटकर 11,968.40 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को देश के सबसे बड़े विनिवेश कार्यक्रम की घोषणा के बावजूद वैश्विक चिंताओं के चलते बाजार से तेजी का रुख नदारद रहा। सरकार ने पांच सरकारी कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की है।

इसके अलावा कर्ज के बोझ से जूझ रहे दूरसंचार उद्योग को 42,000 करोड़ रुपए की राहत पहुंचाने का असर भी बाजार को संबल नहीं दे सका। सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को दो साल के लिये स्पेक्ट्रम भुगतान से छूट देने की घोषणा की है।

अमेरिका द्वारा हांगकांग में चल रहे विरोध प्रदर्शनों का समर्थन करने के बाद अमेरिका-चीन में चल रही व्यापारिक व्यापार वार्ता थोड़ी मुश्किल में पड़ती दिख रही है। इसे लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका के चलते बाजार में चिंता देखी गयी।

### ये शेयर गिरे

सेंसेक्स में शामिल टाटा स्टील के शेयर में सबसे अधिक 3.35 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। भारती एयरटेल में 2.52 प्रतिशत, यस बैंक के शेयर में 2.43 प्रतिशत, ओएनजीसी 1.98 प्रतिशत और आईटीसी का शेयर 1.96 प्रतिशत तक गिरकर बंद हुआ।

## जियो ने सितंबर में हरियाणा में सबसे अधिक ग्राहक जोड़ेः ट्राई रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** रिलायंस जियो जिसका हरियाणा में सबसे बड़ा ट्रू 4जी नेटवर्क है और जो राज्य में लगातार सबसे अधिक ग्राहक जोड़ रहा है, ने सितंबर में भी अपनी बढ़त जारी रखी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी नवीनतम ग्राहक डेटा रिपोर्ट के अनुसार जियो ने सितंबर में 1.82 लाख नए ग्राहक जोड़े हैं। ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने सितंबर में राज्य में अपने ग्राहकों को खोया है। परिचालन शुरू होने के तीन सालों में ही जियो की हरियाणा के दूरसंचार बाजार में 87.77 लाख ग्राहक हासिल करने की उपलब्धि जो कि ग्राहक बाजार हिस्सेदारी (सीएमएस) का 31.06% प्रतिशत हिस्सा है।




**चेन्नई।** वीआईटी चेन्नई का वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें केंद्रीय महिला एंव बाल विकास और कपड़ा मंत्री स्मृति जुंबिन ईरानी ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरक्त की और स्नातकों को डिग्री एंव पदक वितरित किए। स्मृति ईरानी ने दीक्षातं समारोह में कहा की शिक्षा एक बंद व्यवस्था नहीं है। अपने शेष जीवन तक ज्ञान की तलाश करें। उन्होंने 64 पीएचडी स्कॉलर्स और 179 रैंक धारकों सहित 1,701 लोगों को डिग्री भी सौंपी। वीआईटी चेन्नई के संस्थापक और चांसलर डॉ.जी. विश्वनाथन ने वार्षिक दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की।

**खबर संक्षेप**



## श्रीकांत और समीर बाहर भारतीय चुनौती समाप्त

**ग्वांगजू।** किदाम्बी श्रीकांत और समीर वर्मा के गुरूवार को पुरुष एकल के दूसरे दौर में सीधे गेम में हारने से ग्वांगजू कोरिया मास्टर्स में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। छठे वरीय श्रीकांत बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट में जापान के दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी कांता सुनेयामा से 14-21, 19-21 से पराजय का मुंह देखना पड़ा। समीर ने हालांकि स्थानीय शटलर किम डोंगहुन (112वीं रैंकिंग) से 19-21, 12-21 से हारने से पहले 40 मिनट तक मशक्कत की। श्रीकांत बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में दुनिया के 11वें नंबर पर खिसक गए थे।

## दिल्ली ने महाराष्ट्र को हराया, धवन फिर फ्लाप

**सूरत।** सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का खराब फार्म जारी रहा लेकिन दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट के पहले सुपर लीग मैच महाराष्ट्र को 77 रन से हराया।



दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में महाराष्ट्र की टीम 17.2 ओवर में 90 रन पर आउट हो गई। अनियमित आफ स्पिनर नीतिश राणा ने 17 रन देकर चार विकेट लिए। धवन 22 गेंद में 24 रन ही बना सके। उन्होंने शुरुआत अच्छी की और हितेन दलाल के साथ 44 रन की साझेदारी की लेकिन लंबी पारी नहीं खेल सके।

## आनंद की नजरें लंदन का टिकट कटाने पर

**कोलकाता।** पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे सत्र में शुक्रवार को जब अपने अभियान का आगाज करेंगे तो उनकी नजरें लंदन का टिकट कटाने पर लगी होंगी।



इस साल के ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा इस टूर्नामेंट में विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन भी खेल रहे हैं। गैरी कास्पोरोव द्वारा शुरू किये गए टूर का फाइनल टाटा स्टील टूर्नामेंट के एक सप्ताह बाद लंदन में होगा। आनंद को क्वालीफाई करने के लिये यह टूर्नामेंट जीतने का दबाव नहीं झेलना होगा।

# विश्व कप : भारत तीन स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| पुतियान

भारत की 'युवा ब्रिगेड' मनु भाकर , दिव्यांश पंवार और इलावेनिल वालारिवान ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स में अपने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए इस दिन को यादगार बना दिया। सत्रह बरस की भाकर ने जूनियर विश्व रिकार्ड के साथ 244.7 का स्कोर करके पीला तमगा जीता।

भारत की यशस्विनी सिंह देसवाल छठे स्थान पर रही। इलावेनिल ने महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल में पहला स्थान हासिल किया। सत्रह वर्ष के दिव्यांश ने पुरुषों की दस मीटर एयर राइफल में पीला तमगा जीता। भारत तीन स्वर्ण जीतकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि चीन दूसरे स्थान पर है। भाकर के वर्ग में सर्बिया की जोराना अरूनोविच ने रजत और चीन की कियान वांग ने कांस्य पदक जीता।

**भारत तीन स्वर्ण जीतकर तालिका में शीर्ष पर, चीन दूसरे स्थान पर**







### अभिषेक और सौरभ चूके

पुरुषों के 10 मीटर एयर पिस्टल में अभिषेक वर्मा और सौरभ चौधरी ने फाइनल में जगह बना ली लेकिन पदक नहीं जीत सके। वर्मा क्वालीफिकेशन में 588 अंक लेकर शीर्ष पर रहे जबकि चौधरी सातवें स्थान पर रहे। फाइनल में वह पांचवें और चौधरी छठे स्थान पर रहे।

### इलावेनिल का 250.8 स्कोर

इलावेनिल ने 250.8 स्कोर करके ताइवान की लिन यिंग शिन को पछाड़ा। रोमानिया की लौरा जार्जेटा कोमान तीसरे स्थान पर रही। मेहुली घोष छठे स्थान पर रही। दिव्यांश ने पुरुषों के वर्ग में 627.1 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया। हंगरी के इस्तवान पेनी को रजत और स्लोवाकिया के पैट्रिक जेनी को कांस्य पदक मिला।

## क्रिकेट : भारत के लिए पहला और अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा 12वां मैच

# गुलाबी गेंद/डे नाइट मैचः भारत का पलड़ा भारी, बांग्लादेश 0-1 से पीछे

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय क्रिकेट आखिरकार गुलाबी रंग में रंगने जा रहा है और बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे दिन रात के ऐतिहासिक टेस्ट में विराट कोहली की टीम का पलड़ा निश्चित तौर पर भारी रहेगा। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की अगुवाई में बीसीसीआई ने गुलाबी गेंद से यह टेस्ट कराने का अभूतपूर्व फैसला लिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद टेस्ट में दर्शकों की रूचि फिर जगाने के लिए सात साल पहले इसे मंजूरी दे चुकी है। गांगुली ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को भी काफी कम समय में इस दिन रात के टेस्ट के लिए मना लिया।

**खास बातें**

- मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 1 बजे से
- ऐतिहासिक टेस्ट के लिए गांगुली ने अध्यक्ष बनते ही बीसीसीआई को मनाया
- भारतीय टीम घरेलू श्रृंखला में लगातार 12वीं जीत की तैयारी में

अभी तक दुनिया भर में दिन रात के 11 टेस्ट खेले जा चुके हैं। चार साल पहले आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच पहला दिन रात का टेस्ट खेला गया था। आस्ट्रेलिया ने पिछले साल वहीं पर दिन रात का टेस्ट खेलने का प्रस्ताव रखा था लेकिन भारत राजी नहीं हुआ था। इसकी वजह एसजी गुलाबी गेंद थी जिसे सूर्यास्त के बाद देखना कठिन होता है। इस पर अगर ओस की भूमिका हो तो गेंदबाजों की दिक्कत बढ़ जाती है। गांगुली और कोहली हालांकि इसके लिए तैयार हो गए। मौजूदा भारतीय कप्तान को इसके लिए हां कहने में सिर्फ तीन सेकंड लगे।



### अभ्यास मैच देने से आस्ट्रेलिया में खेलेंगे दिन-रात मैचः कोहली

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा कि अगले साल आस्ट्रेलिया में वह दिन रात का टेस्ट खेलने को तैयार है बशर्ते टीम को एक अभ्यास खेलने को मिले। भारतीय टीम ने 217-18 के आस्ट्रेलिया दौरे पर दिन रात का टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया था। यह पूछने पर कि क्या अगले साल के दौरे पर वह आस्ट्रेलिया में दिन रात का टेस्ट खेलेंगे, कोहली ने हां में जवाब दिया लेकिन कहा कि उनकी एक शर्त है। उन्होंने कहा, 'जब भी यह होगा, इससे पहले एक अभ्यास मैच रखना होगा।' हम गुलाबी गेंद से क्रिकेट खेलना चाहते थे। अब ऐसा हो रहा है। एक बड़े दौरे पर अचानक यह नहीं हो सकता कि हम गुलाबी गेंद से खेले बिना ही टेस्ट खेलने को तैयार हो जाएं। हमने गुलाबी गेंद से कोई प्रथम श्रेणी मैच भी नहीं खेला था।'



### ऐतिहासिक टेस्ट मैच देखने आएंगी हसीना

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत और बांग्लादेश के बीच कोलकाता में शुक्रवार से होने वाला दिन रात का ऐतिहासिक टेस्ट देखने आएंगी। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### दर्शकों को लुभाने किया तामझाम

खिलाड़ियों के लिए चुनौती जल्दी सूर्यास्त होने पर ओस के प्रभावों से निपटने की होगी। यह भी देखना होगा कि गुलाबी गेंद से खिलाड़ी कैसे खेलते हैं। बंगाल क्रिकेट संघ ने इस मैच को दर्शकों के लिए एक मेले की तरह बनाने के पूरे प्रबंध किए हैं। गुलाबी गेंद शुभंकर, मैच में गेंद देने के लिए सेना के पैराट्रूपर, जानी मानी खेल और राजनीतिक हस्तियों को न्यौता इसमें शामिल है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के आने की भी उम्मीद है।

**टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत :** विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, रिधिमान साहा, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, ऋषभ पंत, मोहम्मद शमी, ईशांत शर्मा, उमेश यादव, हनुमा विहारी, कुलदीप यादव और शुभमन गिल।

**बांग्लादेश :** मोमिनुल हक (कप्तान), लिटन दास, मेहिदी हसन, नईम हसन, अल अमीन हुसैन, इबादत हुसैन, मुसद्दक हुसैन, शादमान इस्लाम, तैजुल इस्लाम, अबु जायेद, इमरूल कायेस, महमूदुल्लाह, मोहम्मद मिथुन, मुशफिकुर रहीम, मुस्ताफिजूर रहमान।

## शर्मनाक रिकार्ड : हैरिस शील्ड मैच में सारे बल्लेबाज जीरो पर आउट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



एक अभूतपूर्व क्रिकेट मैच में अंडर 16 हैरीस शील्ड टूर्नामेंट में एक टीम का कोई भी बल्लेबाज रन नहीं बना सका और उसे 754 रन से पराजय झेलनी पड़ी। स्वामी विवेकानंद स्कूल और चिल्ड्रन वेलफेयर सेंटर स्कूल के बीच यह मैच खेला गया था। चिल्ड्रन वेलफेयर सेंटर स्कूल का कोई भी बल्लेबाज रन नहीं बना सका।

- चिल्ड्रन वेलफेयर सेंटर स्कूल को 754 रन से झेलनी पड़ी हार
- मीत ने 134 गेंद में 7 छक्कों और 56 चौकों की मदद से बनाए 338 रन

सारे बल्लेबाज शून्य पर आउट हो गए हालांकि टीम ने अतिरिक्त के सात रन बनाए। इसमें एक बाय और छह वाइड थे। बोरिवली के स्वामी विवेकानंद स्कूल ने 45 ओवर में चार विकेट पर 761 रन बनाए थे। बल्लेबाज मीत मायेकर 134 गेंद में सात छक्कों और 56 चौकों की मदद से 338 रन बनाकर नाबाद रहा। विवेकानंद स्कूल के लिए आलोक पाल ने तीन रन देकर छह और वराद वाजे ने तीन रन देकर दो विकेट लिए।

## भुवनेश्वर की भारतीय टीम में वापसी, कुलदीप और शमी टी20 टीम में शामिल

भाषा ▶▶| कोलकाता

पूरी तरह फिट हो चुके तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली टी20 और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में वापसी की जबकि आलराउंडर शिवम दुबे को पहली बार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है जिसका पहला मैच छह दिसंबर को मुंबई में होगा। अगले दो मैच तिरूवनंतपुरम (आठ दिसंबर) और हैदराबाद (11 दिसंबर) में खेले जाएंगे। तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच चेन्नई (15 दिसंबर), विशाखापत्तनम (18 दिसंबर) और कटक (22 दिसंबर) में होंगे। मांसपेशियों में खिंचाव के कारण तेज गेंदबाज भुवनेश्वर को अगस्त में वेस्टइंडीज दौरे के बीच से वापस लौटना पड़ा था। भारत ने सीमित ओवरों की श्रृंखलाओं के लिए अपनी मजबूत टीम चुनी है जिसमें कप्तान विराट कोहली ने भी वापसी की है जबकि उप कप्तान रोहित शर्मा ने ब्रेक नहीं लेने का फैसला किया। कोहली की टीम में वापसी के कारण संजू सैमसन को एक भी मैच खेले बिना भारतीय टीम से बाहर होना पड़ा। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में चुना गया था। सीनियर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को हाल में खराब फार्म के बावजूद टीम में बरकरार रखा गया है जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव की सबसे छोटे प्रारूप की टीम में वापसी हुई है। केदार जाधव भी एकदिवसीय टीम में जगह बरकरार रखने में सफल रहे हैं जबकि टीम में श्रेयस अय्यर और मनीष पांडे दोनों को जगह मिली है।

**एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय**

विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शिखर धवन, केएल राहुल, ऋषभ पंत, मनीष पांडे, केदार जाधव, श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, दीपक चाहर और भुवनेश्वर कुमार।

**टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम**

विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शिखर धवन, केएल राहुल, ऋषभ पंत, मनीष पांडे, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, दीपक चाहर, भुवनेश्वर कुमार और वाशिंगटन सुंदर।

## बेन स्टोक्स ने एक बार फिर कीवियों की हालत खराब की

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुइ

विश्व कप में इंग्लैंड की जीत के सूत्रधार रहे बेन स्टोक्स एक बार फिर न्यूजीलैंड के लिए परेशानी का सबब साबित हुए जिनकी पारी की मदद से मेहमान टीम ने पहले टेस्ट में शुरुआती झटकों के बाद वापसी की। न्यूजीलैंड में जन्में स्टोक्स चाय से पहले क्रीज पर आए थे जब इंग्लैंड ने तीन विकेट 120 रन पर गंवा दिए थे। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर हालांकि इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 241 रन था। स्टोक्स 67 रन बनाकर खेल रहे हैं।



स्टोक्स और जो डेनली (74) ने चौथे विकेट के लिए 83 रन जोड़े। इससे पहले शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने इंग्लैंड को सुरक्षित शुरुआत दिलाई। रोरी बर्न्स ने 52 और डोम सिबले ने 22 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। कप्तान जो रूट को खाता खोलने में 21 गेंद लगी और दो रन बनाकर वह वेगनेर की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे।

## भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 5-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| प्रोविडेंस

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पांचवां और आखिरी टी20 मैच 61 रन से जीतकर वेस्टइंडीज को पांच मैचों की श्रृंखला में 5-0 से हरा दिया।

**खास बातें**

- पांचवां और आखिरी टी20 मैच 61 रन से जीता
- वेदा (57*) और रौद्रिगेज (50 रन) ने तीसरे विकेट के लिए जोड़े 117 रन

भारत के लिए वेदा कृष्णामूर्ति ने नाबाद 57 और जेमिमा रौद्रिगेज ने 50 रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 117 रन जोड़े।



भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 134 रन बनाए। भारत के दो विकेट चौथे ओवर में 17 रन पर गिर गए थे। शेफाली वर्मा नौ और कप्तान स्मृति मंधाना सात रन बनाकर आउट हो गए। रौद्रिगेज ने 56 गेंद में 50 रन बनाए जबकि कृष्णामूर्ति ने 48 गेंद की पारी में चार चौके लगाए।

वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 73 रन ही बना सकी। उसके आधे बल्लेबाज 53 रन पर आउट हो गए थे। भारत के लिए अनुजा पाटिल ने तीन रन देकर दो विकेट लिए जबकि राधा यादव, पूनम यादव, पूजा वस्त्रकार और हरलीन दयोल को एक एक विकेट मिला।

**गुमशुदा / अपहृत की तलाश**



रंजीत सिहाग

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका **नाम:** रंजीत सिहाग, **पुत्र:** नारायण सिहाग, **पता:** मकान नं 11 / 74, तीसरा तल, सुभाष नगर, नई दिल्ली, **उम्र:** 17 साल, **कद:** 5'6", **चेहरा:** अण्डाकार, **रंग:** गोरा, **शरीर:** पतला, **पहनावा:** सलेटी रंग की जैकिट और जींस एवं पैरों में मल्टीकलर स्पोर्टस शूज पहने है, जो दिनांक 09.11.2019 से गुमशुदा / अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 592/19, u/s 363 IPC दिनांक 10.11.2019, थाना: राजौरी गार्डन, नई दिल्ली,** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस गुमशुदा / अपहृत लड़के के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस गुमशुदा / अपहृत लड़के के बारे में जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
DP/8509/WD/19

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशन, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली
फोन: 011-25448885, 8750871127

### भारतीय फुटबाल टीम के मुख्य कोच स्टिमक का बयान

# भारत के विश्व कप की दौड़ से बाहर होने से निराश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबाल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने गुरुवार को कहा कि वे पिछले कुछ मैचों में टीम के प्रदर्शन से निराश हैं और विश्व कप की दौड़ से टीम के बाहर होने का मुख्य कारण उन्होंने अहम खिलाड़ियों की चोट को बताया।

आईलीग के 13वें सत्र के लांच के लिए आयोजित कार्यक्रम के इतर स्टिमक ने इस तथ्य पर भी नाखुशी जताई कि क्लब घरेलू लीग में भारतीय खिलाड़ियों को स्ट्राइकर के रूप में नहीं खिलाते। स्टिमक ने कहा, 'पिछले दो मैचों के बाद हम कुछ निराश होकर स्वदेश लौटे हैं लेकिन इससे इस पर हमारा भरोसा नहीं डिगा है कि हम क्या कर सकते हैं। विरोधी और मौसम को लेकर हमें बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। चोटों की समस्या सबसे बड़ा मुद्दा थी। सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी संदेश झिंगन, रोवलिन बोर्गेस और अमरजीत सिंह की सेवाएं नहीं मिली और इसके बाद शुरुआती मैचों में प्रणय हलधर भी नहीं खेला। ओमान मैच के दौरान वह चोटिल भी हो गया, इन सभी का नतीजे पर असर पड़ा।' मंगलवार को मस्कट में ओमान के खिलाफ 0-1 की हार के साथ भारतीय टीम 2022 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है।




### छेत्री की जगह कोई नहीं ले सकता

भारतीय फुटबाल कोच इगोर स्टिमक को लगता है कि करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री 29 साल के खिलाड़ी की तरह खेल रहे हैं और अगले कुछ वर्षों तक उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। यह पूछने पर कि क्या भविष्य में छेत्री की जगह लेने के लिए उन्होंने भारत में कोई खिलाड़ी ढूंढ लिया है तो स्टिमक ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि लोग सुनील की जगह लेने का जिक्र क्यों करते हैं, वह कहीं नहीं जा रहा। वह फिट है और शानदार कर रहा है।

## क्वालीफाइंग के चार दौर के बाद पुरुष ट्रैप स्पर्धा में युवा जंगशेर और काइनान शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** युवा जंगशेर सिंह और ओलंपिक काइनान चेनाई 63वीं राष्ट्रीय शाटगन निशानेबाजी चैंपियनशिप में गुरुवार को क्वालीफिकेशन के दूसरे दिन के बाद पुरुष ट्रैप स्पर्धा में संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। जंगशेर ने गुरुवार को डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में दोनों दौर में परफेक्ट 25 के स्कोर से कुल 50 अंक जुटाए। हैदराबाद के काइनान ने पहले दिन परफेक्ट 50 के बाद आज 25 और 23 अंक के दौर के साथ कुल 98 अंक जुटाए और वह जंगशेर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। क्वालीफिकेशन का एक और दौर तथा फाइनल शुक्रवार को खेला जाएगा।

**पहचान की अपील**



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** 70 साल, **कद:** 5'6", **शरीर:** पतला, **चेहरा:** लम्बा, **बाल:** ग्रे, **रंग:** सांवला, **पहनावा**– जिसने हरे रंग की टी–शर्ट और ब्राउन रंग का पजामा पहने हुए है। जो दिनांक **26.10.2019** को शंकर प्याऊ के सामने, सदर बाजार, दिल्ली से मृत पाया गया।

इस संदर्भ में **डीडी सं. 32–ए, दिनांक 26.10.2019** को **थाना–सदर बाजार, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना–सदर बाजार, दिल्ली
फोन: 011-23512411, 8750870124

DP/653/N/19

## खबर संक्षेप

### रूस और सीरियाई बलों के हमले में 21 की मौत

**बेरूत।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद के सुरक्षा बलों और सहयोगी देश रूस द्वारा विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्र इदलिब में किए गए हमलों में 10 बच्चों समेत 21 नागरिकों की बुधवार को मौत हो गई। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि असद के बलों ने जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल दागी जो तुर्की की सीमा से लगे काह गांव के निकट एक अस्थायी शिविर पर जा गिरी। इससे 15 नागरिकों की मौत हो गई, जिसमें छह बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा 40 लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि यह मिसाइल एक अस्पताल के निकट गिरी थी। इसके अलावा रूस के सैन्य विमानों ने मारेत-अल-नुमान को निशाना बनाया जिसमें चार बच्चों सहित छह नागरिकों की मौत हो गई।

### बुर्कीना फासो में 18 'आतंकवादी' मारे गए

**आउगादोयगु।** बुर्कीना फासो के उत्तरी हिस्से में एक पुलिस चौकी पर हमले की कोशिश के दौरान 18 'आतंकवादी' मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यहां सुरक्षा बल जिहादी विद्रोह को रोकने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पुलिस ने बुधवार को सोउम प्रांत के अर्बिंडा में हुए हमले के बाद एक बयान में कहा कि तत्काल प्रतिक्रिया के बाद इस हमले को नाकाम किया गया। बयान में बताया गया कि एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और सात अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। घटनास्थल से जिहादियों के हथियार, मोटरसाइकिल और जीपीएस उपकरण बरामद हुए हैं।

### थाई-लाओ सीमा पर 6.1 तीव्रता का भूकंप

**बैंकाक।** उत्तर पश्चिमी लाओस में थाईलैंड की सीमा के नजदीक बृहस्पतिवार सुबह 6.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार छह बजकर 50 मिनट पर आया। इससे नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप के झटके यहां से 700 किमी दूर थाईलैंड की राजधानी बैंकाक तक महसूस किए गए। थाईलैंड के मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लाओस में भूकंप के झटके छह बजकर 50 मिनट पर आए और उत्तर, उत्तर पश्चिमी थाईलैंड, बैंकाक तथा उपनगरों में भी महसूस किए गए।

महिन्दा राजपक्षे ने देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में ली शपथ

# दुनिया में पहली बार श्रीलंका में छोटा भाई राष्ट्रपति, बड़ा प्रधानमंत्री

एजेंसी ⏭ कोलंबो

दुनिया में शायद ही ऐसा कभी हुआ होगा, जब किसी देश में छोटा भाई राष्ट्रपति और बड़ा भाई प्रधानमंत्री हो, लेकिन श्रीलंका में ऐसा ही होने जा रहा है। हाल ही में श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिन्दा राजपक्षे ने रानिल विक्रमसिंघे के औपचारिक इस्तीफे के बाद गुरुवार को देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। वह नवनिर्वाचित राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के भाई हैं। वह अगस्त 2020 में आम चुनाव होने तक कार्यवाहक मंत्रिमंडल के प्रधानमंत्री रहेंगे।

महिन्दा राजपक्षे 2005 से 2015 तक श्रीलंका के राष्ट्रपति रह चुके हैं। 2018 में वह कुछ समय के लिए प्रधानमंत्री भी रहे थे। गोटबाया ने बुधवार को तब महिन्दा को प्रधानमंत्री पद के लिए नियुक्त किया जब मौजूदा प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने 16 नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में अपने कनिष्ठ सजीत प्रेमदास की हार के बाद पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। इससे पहले, महिन्दा को 26 अक्टूबर 2018 को तत्कालीन राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। सिरिसेना ने एक विवादास्पद कदम के तहत विक्रमसिंघे को बर्खास्त कर दिया था जिससे देश में अभूतपूर्व संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया था। देश के उच्चतम न्यायालय के दो महत्वपूर्ण आदेशों के बाद महिन्दा ने 15 दिसंबर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। महिन्दा राजपक्षे 1970 में 24 साल की उम्र में देश के सबसे युवा सांसद बने थे। अब वह 74 साल के हो चुके हैं। दोनों भाइयों-गोटबाया और महिन्दा ने निर्णायक कार्रवाई की जिसके तहत देश में लिट्टे के साथ तीन दशक से जारी गृहयुद्ध का खात्मा करने में मदद मिली।



### भारत ने कहा- श्रीलंका की नई सरकार के साथ करीब से मिलकर काम करने को तैयार



भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह श्रीलंका की नई सरकार के साथ करीब से मिलकर काम करने को तैयार है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमें उम्मीद है कि श्रीलंका की नई सरकार द्वीप देश के तमिल समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। प्रवक्ता ने कहा कि भारत नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का इच्छुक है। महिंदा राजपक्षे ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। हाल में ही महिंदा राजपक्षे के छोटे भाई गोटबाया राजपक्षे देश के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं।

### राजपक्षे भ्रष्टाचार के सभी आरोपों से मुक्त यात्रा प्रतिबंध भी हटा

श्रीलंका उच्च न्यायालय ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को गुरुवार को भ्रष्टाचार के सभी आरोपों से मुक्त कर दिया और साथ ही उनके विदेश यात्रा करने पर लगा प्रतिबंध भी हटा दिया। पश्चिमी प्रांत स्थित स्थायी उच्च न्यायालय ने राजपक्षे पर लगाया गया विदेश यात्रा प्रतिबंध हटा दिया और अदालत के रजिस्ट्रार से राष्ट्रपति का जब्त पासपोर्ट लौटाने को कहा। गोटबाया 29 नवम्बर को अपनी पहली विदेश यात्रा भारत की करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें भारत आने का आमंत्रण दिया था। 'न्यूज फर्स्ट' की एक खबर के अनुसार डिप्टी सॉलीसिटर जनरल दिलीप पीरिस ने अटॉर्नी-जनरल की ओर से पेश होते हुए अदालत को बताया कि संविधान के प्रावधान के अनुसार राष्ट्रपति के खिलाफ कोई भी दीवानी या फौजदारी मामला न तो दायर किया जा सकता है और न ही चलाया जा सकता है।

पाक में दो भारतीय अरेस्ट

# भारत ने की मांग- बिना नुकसान पहुंचाए करो वापस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- तेलंगाना और मध्य प्रदेश निवासी प्रशांत वैनधम और वरी लाल को 14 नवंबर को बहवालपुर में किया गया था गिरफ्तार
- पाक का दावा- अवैध तरीके से देश में हो रहे थे दाखिल

भारत ने पाकिस्तान में पकड़े गए दो भारतीय नागरिकों को राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराने की मांग की है। भारत ने साथ ही आशा जाहिर की है कि दोनों को पाक के प्रॉपेगैंडा का शिकार नहीं होना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना और मध्य प्रदेश निवासी प्रशांत वैनधम और वरी लाल को 14 नवंबर को बहवालपुर में गिरफ्तार किया गया था। पाकिस्तान पुलिस ने दावा किया है कि वैनधम और धारी लाल को 14 नवम्बर को यजमन पुलिस के एक गश्ती दल ने तब गिरफ्तार किया था, जब वह बहावलपुर जिले में चोलिस्तान क्षेत्र से अवैध तरीके से पाकिस्तान में दाखिल हो रहे थे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि हमें उम्मीद है कि दोनों पाकिस्तान के प्रॉपेगैंडा का शिकार नहीं होंगे। दोनों को बिना नुकसान पहुंचाए वापस भारत भेज देना चाहिए।

पाकिस्तानी अधिकारियों ने कथित रूप से देश में अवैध प्रवेश के लिए सोमवार को भारत के दो नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। मीडिया में आईं खबरों में यह जानकारी दी गई है। 'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार भारतीय नागरिकों की पहचान मध्य प्रदेश के निवासी प्रशांत और तेलंगाना के रहने वाले दारीलाल के रूप में हुई है। दोनों की सलामती के लिए भारत में लोग दुआ कर रहे हैं।

### राजनयिक पहुंच कराएं उपलब्ध

मंत्रालय ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान से मांग की है कि दोनों नागरिकों- प्रशांत वैनधम और धारी लाल को राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराई जाए, जिन्हें पाक अधिकारियों ने अरेस्ट किया है। उधर,हैदराबाद का रहने वाले प्रशांत के पिता बाबूराव ने दावा किया है कि उनका बेटा दो साल से लापता था। उन्होंने यह भी बताया कि वह पेशे से इंजिनियर है। बाबूराव ने बताया कि उन्होंने अप्रैल 2017 में मधुपुर पुलिस थाने में बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाबूराव हैरान हैं कि उनका बेटा किस तरह पाकिस्तान पहुंच गया।

*ईडी ने की बड़ी कार्रवाई*

# सात आतंकियों की 1.22 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त



**श्रीनगर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर में आतंकियों कमर तोड़ने वाली कार्रवाई की है। ईडी ने हिजबुल मुजाहिद्दीन के 7 आतंकियों की 1.22 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। ये कार्रवाई टेरर फंडिंग के मामले में हुई है। आतंकियों की यह संपत्ति जम्मू कश्मीर के अनंतनाग, बारामूला और बांदीपुरा में जब्त की गई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इन आतंकियों के खिलाफ जांच शुरू की थी, जिसके बाद ईडी ने मनी लॉड्रिंग के तहत आतंकियों की संपत्ति ज़ब्त करने की कार्रवाई की है। केंद्र सरकार द्वारा जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के तीन महीने से अधिक समय बाद, प्रवर्तन निदेशालय ने आतंक-वित्तपोषण के संबंध में हिजबुल मुजाहिदीन (एचयूएम) के प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन और अन्य की संलिप्तता मामले में सात संपत्तियों को अपने कब्जे में कर लिया है।

### ऐसा पहली बार

उन्होंने कहा, ऐसा पहली बार है जब हमने घाटी में इन संपत्तियों को अपने कब्जे में लिया है। पहले हमें संपत्ति को अपने अधीन करने के लिए दूसरी एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता था। उन्होंने कहा कि ये संपत्तियां अनंतनाग, सोपोर और बांदीपोरा में स्थित हैं। उन्होंने कहा कि सातों संपत्तियों को औपचारिक रूप से पहले ही जब्त कर लिया गया था। संबंधित अधिकारियों की पुष्टि के बाद, ईडी के अधिकारियों ने स्थान का दौरा किया था और वहां नोटिस चिपका दिया था।

## जयपुर फुट की दुनियाभर में पहुंच भारत की मानवीय पहल का विस्तार: श्रृंगला



**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत हर्ष वर्धन श्रृंगला ने कहा कि कृत्रिम पैर 'जयपुर फुट' का देश की सीमाओं को तोड़ कर विदेशों तक पहुंचना भारत की मानवीय पहल का विस्तार है। भारतीय दूतावास राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर यूएस कैपिटोल हिल में 'इंडिया फॉर ह्यूमैनिटी' कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस अवसर पर श्रृंगला ने कहा कि जयपुर फुट की भारत और विश्व के अन्य देशों में गतिविधियां भारत की मानवीय पहल का विस्तार हैं। उन्होंने कहा कि भारत के राजनयिक विमर्श में हम हमेशा अहम राजनीतिक,रणनीतिक और आर्थिक पहल की बातें करते हैं। लेकिन 'वसुधैव कुटुंबकम-यानी विश्व एक परिवार है' की हमारी सभ्यता के मूल्यों का पालन करते हुए मानवता की सेवा जैसे क्षेत्र में भारत की गहन रणनीतिक पहल जैसे कदम कम उजागर हैं।

केंद्र ने उच्चतम न्यायालय को बताया

# कश्मीर में पूर्ण बंद के आरोप लगाने वाली याचिकाएं गलत और अप्रासंगिक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्र ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद वहां लगाए गए प्रतिबंधों में ढील दी जा रही है और वहां पूर्ण बंद के आरोप लगाने वाली याचिकाएं गलत तथा अप्रासंगिक हैं। केंद्र तथा केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की ओर से पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति एनवी रमन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष अपनी दलीलें रखना शुरू किया और जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद क्षेत्र में लागू कुछ पाबंदियों को सही ठहराया। पीठ में न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति बी आर गवई भी शामिल हैं। मेहता ने पीठ को सूचित किया कि 13 अगस्त के बाद से क्षेत्र में पाबंदियों से छूट दी गई है और वहां पूर्ण बंद नहीं है जैसा कि याचिकाकर्ता बता रहे हैं।

### घाटी में चेतावनी वाले पोस्टरों के बाद दुकानदारों ने बंद रखे प्रतिष्ठान

**श्रीनगर।** कश्मीर के कुछ इलाकों में पोस्टर लगाकर दुकानदारों को दी गई चेतावनी बाद घाटी के अधिकतर हिस्सों में लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। सार्वजनिक परिवहन के वाहन भी सड़कों से नदारद दिखे। अधिकारियों ने कहा कि मध्य कश्मीर में श्रीनगर एवं गंदेरबल जिलों, दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग, कुलगाम, पुलवामा और शोपियां जिलों तथा उत्तर में कुछ जिलों में बंद का आह्वान किया गया।

## क्लिक...




लंदन में गुरुवार को टॉवर ब्रिज के सामने ग्रुप पॉज देतीं मिस वर्ल्ड की प्रतियोगी।

*भारत के योग गुरु नागेंद्र ने दी जानकारी*

# कैलिफोर्निया में योग शिक्षा के लिए जल्द बनेगा योग विवि

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन



योग प्रशिक्षण के साथ इस पर शोध के लिए अमेरिका के कैलिफोर्निया में जल्द ही एक योग विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। भारत के एक योग गुरु ने इस बारे में जानकारी दी। योग अमेरिका में भी मशहूर हो चुका है और देश के विभिन्न हिस्सों में इसके स्टूडियो खुल चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दुनिया भर में मनाए जाने वाले कार्यक्रमों के कारण पिछले कुछ साल में इसे और ज्यादा लोकप्रियता मिली है। भारत में विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान के चर्चित योग गुरु एच आर नागेंद्र ने यहां 'इंडिया फॉर ह्यूमेनिटी' कार्यक्रम में कहा कि जल्द ही हम कैलिफोर्निया में विवेकानंद योग विश्वविद्यालय शुरू करने जा रहे हैं। महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के तहत अमेरिका की राजधानी में भारतीय दूतावास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नागेंद्र ने कहा कि सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं।

7100 करोड़ रुपये की रक्षा खरीद को लेकर अमेरिका ने दी मंजूरी

# भारत को मिलेगी 13 नौसैनिक तोपें

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन




- इस सौदे को विदेशी सैन्य बिक्री के तहत स्वीकृति दी गई
- इन तोपों को अमेरिकी रक्षा विभाग ने नौसैनिक ऑपरेशनों के लिए तैयार किया

अमेरिका ने भारत को 13 एमके-45 नौसैनिक तोप बेचने को मंजूरी दे दी है। सभी उपकरणों के साथ इसकी कीमत 7100 करोड़ रुपए होगी। अमेरिका के रक्षा सौदों को मंजूरी देने वाली रक्षा सुरक्षा और सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी।

इस सौदे को विदेशी सैन्य बिक्री के तहत स्वीकृति दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इन तोपों को अमेरिकी रक्षा विभाग ने नौसैनिक ऑपरेशनों के लिए तैयार किया है। भारत को इनका अपग्रेडेड वर्जन सौंपा जाएगा, जिसके बैरल की लंबाई अपेक्षाकृत ज्यादा होगी। एमके-45 तोप युद्धपोतों से सतह और हवाई हमले करने में सक्षम हैं। डीएससीए ने सौदे के लिए अनिवार्य प्रमाणीकरण जारी कर दिया है। दरअसल, किसी भी सौदे को मंजूरी देने के लिए एजेंसी एक महीने का समय लेती है। इस अवधि में सौदे से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। इस सौदे के अंतर्गत तोप लगाने के काम आने वाले 3500 प्रोजेक्टाइल, गोला-बारूद, कलपुर्जे समेत अन्य उपकरण भी भारत को बेचे जाएंगे।

### सैन्य असंतुलन पैदा नहीं होगा: डीएससीए

अमेरिकी रक्षा एजेंसी सौदे के मुताबिक, इन बंदूकों की बिक्री से क्षेत्र में सैन्य असंतुलन पैदा नहीं होगा। एमके-45 तोप का निर्माण लुइसविल और केंटकी में किया जा रहा है। एजेंसी ने कहा है कि सौदे के तहत बंदूकों को भारत पहुंचाने का खर्च भी अमेरिका ही वहन करेगा। तकनीकी डाटा और अन्य आवश्यक सहयोग साझा पर भी सहमति बनी है। अमेरिका भारतीय सैनिकों को इन तोपों को चलाने का प्रशिक्षण भी देगा। इन तोपों के मिलने से भारतीय नौसेना की समुद्री ऑपरेशनों की क्षमता बढ़ेगी। भारतीय युद्धपोत इनकी मदद से अमेरिकी नौसेना और अन्य नौसेनाओं के साथ मिलकर सटीक सुरक्षा अभियान चला सकेंगे। एमके-45 के आने के बाद भारतीय नौसेना समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और भविष्य के खतरों से प्रभावी ढंग से निपट सकेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109